धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
07.02.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 207



12 अनधिकृत अप्रवासियों की वापसी नियमों के अनुसार

## न्यूज डायरी

### पहले वनडे में भारत ने इंग्लैंड को हराया

**नागपुर।** रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (87), अक्षर पटेल (52) और श्रेयस अय्यर (59) की पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को पहले वनडे में इंग्लैंड को चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरूआत खराब रही। कप्तान रोहित शर्मा (दो), यशस्वी जायसवाल (15) रन बनाकर आउट हो गये। शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने पारी संभाली। भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। रवींद्र जडेजा ने विजयी चौका मारा।

### डैब्यू मैच में हर्षित राणा ने बनाया यूनिक रिकॉर्ड

**नागपुर।** वनडे में भारतीय टीम के लिए हर्षित राणा ने डैब्यू किया। पहले ही मुकाबले में यूनीक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। वह ऐसे केवल दूसरे भारतीय प्लेयर हैं जिन्होंने टी20 और वनडे डैब्यू में कम से कम तीन विकेट झटके। इससे पहले बरिंदर सरां ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में 3 विकेट लिए थे। हर्षित तीनों प्रारूपों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी भी है।

### हाइवा ने बाइक सवार दो को कुचला, मौत

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर एक हाईवा ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। रजरप्पा थाना क्षेत्र के मुरुबंदा तालाब के पास हाईवा का टायर बाइक सवारों को ऐसे कुचला की उनका सिर ही धड़ से अलग हो गया। गुरुवार को हुए इस हादसे में दोनों बाइक सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हाईवा चालक गाड़ी छोड़कर ही फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को घंटों जाम रखा गया। मृतकों की पहचान गोला थाना क्षेत्र के डभातू गांव निवासी पवन कुमार दांगी और सिकंदर मुंडा के रूप में हुई है।

### मौसम में अभी जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में उतार चढाव होगा। आनेवालों दिनों में अभी हल्की ठंड रहेगी। अगले दो-तीन दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस गिरावट होगी। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री की बढोतरी होगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रांची और इसके आसपास के इलाकों में आंशिक बादल छाया रहा। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री अधिक है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 79200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 99000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# कलाकारों व खिलाड़ियों से समृद्ध है झारखंड : कुलाधिपति

## आरयू के फर्स्ट स्पोर्ट्स कनवोकेशन में 11 गोल्ड समेत 156 मेडल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा झारखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। कलाकारों और खिलाड़ियों से भरा पड़ा है। उन्हें सही ढंग से तराशने की जरूरत है। पूर्णिमा, सुमराय, सरोजनी, सलीमा, महेंद्र सिंह धोनी सहित कई आरयू से पढ़े अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायी। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ज्ञान अर्जन तक सीमित न रहकर खेल, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। वह गुरुवार को आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य के विश्वविद्यालयों के इतिहास में पहली बार स्पोर्ट्स सह कल्चरल कन्वोकेशन में बोल रहे थे। इसमें कुल 120 खेल और कला प्रतिभाओं के बीच 156 मेडल वितरित किये गये।

### इन्हें मिला गोल्ड मेडल

वूडबॉल टीम इवेंट में आशुतोष कुमार ,सौरभ कुमार, रोशन लिंडा, शुभम कुमार शर्मा, प्रियांशू किस्पोप्ता, नितिश सुरीन, रितिक उरांव। **वूडबॉल इंडिविजुअल/ मिक्स इवेंट में :** वर्षा खलखो, उमेश मंडल। वेस्टर्न वोकल सोलो गायन में यामिमा कच्छप। क्ले मॉडलिंग तथा इंस्टालेशन में गौरव पाल। शूटिंग चैंपियनशिप में अजय नाग और निशांत सिंह को स्वर्ण पदक और यह दोनों खिलाड़ी को वर्ल्ड मास्टर गेम 2025, ताइवान के लिए भी चयनित किया गया है।

### इन्हें किया गया सम्मानित

समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति श्री गंगवार ने नेशनल, जोनल और स्टेट लेवल पर शानदार प्रदर्शन करने वाले 11 खेल और कला प्रतिभाओं को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि मनोहर टोप्पो, पद्मश्री मधु मंसुरी और वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने 82 को सिल्वर मेडल और ब्रांज मेडल कर सम्मानित किया। इससे पहले वीसी डॉ। अजीत कुमार सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खेल और कला प्रतिभाओं पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। (शेष पेज 11 पर)

### अच्छी परंपरा

राज्यपाल ने आरयू द्वारा पहली बार आयोजित सपोर्ट्स कनवोकेशन की सरहाना की। साथ ही कहा कि अच्छी परंपरा की शुरूआत हुई है। वीसी ने कहा कि पूर्वी जोन में स्पोर्ट्स कनवोकेशन आयोजित करने वाला पहला राज्य है। आरयू खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने को लेकर प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि मनोहर टोप्पो ने कहो कि अनुशासन में रहकर और कठोर परिश्रम से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## राजभवन उद्यान की खूबसूरती ने सबका मन मोहा




**रांची में राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। 12 फरवरी तक उद्यान आमलोगों के लिए खुला रहेगा। पहले दिन 2,070 लोगों ने राजभवन के उद्यान का दीदार किया। इस दौरान स्कूली बच्चों की खुशी देखते बन रही थी। बच्चों ने राजभवन के उद्यान में मौजूद झूलों का भी लुत्फ उठाया। राजभवन में कई खूबसूरत उद्यान हैं। यहां के अशोक उद्यान में 100 से ज्यादा गुलाब के फूलों की किस्में हैं जो यहां के वातावरण में खूशबू बिखेरती हैं।**

## सीएम का दौरा सफल, 26 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

# अंबानी समेत कई निवेशक जल्द आयेंगे झारखंड

### बंगाल बिजनेस समिट में हेमंत ने निवेशकों से की बात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोलकाता में आयोजित बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी से मुलाकात हुई। सीएम ने उन्हें झारखंड की औद्योगिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए यहां आने का आमंत्रण भी दिया, जिसे श्री अंबानी ने स्वीकार किया। उन्होंने शीघ्र ही झारखंड आने की सीएम से बात कही। सीएम ने जेएसडब्ल्यू के चेयरमैन सज्जन जिंदल, आरपीएसजी ग्रुप के संजीव गोयनका के साथ भी बैठक और उन्हें झारखंड आने का आमंत्रण दिया। हेमंत सरकार के मुताबिक उद्यमियों/निवेशकों ने झारखंड में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे 15 हजार से ज्यादा रोजगार सृजित होगा। समिट के तहत आयोजित एडवांटेज झारखंड में उद्यमियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्यम स्थापित करने की योजना की विस्तार से जानकारी दी। निवेशकों ने नये उद्यम लगाने के विस्तार के प्लान से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। (शेष पेज 11 पर)

### हेमंत ने कल्पना संग मां काली दरबार में लगायी हाजिरी



बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट के आठवें संस्करण में शिरकत करने के बाद गुरुवार की सुबह सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ कालीघाट शक्तिपीठ मंदिर पहुंचे और मां काली की विधि विधान से पूजा की। दोनों ने झारखंड की उन्नति, सुख, समृद्धि, शांति तथा खुशहाली की कामना की। इस दौरान सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे। कालीघाट में काली मां का प्राचीन मंदिर जो 51 शक्तिपीठों में से एक है।

## हादसे में मौत पर कर्मियों के आश्रितों को एक करोड़ मुआवजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। अगर नौकरी के दौरान किसी कर्मचारी की दुर्घटना में मौत हो जाती है, तो उसके परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। यह सुविधा पहले सिर्फ पुलिसकर्मियों को मिलती थी, लेकिन अब इसे सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू करने की तैयारी हो रही है।

**क्या है इस योजना के नियम**

इस योजना का लाभ केवल उन्ही कर्मचारियों को मिलेगा, जिनका सैलरी अकाउंट एसबीआई में है। जिन कर्मचारियों का खाता किसी और बैंक में है, उन्हें इस योजना का लाभ लेने के लिए एसबीआई में खाता खुलवाना होगा।

**किन कर्मचारियों को मिलेगा इसका लाभ :** इस योजना का लाभ झारखंड सरकार के सभी सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा, जिनका सैलरी अकाउंट एसबीआई में है। फिलहाल झारखंड में करीब 1.75 लाख सरकारी कर्मचारी हैं, जिनमें 70 हजार पुलिसकर्मी शामिल हैं। पुलिसकर्मियों के लिए यह योजना पहले से लागू है। अब इसे अन्य कर्मचारियों के लिए भी लागू किया जा रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

# सेना के चोरी गये एके 47 से हुई थी हत्या, दो गिरफ्तार

**नगड़ी डबल मर्डर कांड**

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। नगड़ी में हुए डबल मर्डर मामले का खुलासा रांची पुलिस ने कर लिया है। मंगलवार को मनोज और बुधराम की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जांच में खुलासा हुआ है कि मनोज और बुधराम की हत्या एके-47 राइफल से की गयी थी।

पुलिस ने एके 47 राइफल भी बरामद कर लिया है। एक महीने की छुट्टी पर आये सेना के जवान मनोरंजन टोपनो ने घटना को अंजाम दिया था। अंजाम दिया था। अभी उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में है। वह अपने यूनिट से चोरी कर एके 47 राइफल लेकर आया था। उसी राइफल से मनोरंजन टोपनो ने मनोज और बुधराम की गोली मार कर हत्या कर दी थी। एसएसपी ने बताया कि रांची पुलिस ने मनोरंजन टोपनो को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एके 47 और कुछ कारतूस बरामद किया गया है। रांची एससपी चंदन कुमार सिन्हा ने इस मामले को ले कर स्पेशल टीम गठित की थी। (शेष पेज 11 पर)

# जैक को मिला अध्यक्ष 11 से ही होंगी परीक्षाएं

### आज से डाउनलोड किये जा सकेंगे एडमिट कार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) को नटवा हांसदा के रूप में नया अध्यक्ष मिल गया है। हां, उपाध्यक्ष का इंतजार अब भी है। नये अध्यक्ष ने गुरुवार को जैक में योगदान भी कर दिया है। योगदान के साथ ही जैक अध्यक्ष ने कहा कि अब मैट्रिक और इंटर की परीक्षा तय समय पर होगी। सचिव जयंत मिश्रा के साथ बैठक के बाद अध्यक्ष ने कहा कि शुक्रवार से एडमिट कार्ड डाउनलोड किये जायेंगे। बताते चलें कि राज्य सरकार ने राजकीय महिला पॉलिटेक्निक रांची के सेवानिवृत प्रभारी प्राचार्य डॉ नटवा हांसदा को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) का अध्यक्ष बनाया है। इनकी नियुक्ति तीन वर्षों के लिए की गयी है। (शेष पेज 11 पर)

## तमाशा करने वालों को क्या खबर... शायराना अंदाज में कांग्रेस पर हमला

# उनका मॉडल फैमिली फर्स्ट, हमारा नेशन फर्स्ट : मोदी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए शायराना अंदाज में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा - तमाशा करने वालों को क्या खबर, हमने कितने तूफानों को पार कर, दीया जलाया है...। सदन में एक के बाद एक कई शेर पढ़े। उन्होंने शामिल होने वाले सभी सांसदों का आभार प्रकट किया। अपने भाषण में उन्होंने गांधी परिवार पर सीधा प्रहार किया और कहा, कांग्रेस का मॉडल है फैमिली फर्स्ट और हमारा नेशन फर्स्ट। उन्होंने एक बार फिर 'सबका साथ, सबका विकास' को लेकर अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, कांग्रेस से यह उम्मीद करना कि वह इस नारे को समझेगी और यह कैसे काम करता है, एक बड़ी भूल होगी। पूरी पार्टी सिर्फ. एक परिवार के लिए समर्पित है। इसलिए उनके लिए 'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्श वाक्य के साथ काम करना असंभव है। कांग्रेस के कालखंड में अटकाना-भटकाना और लटकाना उनकी संस्कृति बन बन गयी थी।

**राष्ट्रपति का भाषण प्रेरक और प्रभावी :** पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत की उपलब्धियों के बारे में, दुनिया की भारत से अपेक्षाओं के बारे में और भारत के सामान्य मानवी का आत्मविश्वास, विकसित भारत का संकल्प जैसे सभी विषयों की विस्तार से चर्चा की थी। देश को आगे की दिशा भी उन्होंने दिखायी। राष्ट्रपति का अभिभाषण प्रेरक भी था, प्रभावी भी था और हम सब के लिए भविष्य का मार्गदर्शक भी था। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसदों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने विचार व्यक्त किए। (शेष पेज 11 पर)

### संसद में दिखा मोदी का शायराना अंदाज

अभिभाषण धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने शायराना अंदाज में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- तमाशा करने वालों को क्या खबर, हमने कितने तूफानों को पार कर, दीया जलाया है...। उन्होंने प्रसिद्ध कवि गोपाल दास 'नीरज' की एक कविता की कुछ पंक्तियां भी पढ़ी- है बहुत अंधियार अब सूरज निकलना चाहिए, जिस तरह से भी हो ये मौसम बदलना चाहिए। 'मेरे देश उदास न हो, फिर दीप जलेगा, तिमिर ढलेगा'। इसी क्रम में मोदी ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की भी एक कविता पढ़ी-'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।

## नगड़ी टोल प्लाजा संवेदक का समझौता रद्द होगा

### गडकरी ने सांसद सुखदेव भगत को दिया भरोसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** नगड़ी में हुए टोल प्लाजा पर हुए हादसे को लेकर सांसद सुखदेव भगत गुरुवार को केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिले। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि टोल प्लाजा संवेदक की लापरवाही के कारण इतनी बड़ी घटना हुई जिसमें दो की मौत हो गयी।

सांसद ने संवेदक पर शीघ्र कार्रवाई करने की बात कही और भविष्य में झारखंड में इस तरह का घटना का पुनरावृति नहीं हो। केंद्रीय मंत्री ने सांसद की बातों को गंभीरता से सुना और विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए टोल प्लाजा संवेदक का समझौता को रद्द करने के साथ उस पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। मंत्री ने कहा इस मामले में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि दो दिन पूर्व नगड़ी थाना क्षेत्र के इटकी रोड में स्थित टोल प्लाजा का एक खंबा वहां पर से गुजर रहे ऑटो पर गिर गया था। हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी थी और कई घायल हो गये थे। हादसे के बाद टोल प्लाजा के कर्मी वहां से फरार हो गये थे।

खबर एक नजर में

## डुमरी विधायक जयराम ने केंद्र से बकाया राशि की मांग पर सीएम का किया समर्थन

**रांची।** केंद्र से बकाया 1.36 लाख करोड़ राशि की मांग पर झारखंड के डुमरी विधायक जयराम महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार झारखंड को उसका बकाया राशि नहीं देती है, तो वे राज्य की तमाम खदानों को बंद कराने के लिए तैयार हैं। जयराम महतो ने कहा कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे और राज्य की खदानों को बंद कराने के लिए तैयार हैं। केंद्र सरकार को झारखंड का बकाया राशि देने के लिए विवश करेंगे।

## सीएम हेमंत को हाइकोर्ट से राहत बरकरार अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय लिया गया। जिसके बाद अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई के लिए आठ सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। साथ ही अदालत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक के लिए विस्तार दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। जिसमें उन्होंने अदालत से यह गुहार लगाई है कि चाईबासा जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द की जाये।

## कैश कांड मामले में दो आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई पूरी

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को 50 लाख कैश कांड मामले में आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार एवं कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश शुक्रवार को सुनायेगी। राजीव कुमार ने बीते 9 दिसंबर को और अमित अग्रवाल ने 20 जनवरी को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नगद के साथ कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

## जेपीएससी मेधा घोटाले के दो आरोपियों की एबीपी पर हुई सुनवाई

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के दो आरोपी सुदर्शन मुर्मू एवं स्मिता कुमारी की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका पर शुक्रवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। दोनों अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए बुधवार को याचिका दाखिल की है। गुरुवार को मामले के एक और आरोपी योगेंद्र प्रसाद ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। मामले में अब तक उक्त तीन के साथ अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं कुमुदिनी टुडू की ओर से अग्रिम जमानत याचिका की गई है।

## मधु कोड़ा की याचिका पर आयकर विभाग ने जवाब के लिए समय मांगा

**रांची।** पूर्व सीएम मधु कोड़ा की अवमानना याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए आयकर ने गुरुवार को हाईकोर्ट से समय देने का आग्रह किया। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने आग्रह स्वीकार करते हुए सुनवाई मार्च में निर्धारित कर दी।

मधु कोड़ा ने अवमानना याचिका में कहा है कि आय से अधिक संपत्ति मामले में उनके खिलाफ जिन लोगों ने गवाही दी है, उनके प्रति परीक्षण का मौका मधु कोड़ा के वकील को नहीं दिया गया। इसके खिलाफ मधु कोड़ा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर हाईकोर्ट ने गवाहों के क्रॉस एग्जामिनेशन करने का आदेश दिया था। आदश के बाद भी गवाहों का क्रॉस एग्जामिनेशन नहीं कराया गया है।

## उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर की याचिका पर हाईकोर्ट में अब 20 फरवरी को सुनवाई

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झावर की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। हाईकोर्ट अब इस मामले में 20 फरवरी को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में राजीव झंवर की अग्रिम बेल पर सुनवाई हुई। इससे पहले वर्ष 2023 में रांची पीएमएलए की स्पेशल में राजीव झंवर को अग्रिम बेल देने से इंकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक का रुख किया था। दरअसल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपए से जुड़े आयरन ओर के केस में ईडी कोर्ट में चार्जशीट दायर कर दी है। ग्उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरूआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। जिसे टेकओवर करते हुए दो अक्तूबर 2021 को इडी ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा हुआ है। इसी मामले में उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया समेत अन्य लोग आरोपी हैं।

### भाजपा ने राज्य सरकार पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी का लगाया आरोप

# डीजीपी नियुक्ति विवाद को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणी छोड़कर मुद्दों पर बात करे राज्य सरकार: अजय साह

डीजीपी नियुक्ति मामला

- यूपीएससी की अनदेखी क्यों, सरकार से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के समर्थन में झामुमो के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। श्री शाह गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो प्रवक्ता ने मूल मुद्दों पर जवाब देने के बजाय केवल बाबूलाल मरांडी पर व्यक्तिगत कटाक्ष किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि झामुमो भी इस सच्चाई को स्वीकार कर चुका है कि अनुराग गुप्ता की डीजीपी के रूप में नियुक्ति पूरी तरह असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि डीजीपी नियुक्ति प्रक्रिया में यूपीएससी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह एक संवैधानिक संस्था है और सुप्रीम कोर्ट ने इसे डीजीपी चयन प्रक्रिया के लिए



अधिकृत किया है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी के सदस्य को चयन पैनल में शामिल किये बिना डीजीपी की नियुक्ति करना संविधान का सीधा उल्लंघन है। प्रकाश सिंह केस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिये थे कि डीजीपी की नियुक्ति केवल यूपीएससी पैनल की सिफारिशों के आधार पर ही होनी चाहिये।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस संवैधानिक उल्लंघन को छिपाने के लिये गोल-मोल बातें कर रही है। इस पर पारदर्शी जवाब दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए सेवा विस्तार या सेवानिवृत्ति आयु को बढ़ाने की पूरी शक्ति केंद्र सरकार के पास होती है। हालांकि, झामुमो ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। उन्होंने बताया कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में डीजीपी की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुरूप यूपीएससी पैनल के माध्यम से की गई है। झामुमो प्रवक्ता को उत्तर प्रदेश का ठीक से अध्यन करना चाहिये। उत्तर प्रदेश सरकार ने नियम विरूद्ध जाकर डीजीपी की ऐसी कोई भी नियुक्ति नहीं की है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार लगातार संवैधानिक प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि हेमंत सरकार खुद को संविधान और सर्वोच्च न्यायालय से ऊपर मान रही है। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी थे।

## राज्य के आठ हजार कुष्ठ रोगियों को आर्थिक सहायता देगी हेमंत सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने कुष्ठ रोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना शुरू की है। हेमंत की सरकार हर अनछुए पहलूओं को छूने की कोशिशा कर रही है। इसी कड़ी में कुष्ठ रोगियों के लिए के लिए योजना बनायी गयी है। इसके तहत उन्हें हर महीने 500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना राज्य के 4000 कुष्ठरोगियों से शुरू हुई है, लेकिन इस वर्ष 8000 लोगों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है।

### क्या है इस योजना की खासियत

- पुराने मरीजों को 12 महीने और नए मरीजों को छह महीने की उपचार अवधि तक प्रति माह 500 रुपये देने का प्रावधान किया गया है।
- राज्य स्वास्थ्य विभाग की पहल पर केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद देश का पहला राज्य बन गया है, जो अब घर-घर जाकर कुष्ठ मरीजों की खोज कर रहा है।
- राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी) के तहत राज्य में कुष्ठ रोग का बोझ कम करने, विकलांगता को कम करने और जनता को जागरूक करने के लिए काम किया जा रहा है।
- स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान और कुष्ठ खोज अभियान
- राज्य से कुष्ठ के उन्मूलन को लक्ष्य रखते हुए, स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान और कुष्ठ खोज अभियान शुरू किए गए हैं।
- यह अभियान 30 जनवरी को शुरू हुआ और 14 फरवरी तक चलेगा।
- स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि सभी जिलों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है और लगभग 13,500 गांवों में कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है।

## स्पीकर रबींद्रनाथ पुणे सम्मेलन में होंगे शामिल



**रांची।** स्पीकर रबींद्रनाथ महतो शुक्रवार को पुणे रवाना होंगे। वह 14वें नेशनल कॉन्क्लेव भारतीय छात्र संसद की अध्यक्षता करेंगे और रेवड़ी कल्चर, राजकोषिय बोझ या जरूरी सहयोग विषय पर व्याख्यान देंगे। रबींद्रनाथ महतो एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के लिये रवाना होंगे। शुक्रवार को पुणे रवाना होंगे। मंत्री इरफान अंसारी एवं झारखंड विधानसभा के कुछ सदस्य भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## वैश्य और ओबीसी समुदाय के घोर विरोधी हैं बाबूलाल : महेश्वर साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने बाबूलाल मरांडी को वैश्य एवं ओबीसी विरोधी बताया है। गुरूवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने एक बार फिर अपना वैश्य एवं ओबीसी विरोधी चेहरा दिखा दिया है। वैश्य समाज से आने वाले तेज-तर्रार, ईमानदार आईपीएस अधिकारी और झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ अनर्गल बयान देकर यह साबित कर दिया है कि वे वैश्य समाज को अपनी वर्तमान पार्टी से दूर करके ही मानेंगे।



उन्होंने ही ओबीसी का आरक्षण 27% से घटा कर 14% कर दिया था। जिसका खामियाजा आज भी ओबीसी वर्ग को भुगतना पड़ रहा है। हर सरकारी बहाली में ओबीसी को 13% का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मौके पर हीरानाथ साहु, अश्विनी कुमार साहु, सुरेश साहु, उपेन्द्र प्रसाद, कपिल प्रसाद साहु, कृष्णा साहु, अनिल वैश्य, राजेन्द्र साहु, मुकेशलाल सिंदूरिया, संजय साहु, रेणू देवी, हलधर साहु, युवराज साहु, कुमार चाणक्य थे।

## जातीय गणना का बजटीय प्रावधान चाहती है कांग्रेस, झामुमो और राजद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस झारखंड में जातीय गणना को लेकर बजटीय प्रावधान चाहती है। इस मसले को लेकर बीते दिनों प्रदेश कांग्रेस की हुई उच्च स्तरीय बैठक में जोरदार ढंग से उठाया गया था। नेताओं ने कहा था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी राष्ट्रीय स्तर पर लगातार जातीय गणना कराने की मांग कर रहे हैं। इस स्थिति में झारखंड में भी जातीय गणना कराने की पहल सरकार को करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि सरकार को चाहिए कि झारखंड के वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट में ही इसका बजटीय प्रावधान हो।

ज्ञात हो कि बीते दिनों कांग्रेस की अबुआ बजट परिचर्चा एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक में यह सहमति बनी थी कि जब राज्य में भारी बहुमत से दोबारा गठबंधन की सरकार बनी है तो जातीय गणना कराने में देरी करने की जरूरत नहीं है। इसी वर्ष के आम बजट में जातीय सर्वे या गणना कराने के लिए बजटीय वित्तीय प्रावधान हो ताकि जनता में एक मैसेज जाए।

इस संबंध में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू और युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा है कि उनके नेता राहुल गांधी देश भर में जातीय गणना कराने की मांग कर रहे हैं।

**बजटीय प्रावधान पर झामुमो और राजद को आपत्ति नहीं** : इधर कांग्रेस द्वारा इसी वर्ष के आम बजट में जातीय गणना कराने के लिए बजटीय प्रावधान करने की मांग पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि राज्य की सरकार में कांग्रेस कोटे के ही वित्त मंत्री हैं, आपस में मिल बैठकर बजटीय प्रावधान का फैसला कर लें, झामुमो को इसमें कोई आपत्ति नहीं है। वहीं झारखंड राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने इस मसले पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके नेता लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव शुरू से ही जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी के समर्थक रहे हैं।

## तथ्य छिपाने पर सरकार पर दो लाख का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में गुरुवार को पत्थर खनन लीज निरस्त करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने तथ्य छिपाने पर नाराजगी जताते हुए सरकार पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने उक्त राशि प्रार्थी को भुगतान करने का निर्देश दिया है। साथ ही पलामू उपायुक्त और खान आयुक्त के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिससे प्रार्थी का खनन लीज निरस्त किया गया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राहुल कुमार ने अदालत को बताया कि आनंद कुमार सिंह को पलामू जिले में पत्थर खनन का लीज मिला था लेकिन बिना सूचना और पक्ष सुने ही उनका लीज निरस्त कर दिया गया। पलामू उपायुक्त के आदेश का हवाला देकर जिला खनन पदाधिकारी ने लीज निरस्त करने का आदेश पारित किया, लेकिन उपायुक्त के आदेश से संबंधित दस्तावेज प्रार्थी को नहीं दिया गया।

## अमेरिका से प्रवासी भारतीयों की वापसी देश का अपमान : झामुमो

- जब मोदीजी महाकुंभ में डुबकी लगा रहे थे, उसी वक्त बेड़ियों में जकड़े भारतीय अमेरिकी सेना के विमान से उतारे जा रहे थे, यह देश का अपमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों की वापसी जिस तरह से हुई है, उसे झामुमो ने देश का अपमान बताया है। इसे लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव ने केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टचार्या ने कहा कि 5 फरवरी का दिन देश के लिए बेहद शर्मनाक रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ में डुबकी लगा रहे थे, तब अमृतसर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बेड़ियों में जकड़े भारतीय अपमान का घूंट पीकर अमेरिकी



सेना के हवाई जहाज से उतारे जा रहे थे। आज पूरा देश खुद को अपमानित महसूस कर रहा है।

**2014 के बाद रोजगार घटा तो लोगों का विदेश जाना बढ़ा** : सुप्रियो ने कहा कि पिछले महीने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण के बाद जो संदेश दिया था वह बहुत असामान्य था। अमेरिका में रहकर वहां के आर्थिक विकास में अपनी सेवाएं देने वाले भारतीय लोगों के साथ जो व्यवहार अमेरिका ने किया है वह अमानवीय है। वर्ष 2014 के बाद जब देश में एनडीए और पीएम मोदी की सरकार बनी तो देश में रोजगार समाप्त होते गए। ऐसे में जुगाड़ लगाकर बड़ी संख्या में लोग दूसरे देश जाने लगे।

झामुमो ने कहा कि संसद में प्रस्तुत किये गए एक आंकड़े के अनुसार 2014 से 2024 तक लगभग 50 हजार लोगों ने भारतीय नागरिकता को त्याग कर दूसरे देशों की नागरिकता ग्रहण की। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि आज देश की भाजपा सरकार नेहरू जी के समय से चली आ रही पंचशील के सिद्धांत और इंदिरा गांधी की गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को ताक पर रख दिया। इन्होंने विदेश नीति को इवेंट बना दिया। किसी देश के राष्ट्रपति को झूला झूला देना, किसी देश के राष्ट्रपति को नमस्ते कर देना। यही नीतियां रही हैं, इसका प्रतिफल मिलना ही था।

**चुप क्यों हैं भाजपा नेता** : सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के वे नेता जो झारखंड आकर घुसपैठ की बात करते थे वह आज चुप क्यों हैं। भाजपा नेताओं में थोड़ी भी लज्जा बची है तो उन्हें इस पर जवाब देना चाहिए।


इंस्टीच्युट ऑफ कंप्युटर अकाउंटेंट्स - फाउंडेशन (ICA Foundation)
5, सीता भगव (स्मार्ट बाजार के सामने)
मेन रोड, राँची - 834001
प्रायोजक - सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्युट लिमिटेड
CCMPDIL एक मिनिरत्न कंपनी
सीएमपीडीआई cmpdi

निःशुल्क रोजगारुन्मुख कार्यक्रम

इंस्टीच्युट ऑफ कंम्पयुटर अकाउंटेंट्स - फाउंडेशन एक कंप्युटर अकाउंटेंट संस्थान है। जो कि प्रमाणित औद्योगिक लेखाकार का कोर्स प्रदान करता है। जिसमें लेखांकन काराधन और पीडीपी का ज्ञान देता है। ICA, वैसे उम्मीदवार जो सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि राँची के स्थानीय निवासी है, को नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र | पाठ्यक्रम का नाम | कुल सं0 | न्युनतम शैक्षणिक योग्यत | कार्यक्रम अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Sr. Associate - Transaction F & A | 90 | 12वीं पास | 500 Hrs |

आवश्यक योग्यता :
1. सी.एम.पी.डी.आई.एल के परियोजना क्षेत्र (राँची) के उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
2. उम्मीदवारों का चयन SC, ST वर्गो से किया जाएगा।
3. उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष होनी चाहिए।
4. प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौराण प्रशिक्षण सामग्री निःशुल्क प्रदान किया जायेगा।
5. यदि उम्मीदवारों की संख्या आवश्यक सीमा से अधिक हुई तो, लिखित परीक्षा अथवा कांउसिलिंग के माध्यम से चयन किया जायेगा।
6. काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किये जाने पर किसी प्रकार का TA/DA प्रदान नहीं किया जायेगा।
7. पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण समाप्तोपरांक, पदर्शन के आधार पर रोजगार हेतु सहयोग दिया जायेगा।
8. ICA न्यूटतम 80 प्रतिशत सुनिश्चित करता है।
9. इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज :
1. शैक्षणिक योग्यता, 2. जाति - प्रमाण पत्र, 3. आवासीय प्रमाण पत्र, 4. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतियों और 3 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न कर विज्ञापन संख्या, अपना नाम, पिता का नाम, मो नं - जाति एवं पूर्ण पत्राचार का पता अंकित कर उपर्युक्त पते पर आवेदन करें।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 10.02.2025
काउंसलिंग तिथि - 12.02.2025
प्रशिक्षण प्रारंभ तिथि - 15.02.2025

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
फोन नं : 8877188888, 7033333362 | ई मेल : jh.ranchi@icagroup.in

विज्ञापन संख्या :
दिनांक :


### नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने दी चेतावनी, कहा

# पार्टी में गुटबाजी और खींचतान बर्दाश्त नहीं

**सत्येन्द्र**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी कि दो दिनों तक चली बैठक में नगर निकाय चुनाव एवं कांग्रेस संगठन को राज्य में धारदार बनाने को लेकर गहन चिंतन-मंथन हुआ। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की मौजूदगी में हुई इस बैठक में सबसे ज्यादा फोकस आसन्न नगर निकाय चुनाव एवं संगठन विस्तार रहा।

बैठक में कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से मिले फिड बैक को प्रदेश प्रभारी ने गंभीरता से लिया एवं संगठन को मजबूत बनाने में व्यवधान उत्पन्न करनेवाले नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को अप्रत्यक्ष रूप से गंभीर चेतावनी भी देते हुए कहा कि यह किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हमें झारखंड में संगठन की मजबूतीकरण की दिशा में काम करना होगा। आने वाले कुछ दिनों के अंदर सभी के सुझावों के अनुरूप प्रदेश कमेटी का गठन कर



दिया जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती के लिए काम करने वालों को ही कमेटी में जगह मिलेगी।

श्री मीर ने कहा कि ऐसे लोगों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में रखा जाएगा जो पहले से ही संगठन के क्रियाकलाप, आंदोलन में और पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। विगत लोकसभा चुनाव से लेकर वर्तमान के विधानसभा चुनाव में सक्रिय रहने वाले लोगों को संगठन में उचित स्थान और मान सम्मान दिया जाएगा। संगठन की मजबूती के लिए काम करने वाले लोगों की समीक्षा लोकसभा चुनाव के समय से ही लगातार जारी है। आगामी कार्यक्रमों, संगठन और सरकार के बीच समन्वय के लिए एक रोड मैप तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्कहा कि एक मजबूत संगठन के लिए बेहतर कार्य योजना की आवश्यकता होती है। संगठन मजबूत रहेगा तभी हम विरोधी दलों से जीत सकते हैं।

बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस में गुटबाजी और आपसी खींचतान को अक्षम्य बताते हुए कहा कि सभी के लिए यह चेतावनी है कि संगठन में खींचतान बंद करें और अपना हर कदम संगठन की मजबूती के लिए बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आज हम जिन मुद्दों को लेकर देश में संघर्ष कर रहे हैं, उन मुद्दों पर जीत के लिए आपसी एकता बहुत जरूरी है।

बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 2025 का वर्ष कांग्रेस संगठन के सशक्तिकरण का वर्ष है। आने वाले कुछ महीनों में हमें एक और चुनावी परीक्षा से गुजरना है। नगर निकाय चुनाव में हमारी जीत होती है तो यह संगठन के लिए बेहतर होगा क्योंकि नगर निकाय चुनाव वार्ड स्तर से होते हैं और संगठन की पहली सीढ़ी वार्ड स्तर से शुरू होती है।

**कांग्रेस आलाकमान के साथ प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की बैठक आज** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल के साथ शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के मंत्रियों, विधायकों एवं नेताओं की बैठक होगी। बैठक में विशेष रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी डॉ श्री बेला प्रसाद एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शामिल रहेंगे।

## मोबाइल टॉवर के लिए जमीन नहीं दिला रही राज्य सरकार : सिंधिया

- झारखंड में 2471 गांवों के लिए 1987 टावर स्वीकृत

**रांची।** राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने गुरूवार को दूरसंचार विभाग से संबंधित सवाल पूछा। श्री साहू ने सुदूर ग्रामीण आदिवासी बहुल गांव में स्वीकृत मोबाइल टावर अबतक नहीं लगने का कारण जानना चाहा। इस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासी इलाकों में मोबाइल टॉवर के लिए जमीन उपलब्ध कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी गांव ही नहीं टोले मोहल्ले तक की चिंता की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना इसी दृष्टि से लाई गई है। इसके लिए नवंबर 2023 में 24 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास चाहती है। उन्होंने बताया कि आदिवासी मंत्रालय ने दूर संचार मंत्रालय को आदिवासी गांवों की सूची उपलब्ध कराई है। उसके अनुसार सर्वे का काम भी पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि झारखंड में 2471 गांवों के लिए 1987 टावर स्वीकृत है।

## पहले दिन 2070 लोगों ने राजभवन उद्यान का किया भ्रमण



रांची। आम लोगों के लिए गुरुवार को राजभवन का उद्यान खोल दिया गया। छह फरवरी से 12 फरवरी तक राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए खुला रहेगा। पहले दिन 2070 लोगों ने राज भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक है। बिना पहचान पत्र के किसी को भी राजभवन के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। राजभवन घूमने आए लोगों ने कहा कि राजभवन में लगे फूलों को देखकर काफी आनंद की अनुभूति हुई। करीब 400 किस्म के गुलाब उद्यान में लगे हैं। वहीं 17 हजार से ज्यादा पौधे राजभवन के उद्यान में लगे हैं।

### 52 एकड़ भूमि पर फैला है राजभवन 20 हजार से अधिक हैं गुलाब के फूल

राजभवन लगभग 52 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। इसका निर्माण 1930 में हुआ था। आम लोगों के लिए सबसे पहले उद्यान वर्ष 2004 में खोला गया था। इस उद्यान में सैकड़ों किस्म के 20 हजार से अधिक गुलाब के फूल हैं। उद्यान में कृत्रिम ऑक्टोपस, कृत्रिम पहाड़-झरने, दीवारों पर बने सोहराय पेंटिंग्स, महापुरुषों व शहीदों की प्रतिमा, टैंक, विशालकाय चरखा, फूलो-झानो उद्यान, नौ म्यूजिकल फव्वारा, महात्मा गांधी औषधीय उद्यान, गुरु गोविंद सिंह वाटिका, ऑर्किड गार्डेन, अशोक उद्यान, अकबर गार्डेन, बुद्धा गार्डेन, मूर्ति गार्डेन, बिरसा मंडप आदि हैं। राजभवन उद्यान में कई दुर्लभ प्रजाति के औषधीय पेड़-पौधे भी हैं। यहां रुद्राक्ष, कल्पतरू, कबाबचीनी, दालचीनी, तेजपता, लौंग, घृत कुमारी, अमृतांजन, लेमन ग्रास, कर्पूर, अकरकरा, गुलमर्ग, चंदन सहित कई अन्य पौधे का दीदार किया जा सकता है।

## आरयू का फर्स्ट स्पोर्ट्स कनवोकेशन, खेल प्रतिभावाओं को मिला सम्मान

# खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, कोच, कैंप, किट खेल मैदान उपलब्ध करायेंगे : कुलपति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय में युवाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही स्पोर्ट्स तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को भी सिंचित करना हमारा लक्ष्य है इसलिये हमने पूर्वी जोन में पहली बार इस तरह के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया है। हम अपने खिलाड़ियों तथा युवा कलाकारों को इस मंच पर सम्मानित कर रहे हैं। अब इन्हें कोंचिंग ट्रेनिंग, कैंप और अन्य सभी सुविधायें भी उपलब्ध करायेंगे। कुलपति ने कहा कि स्कूल ऑफ मास कॉम परिसर में फुटबॉल, क्रिकेट, खो खो तथा कबड्डी के लिये खेल मैदान का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

**1984 में लास एंजिल्स ओलंपिक तक खेले : मनोहर**

विशिष्ट अतिथि ओलंपियन मनोहर टोप्पो ने कहा कि उन्हें आज यह देख कर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि रांची विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के लिए अलग से दीक्षांत समारोह आयोजित कर रहा है और खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है। उन्होंने कहा कि खेल में आगे बढ़ने के लिए कठोर अनुशासन और परिश्रम की आवश्यकता होती है। मैने स्वयं कल्पना नहीं की थी कि हम ओलंपिक खेलेंगे, पर 1984 में लास एंजिल्स ओलंपिक तक हम खेलने गये।



### धोनी, पूर्णिमा, सुमराय, सरोजनी, सलीमा आरयू के स्टूडेंट

पूर्णिमा, सुमराय, सरोजनी, सलीमा, महेंद्र सिंह धोनी सहित कई आरयू से पढ़े स्टूडेंट्स राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में सफल रहे हैं। इनमें पद्मश्री व द्रोणाचार्य विजेता पूर्णिमा महतो, ओलंपियाड लिस्ट में रीना कुमारी, निक्की प्रधान और सलीमा टेटे हैं। वहीं सुमराय टेटे को ध्यानचंद अवार्ड मिला है। पुलिस वर्दी में आईपीएस अधिकारी बन सरोजनी लकड़ा और एमेल्डा एक्का रांची यूनिवर्सिटी का मान बढ़ा रहीं हैं।

**एथिलिट को लेकर भविष्य की योजनाएं :** विवि एथिलिट से जुड़े कई ड्रीम प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है। वालीबॉल, बॉस्केट बॉल, पत्रकारिता विभाग में विभिन्न एक्विटी के लिए मैदान और टेनिस के लिए सिंथेटिक कोर्ट का निर्माण शुरू है। वीसी ने कहा प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रशिक्षण देने, खेल विज्ञान विभाग की स्थापना, खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

**समारोह में ये रहे :** डीएसपीएमयू के वीसी डॉ टीके शांडिल्य, एसबीयू के डॉ गोपाल पाठक, ओपन विवि के डॉ टीएन साहू, साइकोलॉजी एचओडी डॉ परवेज हसन, लॉ डीन डॉ पंकज चतुर्वेदी, डॉ वंदना कुमारी समेत अन्य एचओडी और डीन थे।

# रांची एयरपोर्ट की पार्किंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव, 10 फरवरी से होगा लागू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर पार्किंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। 10 फरवरी से नए नियम लागू होंगे, जिसमें पार्किंग की समय सीमा और शुल्क में बदलाव किया गया है। नो पार्किंग जोन में यदि वाहन अधिक समय तक खड़ा रहता है, तो 500 रुपए का जुर्माना और अतिरिक्त शुल्क लिया जायेगा। टर्मिनल बिल्डिंग के सामने पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा, केवल पिकअप और ड्रॉप की अनुमति होगी।

**नयी पार्किंग के ये होंगे नियम**

निजी वाहनः 9 मिनट तक निःशुल्क, 9:1 मिनट से 30 मिनट तक ₹30, 30 से 120 मिनट तक ₹40

वाणिज्यिक वाहनः 9:1 मिनट से अधिक होने पर ₹116

प्रीमियम पार्किंगः 30 मिनट तक ₹75, 30 से 120 मिनट तक ₹80, दो घंटे से सात घंटे तक ₹80 व हर घंटे ₹10 अतिरिक्त और 24 घंटे तक ₹240

दोपहियाः 30 मिनट तक के लिए पार्किंग चार्ज ₹10, 30 से 120 मिनट तक ₹15

टेंपो-एसयूबी-मिनी बसः 30 मिनट तक पार्किंग चार्ज ₹60, 30 से 120 मिनट तक ₹80

वाणिज्यिक कारः 30 मिनट तक पार्किंग चार्ज ₹93, 30 से 120 मिनट तक ₹143

कोच-बस-ट्रकः 30 मिनट तक पार्किंग चार्ज ₹170, 30 से 120 मिनट तक ₹250 देने होंगे।

## बचपन में ही मां-बाप का साया छूटा, भैया ने पहुंचाया अखाड़ा

■ वर्ल्ड कप खेलना चाहता हूं, सरकार की मदद चाहिए

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में खेल प्रेमियों की कमी नहीं है। अंधकारमय जीवन से उजाले का सपना संजोकर रखने वाले उमेश मंडल के सिर पर हाथ रखने वाला कोई नहीं है। उनके जीवन में न मां हैं, न पिता। इसके बावजूद सिल्ली कॉलेज, सिल्ली के इतिहास विभाग के तीसरे सेमेस्टर के छात्र उमेश मंडल हरियाणा से मेडल जीतकर लाया है। इसके लिए उन्हें आरयू में राज्यपाल के हाथों से उत्कृष्ठ सम्मान प्राप्त हुआ। इस दौरान उमेश मंडल ने कहा कि मेरे माता-पिता नहीं हैं। मेरे भाई प्राइवेट नौकरी और खेती-बाड़ी करते हैं। इसी से घर का गुजारा होता है।

**2016 में बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी से लिया प्रशिक्षण :** 20 साल के युवा आर्चरी खिलाड़ी उमेश मंडल ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, ओड़िशा, कोलकाता समेत अन्य राज्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और कई मेडल भी जीते हैं। इन मेडल्स से मिलने वाली राशि से वह अपनी पढ़ाई का खर्च निकालते हैं। फिलहाल, वह सिल्ली कॉलेज, सिल्ली से इतिहास की पढ़ाई कर रहे हैं। खिलाड़ी उमेश मंडल ने बताया कि उन्होंने अपनी मैट्रिक की पढ़ाई सिल्ली ग्राम विकास और इंटर की पढ़ाई एसएस हाईस्कूल से की है। 2016 से वह आर्चरी कोच प्रकाश राम और शिशिर महतो से आर्चरी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैसा नहीं होने के कारण भविष्य अंधकारमय लगता है, लेकिन अगर सरकार का साथ मिला, तो मैं आर्चरी से वर्ल्ड कप खेलकर देश का नाम रोशन करना चाहता हूं।

# इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर आज से

■ आठ देश और 15 राज्यों की सहभागिता से ट्रेड फेयर लगातार लोकप्रिय हो रहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दस दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन आज से आरंभ हो रहा है। 7-17 फरवरी तक मोराबादी मैदान में चलनेवाले ट्रेड फेयर में 8 अंतर्राष्ट्रीय देश और झारखण्ड समेत 15 राज्य शामिल हो रहे हैं। ट्रेड फेयर की तैयारियों को लेकर गुरूवार को चैंबर भवन में झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि ट्रेड फेयर में रियल एस्टेट, होम एंड डेकॉर, फाइनेंस, लाइफस्टाइल, फर्नीचर एंड इंटीरियर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोसेस्ड फूड, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स समेत 35 हजार से अधिक प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी की जायेगी। प्रोजेक्ट चेयरमेन अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने बताया कि ट्रेड फेयर का उद्घाटन 8 फरवरी को शाम 4 बजे होगा। ट्रेड फेयर स्थल पर रोजाना नई-नई एक्टिविटी की जायेगी। स्टैंडअप कॉमेडी, कवि सम्मेलन, डॉग शो, आईआईएम द्वारा ड्रम सर्किल का आयोजन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, निःशक्त बच्चों के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। ट्रेड फेयर के माध्यम से स्टार्टअप्स को भी प्रमोट करने की कोशिश की गई है, जिस क्रम में न्यूनतम दर पर स्टॉल्स उपलब्ध कराये गये हैं। मौके पर उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, सह सचिव नवजोत अलंग और प्रवक्ता सुनिल सरवागी थे।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि का सेकेंड कनवोकेशन आज

## यूजी-पीजी के 183 टॉपरों को मिलेगा गोल्ड मेडल



■ गवर्नर होंगे मुख्य अतिथि, फिलॉस्फी के टॉपर को डॉ. विद्यार्थी स्मृति मेधा सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) का दूसरा दीक्षांत समारोह सात फरवरी को डॉ. राम दयाल मुंडा फुटबॉल मैदान में होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए 4500 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यूजी-पीजी के कुल 183 टॉपरों को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। इसमें 58 प्रतिशत छात्राएं हैं। इस समारोह में स्टूडेंट्स (सेशन 2020-23 और 2021-24) और पीजी (सेशन 2021-23 और 2022-24) के पास आउट कुल 8397 छात्रों को डिग्री देने की स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी। इसमें 1854 स्टूडेंट्स को डिस्टिंक्शन अंक मिले हैं। जबकि 4941 स्टूडेंट्स प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं। वहीं 1602 स्टूडेंट्स द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं। बताते चलें कि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में पांच अभ्यर्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। पीआओ डॉ. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि फिलॉस्फी के टॉपर को डॉ विद्यार्थी स्मृति मेधा सम्मान दिया जाएगा। इसके तहत 11 हजार रुपए नगद दिए जाएंगे। दीक्षांत समरोह के पूर्व गुरुवार को गवर्नर से वीसी प्रो. शांडिल्य मिले और कनवोकेशन से जुड़ी अद्यतन जानकारियां दी।

**समरोह स्थल का वीसी ने किया निरीक्षण :** आरडी मुंडा मैदान में डीएसपीएमयू का दीक्षांत समरोह आयोजित किया जाना है। गुरुवार को वीसी प्रो. शांडिल्य, रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार गुप्ता समेत अधिकारियों ने समारोह स्थल निरीक्षण किया। समारोह शुक्रवार को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाना है।

## खबर एक नजर में

### संजय सेठ से मिला झारखंड कांग्रेस का दल



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में तीन विधायकों ने गुरूवार को नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ खिजरी के विधायक राजेश कच्छप, कांके के विधायक सुरेश बैठा और रामगढ़ की विधायक ममता देवी शामिल थीं।

### 14-15 फरवरी को रांची में नो फ्लाई जोन घोषित

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 14 और 15 फरवरी को रांची में कार्यक्रम प्रस्तावित है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। इस दौरान राष्ट्रपति के भ्रमण वाले क्षेत्र में 14 फरवरी की सुबह 5 बजे से लेकर 15 फरवरी की रात 11 बजे तक नो फ्लाई जोन घोषित किया है। 14 फरवरी को राष्ट्रपति बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू, अरगोड़ा होते हुए राजभवन पहुंचेंगी। 15 फरवरी को राजभवन से कांके रोड होते हुए बिरसा प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा पहुंचेंगी। निषेधाज्ञा के तहत राष्ट्रपति के कार्यक्रम वाले 200 मीटर की परिधि में ड्रोन्स, पैराग्लाइडिंग एंड हॉट एयर बलूंस पूर्णतः वर्जित रहेगी।

### हज यात्री 18 तक जमा करें पासपोर्ट

**रांची।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने झारखंड के हज यात्रियों को पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। सभी चयनित आजमीने हज को मूल पासपोर्ट झारखंड राज्य हज समिति के कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। पासपोर्ट जमा करने की आखिरी तारीख 18 फरवरी 2025 है। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिया गया है कि जमा किए जाने वाले पासपोर्ट की वैधता की जांच की जाएगी। पासपोर्ट की वैधता की जांच में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पासपोर्ट किसी प्रकार से फटा/कटा या पृष्ठ ढीले न हों, किसी प्रकार के पानी व अन्य धब्बे न हों, तथा कम से कम एक साथ दो पृष्ठ खाली हों।

### पत्नीहंता को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत गुरूवार को पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी पति खिस्तपियन आइंद को आजीवन कारावास सजा की सुनाई है। उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने उक्त आरोप में उसे 30 जनवरी को दोषी करार दिया था। टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के बड़का टोली महिलोंग में 21 मार्च 2021 की सुबह घटना हुई थी। शांति के बेटे हर्ष शुभम आइंद के लिखित आवेदन पर टाटीसिल्वे थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# रॉयल्टी का पैसा नहीं देकर केंद्र सरकार झारखंड की जनता के साथ कर रही अन्याय : रंजन कुमार यादव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय में युवा राष्ट्रीय जनता दल रांची महानगर अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह के द्वारा महानगर कमेटी का विस्तार किया गया। साथ ही युवा रांची जिला अध्यक्ष के पद पर कमलेश सिंह को मनोनीत गया। गुलजार अंसारी को प्रदेश सचिव बनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव उपस्थित रहे। मौके पर रंजन कुमार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और आशा जतायी कि इनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी। बैठक में रंजन कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा प्रधानमंत्री और कोयला मंत्री को पत्र लिखे जाने के बाद भी झारखंड का केंद्र पर बकाया 1,36000 करोड़ रुपए रॉयल्टी देने पर नकारात्मक रवैया अपना कर झारखंड की चार करोड़ जनता के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि कहा कि झारखंड भाजपा की स्थिति इस कदर हो गई है कि अभी तक विपक्ष का नेता नहीं चुन पायी है। जनता जानना चाहती है कि क्या झारखंड का बजट सत्र बिना विपक्ष के नेता के चलेगी? क्या विपक्ष के नेता बनाने में देरी के पीछे कोई वित्तीय लेनदेन या कोई राजनीतिक स्वार्थ तो नहीं छिपा है? यह गंभीर सवाल है। उन्होंने ने कहा कि झारखंड का हक अधिकार के लिए राजद सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करने का काम करेगा।

बैठक में प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा, महासचिव कमलेश यादव, महासचिव गायत्री देवी, महासचिव उज्जवल सिंह, आयुश शर्मा, आनंद सिंह, पंकज सिंह, मोकिम खान, रोहित कुमार, सूरज कुमार, रवि शंकर तिवारी, कुंदन यादव, सुनील राऊत, सुनील यादव, अंकित गुप्ता, श्रवण कुमार, शशि यादव, कुंदन कुमार नायक, सिद्धांत कुमार, अंकित राज, सुधीर यादव, विवेक चौरसिया, रोहित राम समेत कई लोग शामिल थे।

### बाबूलाल मरांडी वैश्य पिछड़ा विरोधी : राजेश गुप्ता

**रांची।** झारखंड प्रदेश में पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति हेमंत सरकार द्वारा अनुराग गुप्ता को करने का निर्णय स्वागत योग्य है। यह निर्णय ओबीसी समुदाय सहित सभी वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा इस निर्णय का विरोध करना और इसे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को उल्लंघन बताना निंदनीय है। बाबूलाल मरांडी ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में पिछड़ों के अधिकारों की कटौती करने का काम किया था। झारखंड प्रदेश में ओबीसी का आरक्षण 27 फीसदी से घटाकर 14 फीसदी कर दिया था, जिसका परिणाम है कि 20 साल बाद भी ओबीसी समुदाय का इसका कामयाजा भुगतना पड़ रहा है।

### पिछली भाजपा सरकार में झारखंड में चरम पर थी महिलाओं की तस्करी : डॉ महुआ माजी

**रांची।** राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को उजागर किया, साथ ही भाजपा सरकार की विफलताओं को रेखांकित किया। डॉ महुआ ने कहा कि भाजपा सरकार के 17-18 वर्षों के शाषण में महिलाओं की तस्करी चरम पर थी, परंतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके विपरीत हेमंत सोरेन सरकार ने पुनर्वास और रोजगार के लिए योजनाएं लागू की। विशेषकर मंईयां सम्मान योजना, फूलो-झानो योजना, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, सरकार आपके द्वार योजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप क्राइसिस सेंटरों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है। सीसीटीवी का अभाव और निर्भया फंड का सही उपयोग न होना महिलाओं की सुरक्षा में बड़ी बाधा है।

## हेहल अंचल कार्यालय का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

# सरकारी जमीन की सुरक्षा हमारी जिम्मेवारी, बिचौलियों और जमीन दलालों की जानकारी पुलिस को दें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला के विभिन्न अंचल कार्यालयों के औचक निरीक्षण का प्रभाव दिख रहा है। कार्यालयों में पदाधिकारी/कर्मी कार्यावधि के दौरान अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। इस्र क्रम में गुरुवार को मंजूनाथ भजन्त्री ने हेहल अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कार्यालय के सभी पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित पाये गये। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी से अपने क्षेत्र में सरकारी जमीन की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेवारी है, कार्यालय के पदाधिकारी/कर्मी सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री पर पैनी नजर रखें, सीएनटी जमीन का वॉयोलेशन न हो, कोई किसी की जमीन पर अवैध कब्जा न करें, यह सुनिश्चित करें। श्री भजन्त्री ने अंचल अधिकारी को सरकारी कार्य के लिए जमीन चिन्हित करते हुए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

मंजूनाथ भजन्त्री ने अंचल अधिकारी से कहा कि कार्यायल परिसर में बिचौलिये नजर आते हैं तो फौरन इसकी जानकारी स्थानीय थाना या पीसीआर को दें। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिचौलियों की जानकारी अबुआ साथी (9430328080) पर दें, जन शिकायत को लेकर जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर पर चौबीस घंटे सतत निगरानी होती है और प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होती है।

**अंचल कार्यालय आये लोगों से की बातः** भजन्त्री ने अंचल कार्यालय में आये लोगों से बात की। कुछ छात्रायें प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अंचल कार्यालय आयी थीं, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा उनसे आवेदन की जानकारी लेते हुए अंचलाधिकारी को नियम संगत कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई से मंजूनाथ भजन्त्री प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि कार्यालय को अपने घर जैसा समझें और सदैव उचित साफ-सफाई रखें।

**मंईयां सम्मान योजना की राशि बच्चे की पढ़ाई में खर्च करती हूं :** अंचल कार्यालय में एक महिला अपनी बहन का आवेदन मंईयां सम्मान योजना के लिए देने आयी थी। मंजूनाथ भजन्त्री ने महिला से पूछा कि उसे योजना का लाभ मिल रहा है तो महिला ने बताया कि वो काफी खुश है, मंईयां सम्मान योजना की राशि अपने बच्चे की पढ़ाई में करती हैं और अब अपनी बहन का आवेदन देने कार्यालय आयी है।

# रांची के 06 अंचलों में रविवार को होगा दाखिल खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन

## संबंधित अंचल अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

### आवेदकों को शिविर में ही करेक्शन स्लिप निर्गत करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार जिला के 06 अंचलों में दाखिल-खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर के आयोजन के संबंध में समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने ऑनलाइन मीटिंग करते हुए सभी अंचल अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**आवेदकों को शुद्धि-पत्र निर्गत करने का निर्देश :** 09.02.2025 (रविवार) को ओरमांझी, शहर, कांके, माण्डर, नामकुम एवं रातू अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन होगा। इस सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इन सभी मामलों का अंचल निरीक्षक और कर्मचारी स्तर से भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में सभी 06 अंचल अधिकारियों से पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सूची अनुसार म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन की जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि सूची में उपलब्ध कराये गये मामलों में से कोई मामला सीआई या कर्मचारी के लॉगिन में पाया गया तो उनपर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निष्पादित मामलों के आवेदकों को सूचित करते हुए शिविर में शुद्धि-पत्र निर्गत करने के निर्देश दिये।

**वरीय पदाधिकारियों को मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण का निर्देश :** रविवार को आयोजित किये जानेवाले दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों को नामित किया गया है। भजन्त्री द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को ससमय शिविर स्थल में उपस्थित होकर लंबित दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है।

### ट्रिपल टेस्ट सर्वे की ली जानकारी

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में अंचलवार ट्रिपल टेस्ट सर्वे की जानकारी ली। कई अंचलअधिकारियों द्वारा जानकारी दी गयी कि उनके क्षेत्र में सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है एवं डाटा इंट्री का कार्य जारी है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को सर्वे और डाटा इंट्री का कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी सीओ से आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए जमीन चिन्हित किये जाने के कार्य प्रगति की भी जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि सुपरवाईजर, सीओ एवं कर्मचारी के साथ मिलकर जमीन चिन्हित करें। सभी सीओ को मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा निदेश दिया गया कि जमीन संबंधी प्रस्ताव भेजने से पूर्व सेविका-सहायिका से इस बात की पुष्टि कर लें चयनित भूमि आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु अनुकूल है।

**पहले चरण में 10 अंचल में हुआ था शिविर का आयोजन :** इससे पहले दिनांक 02.02.2025 को रांची जिला के 10 अंचल अनगड़ा, अरगोड़ा, बड़गाईं, बेड़ो, बुण्डू, बुढ़मू, चान्हो, हेहल, ईटकी एवं नगड़ी में दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया गया था।

# वाहन चालकों को अतिआवश्यक सेवा के नियमों के तहत ईंधन देने से मना नहीं कर सकते : एसोसिएशन

## इसी मुद्दे पर परिवहन सचिव से जल्द मिलेगा डीलर्स एसोसिएशन

### पेट्रोलियम डीलर्स की नो हेलमेट नो पेट्रोल पर अहम बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन साउथ छोटानागपुर की अहम बैठक गुरुवार को राजहंस मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। इसमें परिवहन विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश हेलमेट नहीं पहन कर आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने के आदेश पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। एसोसिएशन ने परिवहन विभाग के इस आदेश का दुपहिया वाहन चालकों के सुरक्षा के लिए स्वागत एवं समर्थन किया।

परंतु पेट्रोल पंप एक अति आवश्यक सेवा में आते हैं और सभी वाहन चालकों को अतिआवश्यक सेवा के नियमों के अंतर्गत ईंधन देने से मना नहीं कर सकते हैं। यह एक गंभीर विषय बन सकता है और न ही अत्यावश्यक सेवा में होने के कारण यातायात कानूनों को लागू करना हमारे अधिकार क्षेत्र में आता है। सभी पेट्रोल पंप मुख्य मार्ग में ही अवस्थित हैं और वाहन चालक इन्हीं मार्गों से हो कर पंप तक ईंधन लेने आते है, जबकि हर चौक चौराहों में पुलिस प्रशासन मुस्तैद है फिर कुछ लोग बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड पेट्रोल भरवाने पंप तक निडर हो कर पहुंच जाते है।

बैठक में कहा गया कि पंप अटेंडेंटों द्वारा तेल देने पर मना करने से पंप कर्मी से उलझ जाते हैं। यहां तक उन्हें पंप से काम खत्म कर घर लौटने के क्रम में देख लेने की धमकी भी देते हैं। बहुत सारे पंपों में महिला कर्मी भी वाहन में तेल देने का काम करते हैं। उनके द्वारा भी हेलमेट पहन कर नहीं आए वाहन चालकों को तेल देने से मना करने पर अभद्र व्यौहार किया जाता है। पंप में किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं होने एवं घर लौटने के क्रम में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है इस कारण पंप कर्मी अब हेलमेट नहीं पहन कर आए वाहन चालकों को परिवहन विभाग के इस आदेश के तहत तेल देने से मना नहीं कर पा रहे है। पंप संचालक भी इस आदेश के अनुपालन करने में असहज महसूस कर रहे हैं। कई पंपों में इस नियम के अनुपालन करवाने में अराजक की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस कारण पंप संचालकों और कर्मियों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है वे अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

एसोसिएशन का मानना है कि हेलमेट अनिवार्य करने ,सड़क सुरक्षा उपायों की यातायात पुलिस और परिवान विभाग द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार नियमित जांच कड़ाई से करके और जुमार्ने के माध्यम से इसे अनुपालन कराया जा सकता है। हमारा पंप सुचारू रूप से चले, इन सभी कठिनाइयों के बारे में एसोसिएशन परिवहन सचिव और सभी जिलों के डीटीओ को पत्र भेज कर अवगत कराएगा।

एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल यथाशीघ्र परिवहन सचिव से भी मुलाकात कर इस आदेश के अनुपालन में हो रही कठिनाइयों के बारे में बताएगा एवं इस आदेश पर पुनर्विचार का आग्रह करेगा। बैठक में नीरज भप्ताचार्य, कमलेश सिंह ,सुबोध दुबे, सुदीप तिग्गा, प्रमोद कुमार, प्रशांत चौधरी, नरेंद्र कुमार, आयुष चौधरी, राहुल जायसवाल समेत अन्य डीलरल उपस्थित थे।

# देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व शिक्षा परियोजना पदाधिकारी वार्ता सफल, आंदोलन स्थगित




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आंदोलनकारी नेता देवेन्द्र नाथ महतो नेतृत्व 13 सदस्य प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आईएएस शशि कुमार रंजन, स्टेट प्रोग्रामर ऑफिसर अभिनव कुमार समेत अन्य सक्षम अधिकारी से मिला। अधिकारियों से वार्ता सफल होने के प\त आंदोलन स्थगित किया गया। देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि कटौती की गई सुरक्षा प्रहरी का पीएफ 759 रूपए से बढ़ाकर 1739 तथा वेतन 10142 रुपया से बढ़ाकर 13567 रुपया किया जाएगा। वहीं, माली और सफाई कर्मी की कटौती की गई पीएफ को 470 रुपए से बढ़ाकर 1300 रुपया किया गया वेतन 8200रुपया से बढ़ाकर 11547 रुपया के साथ एक सप्ताह के अंदर बढ़ा हुआ वेतन भुगतान करने पर सहमति बना। 53 कार्यरत लैब फैसिलिटेटर को एचएनपीई कंपनी में एडजेस्ट करके वेतन 9964 रुपया से बढ़ाकर लगभग 11500 रुपया वेतन देने पर सहमति बना। देवेन्द्र नाथ महतो ने शिक्षा परियोजना पदाधिकारी को कार्यरत कर्मियों का भविष्य का ध्यान रखते हुए साकारात्मक पहल करने के धन्यवाद देते हुए आंदोलन स्थगित करने का घोषणा किया।

### खबर एक नजर में

### भारतीय ज्ञान परंपरा विकसित भारत की आधारशिला : प्रो डॉ जंगबहादुर पाण्डेय

**रांची।** ऊषा मार्टिन विश्वविद्यालय के इंडियन नॉलेज सिस्टम सेल के तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा वैदिक काल से प्रवहमान है और आज तक अजस्र रूप में प्रवाहित है। भारतीय परंपरा में ज्ञान सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं। इसलिए वे कहां करते हैं कि भारत युवाओं का देश है,उनके एक हाथ में वेद और दूसरे हाथ में कम्प्यूटर देकर हम 2027 में विकसित भारत के सपने को अपना बना सकते हैं। मौके पर सेवानिवृत प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में शिक्षा का उद्देश्य भाषा का मनन नहीं अपितु चरित्र का गठन है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ मधुलिका कौशिक ने कहा कि ज्ञान सर्वोपरि है और कृत्रिम मेधा भी आवश्यक है। संगोष्ठी में कुलसचिव डा अनिल कुमार मिश्र,डीन डा बी एन सिंहा,डा शिल्पी रानी,डा तूलिका सिंहा आदि ने भी संबोधित किया।

### महावीर मंडल केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई

**रांची।** मेकी रोड स्थित राजकलश में श्री महावीर मंडल केंद्रीय चुनाव समिति की गुरुवार की शाम बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव समिति के आय-व्यय के ब्योरे के प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से पारित किया गया। निर्णय लिया गया कि श्री रामनवमी महापर्व आयोजन के दो महीने पूर्व समिति अपनी चुनाव प्रक्रिया आरंभ कर देगी। बैठक में चुनाव पदाधिकारी और सह अधिकारियों के बीच चुनाव को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। समिति की अगली बैठक में सदस्यता नवीकरण, नामांकन, चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएगी। बैठक में राजकुमार गुप्ता, प्रमोद श्रीवास्तव, शंकर साहु, राजू यादव, बिंदुल वर्मा, शंकर प्रसाद, विष्णु देव प्रसाद, लीलू और अन्य उपस्थित थे।

### एसटी-एससी कल्याण मंत्री से मिला किसान महासभा का डेलिगेशन



**रांची।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से गुरुवार को झारखण्ड राज्य किसान महासभा का एक प्रतिनिधिमण्डल ने शिस्टाचार मुलाकात की। किसान महासभा के संरक्षक अजित मिंज और प्रवक्ता विमल कच्छप ने मंत्री चमरा लिंडा को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा हुई। झारखण्ड राज्य किसान महासभा के संरक्षक अजित मिंज ने बताया कि संस्था के द्वारा किसानों को अनुदान में ट्रेक्टर अबिलम्ब मुहैया कराने की मांग की गई। मंत्री ने यह आश्वाशन दिया है कि किसानों को अनुदान में ट्रैक्टर मुहैया कराने की दिशा में सरकार प्रयासरत है और जल्द हीं किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर झारखण्ड राज्य किसान महासभा के संरक्षक अजित मिंज, अध्यक्ष उदय किशोर पांडेय, प्रवक्ता विमल कच्छप, सचिव प्रदीप राम कश्यप, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश बक्शी, शतीश, फगुवा उराव एवं बिफई उराव उपस्थित थे।

### मुआवजा सही लेकिन सुरक्षा और सतर्कता पर ध्यान सबसे जरूरी : बंधु तिर्की

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि नगड़ी एनएच टोल प्लाजा के पास हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के साथ ही घायलों को भी घोषित मुआवजा की पूर्ण राशि का भुगतान एक-दो दिनों के अंदर कर दिया जायेगा। श्री तिर्की ने आज रिम्स एवं रामप्यारी हॉस्पिटल में घायल चेपा लकड़ा, बसंती उरांव, मंगरा उरांव, आरती कुमारी और ऑटो ड्राइवर किशन कुमार साहू से मुलाकात कर उनका हाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुनिश्चित की जायेगी। श्री तिर्की ने सभी घायलों को को नकद 50-50 हजार रुपए की राशि प्रदान की और कहा कि घोषित 5-5 लाख रुपए की शेष साढ़े 4 लाख रुपए दो दिनों के अंदर सभी घायलों के बैंक खाते में जमा करवा दिये जायेंगे। श्री तिर्की ने कहा कि मृतकों के परिजनों को भी घोषित मुआवजा राशि का एक-दो दिनों के अंदर भुगतान कर दिया जायेगा। इस दौरान श्री तिर्की के साथ इटकी के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और राष्ट्रीय उच्च पथप्राधिकरण (एनएचएआई) के पदाधिकारी भी साथ थे।

### जनजाति समाज से समरस हुए बिना महाकुंभ पूरा नहीं होगा : स्वामी अवधेशानंद



**रांची।** जैसे आप सभी जनजाति बंधु अपनी रूढी, परंपरा, संस्कृति लेकर सहजभाव से महाकुंभ में आए हैं। वैसी ही निर्मलता और सादगीपूर्ण वन जीवन का अनुभव करने हेतु सभी संतों को बार-बार वनांचल में जाना होगा,क्योंकि जनजाति समाज से समरसता के बिना सनातन संस्कृति का यह महाकुंभ पूरा नहीं होगा। ऐसे विचार पूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहीं। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा पवित्र प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित युवा कुंभ में आशीर्वचन देते समय स्वामी अवधेशानंद ने यह बात रखी। अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वामी जी ने आगे कहा कि, हम सभी संत और जो आरण्यक संस्कृति के प्रति अपनी जिम्मेवारी समझते हैं उन्होंने बार-बार वनांचल में जाकर आपके साथ घुल मिलकर, संवाद से साथ साथ भोजन करना होगा। क्योंकि हम एक ही सनातन परंपरा के अभिन्न घटक है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी रघुनाथ बप्पाजी महाराज (फरशी वाले बाबा), केंद्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री दुगार्दास जी ऊईके, कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह , राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष हर्ष चौहान, पद्मश्री चैतराम पवार आदि मान्यवर उपस्थित थे।

### झारखंड ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ जी के गुप्ता और खजांची डॉ आलोक रंजन



**रांची।** झारखंड ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन 2025 का चुनाव गुरुवार को संपन्न हो गया। इस चुनाव में वोटिंग से डॉ गोविंद कुमार गुप्ता को अध्यक्ष चुन लिया गया। उन्होंने डॉक्टर जयंत कुमार लायक को हराकर अध्यक्ष की कुर्सी हासिल की है। डॉ जी के गुप्ता को 143 वोट मिले हैं, जबकि डॉक्टर लायक को 101 वोट मिले। इसी तरह डॉ रोहित मधुप लाल 179 वोट लाकर उपाध्यक्ष चुने गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी रहे डॉक्टर वीरेंद्र कुमार को मात्र 65 वोट मिले हैं। 151 वोट लाकर डॉक्टर सांकृत्य अयान सचिव चुने गए हैं। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे डॉक्टर आशीष बजाज को मात्र 93 वोट मिले हैं। 124 वोट लाकर डॉक्टर आलोक रंजन संगठन के खजांची चुने गए हैं। उनके निकटतम प्रतिद्वान दे रहे डॉक्टर शशिकांत सुमन को 120 वोट मिले हैं। यह जानकारी चुनाव अध्यक्ष डॉ पंकज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

### चौकीदार पद पर सीधी नियुक्ति को लेकर जिला चयन समिति की बैठक

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को चौकीदार पद पर सीधी नियुक्ति के संबंध में जिला चयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए उचित निर्णय लिया गया। जिला में चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति को लेकर प्राप्त आवेदनों, दावा-आपत्ति, परीक्षा आयोजन की, प्रवेश-पत्र निर्गत करने, परीक्षा केंद्र बनाए जाने आदि को लेकर समिति द्वारा निर्णय लिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने की तैयारी करें।

# जीरो एसएफटी फाइलिंग के लिए रांची रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आयकर विभाग द्वारा एसएफटी (स्टेटमेंट ऑफ फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन) फाइलिंग में आने वाली त्रुटियों के निराकरण और निबंधन कार्यालयों के अधिवक्ता, दस्तावेज नवीस एवं कार्यालय कर्मियों को आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं से परिचित करवाने के उद्देश्य से शुरू किए आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन जिला निबंधन कार्यालय रांची में किया गया। गुरुवार को हुई इस कार्यशाला में आयकर विभाग के उप निदेशक शशि भूषण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

आयकर निरीक्षक पंकज कुमार ने कार्यशाला में मौजूद अधिवक्ता, दस्तावेज नवीस एवं कार्यालय कर्मियों को आयकर विभाग को प्रेषित की जाने वाली विभिन्न रिपोर्टों के विषय में जानकारी दी। ऑनलाइन एसएफटी रिटर्न दाखिल करने के संबंध में आने वाली सामान्य दिक्कतों और बरती जाने वाली सावधानियों पर उन्होंने एक प्रेजेंटेशन भी दिया। उप निदेशक आयकर शशि भूषण शर्मा ने सही रिटर्न दाखिल करने से राष्ट्र को होने वाला फायदा बताते हुए कहा कि सरकार देश के नागरिकों को बेहतर सुख-सुविधा प्रदान करने के लिए करों पर निर्भर है और कर का नुकसान रोकने के लिए हमें सजग और सचेत हो कर कार्य करना होगा।

वहीं जिला अवर निबंधक वैभव मणि त्रिपाठी ने कहा कि विगत दिनों में आधार और पैन के आपस में जुड़ने से और एनजीडीआरएस पद्धति में पैन वेरीफिकेशन के अनिवार्य बन जाने से अब एसफटी दाखिल करना पहले से आसान हुआ है और त्रुटियां भी पहले की अपेक्षा कम हो रही हैं। विभाग जीरो एरर एसएफटी फाइलिंग का लक्ष्य शीघ्र हासिल कर लेगा।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आयकर अधिकार अजीत ने किया। इस अवसर पर आयकर कार्यालय रांची से असविंद प्रसाद एवं रवि कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निबंधन कार्यालय के पदाधिकारी बासित हफीज, पूनम तिवारी, ऑपरेटर मनीष कुमार, निखिल, शैलेष, साजिद, माला, राजू कुमार, सोपन, आशुतोष, सुनील तथा अधिवक्ता अरुण झा, विकेश कुमार, दस्तावेज नवीस पुष्कर साहू, नयन कुमार, श्रवण कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# लापरवाह चिकित्सक को 437554 रुपया भुगतान करने का आदेश

## उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का चौधरी नर्सिंग होम के डॉक्टर के विरुद्ध फैसला

### ऑपरेशन के बाद घाव से निकलने लगा था पस, जान बचाने के लिए सीएमसी वेल्लोर जाकर कराया दोबारा ऑपरेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला/रांची।** उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, सदस्य सरल गंजू और सैयद अली हसन हाशमी ने चिकित्सा में लापरवाह चिकित्सक डॉक्टर पंकज चौधरी के विरुद्ध आदेश पारित करते हुए पीड़िता निर्मला देवी को 437544 रुपए भुगतान करने का निर्देश दिया है। सिसई के भदौली गांव की रहने वाली निर्मला देवी पति अजय कुमार ने रातू रोड रांची स्थित चौधरी नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉक्टर पंकज चौधरी के विरुद्ध 1 फरवरी 2023 को कंज्यूमर प्रोटक्शन एक्ट 2019 के तहत मामला दायर किया था।

जिसमें निर्मला देवी ने आरोप लगाया था कि जब उसके हिप में दर्द हुआ तो वह इलाज के लिए 6 जुलाई 2018 को रांची के रातू रोड स्थित चौधरी नर्सिंग होम गई। जहां दिखाने के बाद उसे एडमिट किया गया और जांच के लिए 10000 रूपया लिया गया। जांच रिपोर्ट देखने के बाद वहां के चिकित्सक ने कहा कि आपको तत्काल ऑपरेशन करने की आवश्यकता है और इसके लिए 40000 आपको जमा करने होंगे। पीड़िता निर्मला देवी ने 40000 जमा की और वहां उसके हिप का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के कुछ दिनों के बाद उसके घाव से पस निकलना आरंभ किया तो उन्होंने नर्सिंग होम जाकर डॉक्टर से संपर्क की। तो डॉक्टर पंकज कुमार ने उन्हें दवा खाने की सलाह दी और कहा कि आपको पुनः एडमिट होना पड़ेगा। वह पांच दिनों तक वहां एडमिट रही और 20000 लिए गये। वहीं कहा गया कि 3 महीने तक आपको दवा खाना है तभी यह ठीक हो पायेगा।

दवा खाने के बाद भी पीड़िता के घाव ठीक नहीं हुई तो 12 अक्टूबर 2018 को फिर से नर्सिंग होम जाकर चिकित्सक से संपर्क किया लेकिन चिकित्सक ने उन्हें फटकार लगाकर भगा दिया और कहा कि ठीक होना है तो दवा खाते रहिए। इसके बाद भी जब राहत नहीं मिली तो पीड़िता ने सीएमसी वेल्लोर जाकर वहां अपना इलाज कराया। इस तरह पीड़िता के 704347 रुपए खर्च हुए। आयोग द्वारा विपक्षी डॉक्टर पंकज चौधरी को नोटिस पर नहीं आने से के कारण अखबार के माध्यम से करने का प्रयास किया गया। लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। जिसके कारण एक तरफा वाद की सुनवाई करते हुए आयोग ने विपक्षी डॉक्टर पंकज चौधरी को अच्छा करने में हुए खर्च के रूप में 402754 और पीड़िता के मानसिक प्रताड़ना 10000 यानी कुल 4375941 महीने के अंदर भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

# महात्मा एनडी ग्रोवर की पुण्यतिथि मनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में गुरुवार को कर्मयोगी महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत हवन द्वारा की गई, और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। कक्षा सप्तम के विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। निरोशा ने अपने हिंदी स्पीच में और शुभीच्छा चौहान ने अपनी कविता में ग्रोवर जी के जीवन से संबंधित उन पहलुओं को छुआ जो हमें कर्तव्यनिष्ठता के लिए प्रेरित करते हैं। नारायण दास ग्रोवर जी ने अपना जीवन वंचित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया । डीएवी नेटवर्क के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और संगठन के भीतर एक समर्पित एवं और अवैतनिक नेता के रूप में सेवा की। उल्लेखनीय रूप से उन्होंने पटना क्षेत्र में डीएवी स्कूलों के विकास का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और नई दिल्ली में डीएवी कालेज प्रबंध समिति के क्षेत्रीय निदेशक और उपाध्यक्ष जैसे पदों पर कार्य किया। उनकी जीवनी से संबंधित क्विज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा झारखंड में उनका योगदान अतुलनीय है, और हमें उनके बताए गए रास्ते पर चलना चाहिये।

# पशु व्यापारी से करीब आठ लाख की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता


घायल व्यापारी से पूछताछ करते थाना प्रभारी।

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दुलमी गांव के समीप स्वर्ण रेखा नदी के डागडुंग पुल के समीप हथियार के बल पर पशु व्यापारी से सात लाख 85 हजार रुपए की लूटपाट करने की घटना हुई है। घटना गुरुवार शाम चार बजे की बताई जा रही। पुलिस के अनुसार चक्रधरपुर के चार पशु व्यापारी नीतीश यादव, सतीश यादव, जयराम यादव, राहुल यादव, पंकज यादव ओर पप्पू यादव और चालक डब्लू यादव, पिकअप वैन से भैंसा बेचने बंगाल के काली माटी बाजार गए थे। पशुओं को बेचने के बाद वापस लौट रहे थे उसी वक्त घटना को अंजाम दिया गया है। व्यापारियों को बाजार से ही रेकी करते हुए स्वर्ण रेखा पुल तक लाया गया था। एकांत का फायदा ले के चाकू दिखा कर रुपए की लूटपाट किया है। व्यापारियों के विरोध करने पर चार व्यापारी को चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। नीतीश यादव और सतीश यादव को चाकू से अधिक मारा गया है। घायल व्यापारी का इलाज मिलन चौक के निजी अस्पताल में किया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। व्यापारियों ने बताया कि एक सिल्वर कलर के बोलेनो कार में चार लोग पीछा करते हुए आए और डागडुंग पुल के समीप पिकअप वैन को रोक अचानक डंडे से मारपीट किए ,अधिक विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिये। चाकू दिखा कर पप्पू यादव से चार लाख 75 हजार, सतीश यादव से एक लाख, नीतीश यादव से एक लाख 10 हजार, तथा जयराम यादव से एक लाख लुट लिए(कुल सात लाख 85 हजार रुपए की लूट हुई है। पशु व्यापारी सोनाहातू के रास्ते में माह में तीन से चार बार पशु बेचने काली माटी बाजार जाते है। घटना के बाद पुलिस छानबीन शुरू कर दी है कई जगहों पर भी पूछताछ कर रही है।

# मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज में 60 दिनों के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** झारखंड सरकार उद्योग विभाग, हस्तकरघा, रेशम एवम हस्तशिल्प निदेशालय, प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों एवम् समूहों के सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत झारखंड शिक्षा एंड सामाजिक उत्थान के सहयोग से मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज परिसर में 23 महिलाओं को धागा एवम् कपड़ा बुनने का 60 दिनों का प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर झारखंड जगुवार के मैक्लुस्कीगंज यूनिट के इंस्पेक्टर रमेश कुमार मुर्मू एवं झारखंड सरकार झारक्राफ्ट के हस्तकरघा, रेशम स्वं हस्तशिल्प निदेशालय के रांची जिला कोडिनेटर लक्कीब परवेज अंसारी एवं मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनोज कुमार शर्मा ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर रमेश मुर्मू ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज का यह एक सराहनीय कदम है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग मिलेगा। वहीं स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ लोगों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक उन्नति करने में कॉलेज हमेशा उनके साथ रहेगा। मौके पर कॉलेज के शिक्षक मुकेश विश्वकर्मा, राहुल सिंह, बासुकीनाथ नाग, रामानंद आर्या, डेनिस मयंक रॉबर्ट, सुचिता कुजूर, रेनू सिंह,विक्रम आनंद, पंकज कुमार,रिया मेहता, श्वेता प्रजापति एवम आशा देवी उपस्थित थी।

## खबर एक नजर में

### मैक्लुस्कीगंज जेनेट एकेडमी में दशम के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर दी विदाई



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज जेनेट एकेडमी सत्र 2024 -25 के दशम कक्षा के कुल 69 छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजन विदाई दिया गया। इस दौरान कक्षा नवम के छात्रों के द्वारा दशम कक्षा के विद्यार्थियों को उपहार तथा पुष्पगुच्छ भेंट किया। कार्यक्रम में नवम वर्ग के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य कामना किया। वही विद्यालय के निदेशक मनोज गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से अपने जीवन में कठिन परिश्रम करने के लिए कहा। विदाई समारोह मे विद्यालय के शिक्षक-गण श्रुति प्रसाद, जोसेफ नटाल, हिमालिनी वर्मा, दिलीप महतो शामिल थे। उधर विद्यालय के प्राचार्य रंजीत सिंह ने आगामी 16 फरवरी को वार्षिक फेट (मेला) की घोषणा किये।

### राहे में फीड एंड हैचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन


हैचिंग सेंटर का उद्घाटन करते बीडीओ।

**राहे।** प्रखंड के राहे बाजार के मुख्य मार्ग में गुरुवार को दिव्या शक्ति फीड एंड हैचिंग सेंटर का उद्घाटन वीडियो अशोक कुमार के द्वारा विधिवत पूजन के बाद फीता काटकर किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में किफायती दाम में चुज्जे मिलने पर लोगों को अब मुर्गी,बत्तख,आदि पालने में सहूलियत होगी और लोग स्वरोजगार से जुड़ेंगे। संचालक रेखा देवी ओर विजय साव ने बताया कि सेंटर में चुज्जे का उत्पादन होगा। लोगों को अब बाहर से चुज्जे लाने की जरूरत नहीं होगी। मौके पर के जेएसएलपीएस के बीपीएम सुमित लहा सहित महिला समूह के सदस्य मौजूद थे।

### नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**राहे।** ऑपरेशन स्माइल संस्था के सौजन्य से गुरुवार को राहे स्थित प्रजापति मैरेज हॉल में इंडियन परफेक्ट विजन ऑर्गनाइजेशन संस्था राहे के द्वारा कटे होंठ और तालु की समस्या से जुझ रहे शिशुओं और सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए एक विशेष नि :शुल्क समाधान एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राहे, सिल्ली एवं बुंडू प्रखंड से कुल 12 मरीज की जांच किया गया। जो इस तरह की समस्या से ग्रस्त हैं। ऑपरेशन स्माइल के विशेषज्ञ डॉ देवाशीष मजूमदार ने सभी का जांच किया। जिनमें चार मरीज ऑपरेशन के योग्य पाए गए। इन सभी मरीजों का ऑपरेशन क्षितिज हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर हजारीबाग में किया जाएगा जो बिल्कुल मुफ़्त होगा। साथ ही मरीज के दो परिजनों के आने-जाने, रहने और खाने का सारा खर्च हमारी संस्था इंडियन परफेक्ट विजन ऑर्गनाइजेशन द्वारा किया जाएगा। इस शिविर के सफल आयोजन में संस्था के अध्यक्षअनूप कुमार सिंह, सचिव देवेंद्र नाथ पाण्डेय, इमरान हुसैन एवं सुनील कुमार रजक का विशेष योगदान रहा।

### रेलवे करोसिंग मे कटकर एक युवक की मौत

**मांडर।** थाना क्षेत्र के कुलमगढ़ा के समीप टटकुंदो रेलवे करोसिंग मे गुरुवार की सुबह दस बजे रेल से कटकर एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान मांडर के कनभीठा गांव निवासी सताइस वर्षीय महताब अंसारी के रूप में की गयी। बताया जाता है कि महताब अंसारी पोल संख्या 440/14 के समीप रेलवे ट्रैक के उस पर जा रहा था इसी क्रम में ट्रेन की चपेट में आ गया। परिजनों के अनुसार महताब अंसारी पांच भाइयों में सबसे छोटा था और पेंट पुट्टी का काम करता था। घटना की जानकारी मिलने पर मांडर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौप दिया।

### एक दिवसीय कृषक गोष्टी का आयोजन



**इटकी।** कृषि पशुपालन एंव सहकारिता विभाग झारखंड के फसल सुरक्षा कार्यक्रम 2024 -25 के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कृषक गोष्टी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में इटकी प्रखंड के छह पंचायतों के किसान ने भाग लिया। कनीय पौधा संरक्षण विभाग रांची के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षक पौधा संरक्षक इंस्पेक्टर समीर रंजन व प्रगतिशील किसान गंदुरा उरांव के द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान किसानों को गेहूं के प्रमुख कीट, बीमारियां उसकी रोक थाम, मोटे आनाज की बीमारियां एंव उसमे लगने वाले कीट, तेलहन की खेती, मक्का की बीमारियां, कीट से बचाव, उसके रोकथाम की विशेष जानकारी दी गयी। मौके पर बीटीएम सुमन बारला, कृषक मित्र मनोज कुमार महतो, कालीचरण गोप, जमाहिर अंसारी, सज्जाद अंसारी, लक्ष्मण लकड़ा, जितिया मिंज, सहित चिनारों पुरियों, कुल्ली मल्टी, कुंदी, रानिखटंगा, कूर्गी पंचायत के 60 किसानो मौजूद थे।

# जाम हटाने में पुलिस को करना पड़ा बल प्रयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** एन-एच 39 मुख्य पथ स्थित निमार्णाधीन पुल के निकट बुधवार को सड़क हादसे में मृत दोनो होनहार विद्यार्थियों का शव गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजन बंगाल स्थित अपने घर लेकर चले गाए। मृत देवदास मंडल पिता कन्हाई मंडल पश्चिम बंगाल के सुंदरवन व ऐश्वर्या बसक पिता श्यामल बसक हावड़ा के रहने वाले थे। इधर जिस ट्रक से दोनो बच्चों की मौत हुई थी, उस ट्रक के ड्राइवर चान्हो थानाक्षेत्र ने पकरियो निवासी रकीब अंसारी पिता निजामुद्दीन को जेल भेज दिया गया। इससे पहले सड़क हादसे के बाद विभिन्न मांगों को लेकर शव के साथ करीब 15 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर बैठे छात्रों को हटाने के लिए रात के करीब 12 बजे पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। लाठीचार्ज में कई छात्रों को चोटे आई है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है, वही मजीस्टेट नियुक्त किए गए मांडर सीओ चंचला कुमारी सहित सीएसपी रामनारायण चौधरी, प्रभारी राहुल , एस आई रंजीत किशोर, सिपाही मतियास आइंद, ओम प्रकाश भगत, राजेश कुमार सिंह, रितेश महतो को चोटिल होने की सूचना है। जाम के दौरान छात्रों और जिला प्रशासन ने लोगों के बीच कई दौर की बातचीत हुई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली और छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे। जिसके बाद पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इधर छात्रों ने भी अपनी मांगों लेकर जिला प्रशासन को लिखिए ज्ञापन दिया है।

### बाघवार एकेडमी ने सरला बिरला को 5 विकेट से हराया

**चान्हो।** पिस्का मोड़ स्थित ओ टीसी मैदान में आयोजित वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूनामेंट के लीग मुकाबले में गुरुवार को बाघवार एकेडमी ने सरला बिरला स्कूल को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत हासिल की। मैच मे सरला बिरला स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 31.3 ओवरों में 140 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बाघवार एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में ज़ियाउल हक ने 6.3 ओवरों में मात्र 17 रन देकर 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाघवार एकेडमी की टीम ने केवल 23.3 ओवरों में 143 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अभिषेक महली ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 60 गेंदों में 56 रन बनाए। इस जीत के बाद बाघवार एकेडमी टूनामेंट के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है।

# नर्सिंग के छात्र-छात्रों ने विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** कंदरी स्थित सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्रों के द्वारा गुरुवार को विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव नितिन परासर तथा शैक्षिणक सचिव दीपाली परासर उपस्थित हुई। सचिव ने कहा की कैंसर के प्रति जागरूकता के अभाव के कारण पहली स्टेज में रोगों का पता नहीं चल पाता है यही कारण है कि दुनिया भर में रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। रोगियों की संख्या कम करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। शैक्षिणक सचिव ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने 2025 के बजट में घोषणा की है कि देश के सभी जिला अस्पतालों में कैंसर सेंटर खोला जाएगा। जिससे अधिक से अधिक कैंसर रोगियों का ईलाज हो सकेगा। मौके पर महाविद्यालय के डीन डा० उपेंद्र उपाध्याय, नर्सिंग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, शिक्षकगण अंजेला गाड़ी, गोपाल तिर्की, प्रतिमा कुजूर, पूनम मिंज, संगीता कुमारी, चीरंजीव कुमार, शशिभूषण जायसवाल, मनिषा कुमारी एवं तुलसी सहित अन्य मौजूद थे।

# डायट में जिला स्तरीय टीएलएम मेला आयोजित

- उउवि उरुगुटू को मिला दूसरा स्थान
- तीसरे स्थान पर रहा उमवि पांडूटोली

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) में गुरुवार को जिला स्तरीय टीएलएम मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन डीईओ विनय कुमार व संस्थान की प्राचार्या सह एसडीओ दीप्ति कुमारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। श्री कुमार ने मेले की तारीफ करते हुये कहा कि शिक्षकों को कम लागत में टीएलएम बनाकर उसे स्कूल में उपयोग करने की जरूरत है। वहीं, दीप्ति कुमारी ने पारंपरिक शिक्षण विधियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में इसे सेतु बताया और कहा टीएलएम नवाचारयुक्त होने चाहिये।मेले में जिले के सभी प्रखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिये आयोजित किया गया था। एफएनएल में मध्य विद्यालय हुरहुरी को पहला स्थान मिला। जबकि, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरगुटू दूसरे व उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडूटोली तीसरे स्थान पर रहा। टीएलएम में कक्षा 3 से 5 तक की प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुरूम कांके पहले, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेम कांके दूसरे और, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाते लापुंग के बच्चे तीसरे स्थान पर रहे।

#### सीएन राज के छात्रों ने मारी बाजी

कक्षा 6 से 8 में सीएन राज प्लस टू हाई स्कूल रातू के छात्रों ने बाजी मारी। राजकीय मध्य विद्यालय झाबरी सिल्ली को दूसरे व उच्च विद्यालय कोइनारा लापुंग को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। कार्यक्रम प्रभारी सोनाली मिंज ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। मौके पर प्रियंका कुमारी, सुनीता कुमारी, सरोज कुमारी व रामानंद प्रसाद संकाय सदस्य मौजूद थे। सफल आयोजन में भारती फाउंडेशन का सराहनीय सहयोग रहा।

## झामुमो के अनगड़ा और नामकुम प्रखंड संयोजक मंडली का हुआ गठन

# दर्जनों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किए

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली की एक बैठक संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में अनगड़ा डाक बंगला और कोलकत्ता बैंक्वेट हॉल सिदरोल नामकोम में हुई। बैठक में मुख्य रूप से सिल्ली विधायक अमित महतो उपस्थित थे। इस मौके पर संयोक प्रमुख मुस्ताक आलम ने सदस्यों से पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूती प्रदान करने की अपील की। उन्होंने घोषणा की पंचायत स्तर पर जो भी अधिक सदस्य बनाएंगे उन्हें 10 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से अनगड़ा प्रखंड के लिए 25 सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया । बैठक मे मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा के अलावा मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, बीरू साहू, सबिबुल रहमान, महावीर विश्वकर्मा, आदिल इमाम, मंटू लाला, सुजीत कुजूर, विलयम रिचर्ड लकड़ा, रमेश साहू, कांके प्रखंड संयोजक प्रमुख जावेद अख्तर अंसारी, राजेश सिंह, शांति तिर्की, विजय आनंद नायक, महादेव मुंडा, बंशीधर महतो, मुस्लिम अंसारी, मोजाहिद हुसैन, गुड्डू, चामू बेक मो इरफान, साहिल यादव, माइकल रुंडा, अंशु लकड़ा, पप्पू भाई, राकेश, अतिकुर रहमान, लक्ष्मण राम, ललित लिंडा, मुकेश महतो, हरीश महतो एवं राजकुमारी टोपनो इत्यादि उपस्थित थे बैठक का संचालन रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता जी ने किया। बैठक में प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली का भी गठन किया गया। जगेश्वर महतो को अनगड़ा और मोजाहिद हुसैन को नामकोम प्रखंड का संयोजक प्रमुख बनाया गया।इसके साथ ही अनगड़ा प्रखंड संयोजक सदस्य मधुसूदन मुंडा, रिझुआ मुंडा, अमानुल्लाह अंसारी, मायाराम बेदिया, पूरन बेदिया, गणेश बेदिया, सीताराम पातर, अमित सिंह मुंडा, दिनेश प्रजापति, बधू लोहरा, धनेश्वर मुंडा, कृष्णा शंकर महतो, सज्जाद अंसारी, बाबूलाल मुंडा, राजू प्रमाणिक, खेदा महली, राजकिशोर महतो, बेनी महतो, नवीन नायक, आशा राम महतो, अरविन्द उरांव, जगदीश महतो, श्रीनाथ मुंडा, बनमाली महतो को सदस्य बनाया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि नवगठित प्रखंड संयोजक मंडल पंचायतों का गठन केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय समय सीमा मे कर जिला संयोजक मंडली को सूचित करें। इस असवर पर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व ग्रामीण जिला महामंत्री राजू प्रमाणिक और भाजपा के जितेन्द्र महतों सहित दर्जनों लोगों ने झामूमों की सदस्यता ग्रहण की पार्टी से जुड़ने वाले नए सदस्यों को जिला संयोजक मंडली के सदस्यों और पार्टी के नेतागणों द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई और माला पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया गया ।


**कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,लोहरदगा**
**प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा**

**ई० आमंत्रण सूचना**

**ई0–निविदा संख्या :–02/2024–25/NREP/LOHARDAGA दिनांक 06.02.2024.25**

कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e Procutment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/ LOHARDAGA /01/2024-25 | राजकीय उत्कृष्ट उच्च विधालय नगजुआ में 04 ACR एवं 02 यूनिट शौचलय निर्माण | 39,41,217.00 | उनचालिस लाख एकतालिस हजार दो सौ सत्रह रू0 | दो माह | प्रथम |
| | | राजकीयकृत मध्य विघायल जूरिया में 04 ACR निर्माण | 35,76724.00 | पैतिस लाख छिहत्तर हजार सात सौ चौबिस रूपये | दो माह | प्रथम |

2–वेबसाईट में निविदा प्रकाश की तिथि:– :– 17.02.2025
3–ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि :– 01.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक
4–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पत्ता :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
6– ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष स0:–8409767005
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा

PR 345910 Lohardaga(24-25).D



**झारखंड सरकार, उद्योग विभाग**
**हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय**
**उद्योग भवन, तृतीय तल, रातु रोड, राँची, पिन–834001**

**प्रेस विज्ञप्ति**

उद्योग विभाग अंतर्गत झारखण्ड इंस्टीच्यूट ऑफ क्राफ्ट एण्ड डिजाईन (JICD) में प्रशासनिक पदाधिकारी एवं सहायक प्रशासनिक पदाधिकारी के पूर्णतः अस्थायी पद पर संविदा के आधार पर (contractual basis) वार्धक्य सेवानिवृत पदाधिकारी की सेवा लेने हेतु Online आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

2. पदों की रिक्ति, परिलब्धि एवं अन्य विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 | पदनाम/ वेतन मान | पदों की संख्या | परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासनिक पदाधिकारी | 01 | वित्त विभाग, झारखंड के परिपत्रों के अनुसार संविदा के आधार पर नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मियों को अनुमान्य नियत मासिक मानदेय/संविदा राशि एवं अन्य सुविधाँए अनुमान्य होगी। |
| 2 | सहायक प्रशासनिक पदाधिकारी | 01 | |
| आवेदन समर्पित करने की तिथि 07.02.2025 से 20.02.2025 | | | |

2. वाँछित अर्हत्ता–प्रशासनिक पदाधिकारी पद के लिए सेवानिवृत पदाधिकारी का ग्रेड पे 5400/ या इससे अधिक तथा सहायक प्रशासनिक पदाधिकारी पद के लिए सेवानिवृत पदाधिकारी का ग्रेड पे 4200/– या इससे अधिक का होना चाहिए।
3. संविदा पर सेवा की अवधि अधिक्तम एक वर्ष की होगी। एक वर्ष पश्चात कार्य समीक्षा के उपरांत इंस्टीच्यूट के आवश्यकतानुरुप एक वर्ष और के लिए बढ़ाई जा सकती है।
4. राष्ट्रीयता:– आवेदक भारत का नागरिक हो।
5. पदों की कोटिवार :–अनारक्षित।
6. संविदा पर नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्तेः–
(क) इन पदों पर नियुक्ति पूर्णतः संविदा (contractual basis) के आधार पर होगी।
(ख) यदि कोई कर्मी ऐसी नियुक्ति से स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से नियुक्ति पदाधिकारी को लिखित सूचना एक माह पूर्व देनी होगी या एक माह की परिलब्धि देकर कार्यरत कर्मी की सेवा नियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा समाप्त कर दी जाएगी, परन्तु असंतोषप्रद सेवा की स्थिति में एक माह के पूर्व सूचना पर नियुक्ति कर्मी की सेवा समाप्त कर दी जायेगी और इसके विरुद्ध वे किसी भी स्तर पर अपील नहीं कर सकेंगे।
(ज) संविदा पर नियुक्त कर्मी को कैलेण्डर वर्ष के लिये राज्य कर्मियों के अनुरूप आकस्मिक अवकाश देय होगा, परन्तु वे अन्य किसी अवकाश के हकदार नहीं होंगे।
(झ) संविदा पर नियुक्त कर्मी के लिये राज्य कर्मियों की तरह आचार संहिता लागू होगा।
(ञ) हस्तशिल्प प्रक्षेत्र तथा सोसाइटी अधिनियम द्वारा स्थापित संस्थानों में कार्य अनुभव रखने वाले पदाधिकारियों को चयन में प्राथमिक्ता दी जाएगी।
(ट) सेवानिवृत पदाधिकारीयों की संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष है। परंतु पूर्व में तीन वर्ष (1+1+1) तक संविदा पर कार्य कर चुके सेवानिवृत पदाधिकारी आवेदन के लिए मान्य नहीं होगें।
8. **आवेदन कैसे करें**:–हस्तकरधा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय के बेबसाईट https://jharsericulture.jharkhand.gov.in/ पर online आवेदन दिनांक 07.02.2025 से 20.02.2025 तक किया जा सकेगा।अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।आवेदन भरने हेतु आवश्यक निर्देश, संविदा पर नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्तें website पर उपलब्ध है।

ह0/–
निदेशक

PR 345928 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 21/2024–25**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, राँची पूर्व राँची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 17. 2. 2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18. 2. 2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 18. 2. 2025 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी

| Sr. No. | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- B-1756/II, A-327/VI and others Jharkhand Vidhan sabha pool quarters, Dhurwa, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi. | 656082.00 | 13200.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2. | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- B-2164/II, A-258/II , B-354/II and others Jharkhand Vidhan sabha pool quarters, Dhurwa, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, | 617881.00 | 12400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3. | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- D-9 & D-11 behind indira palace, Hinoo, and others Jharkhand High court pool quartsiers, Doranda, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1277560.00 | 25600.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 4. | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- A-4, 30 Set, Near Nepal House, Doranda & B-30, Near Rajendra chowk, Doranda, and others Jharkhand High court pool quarters, Doranda, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi. | 710150.00 | 14300.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 5. | Construction of RCC Staging , brick masonary sump, Guard bathroom and other allied works at Judges Quarter no. -6(near A.G. more) under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi | 2059513.00 | 41200.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 6. | Special repair and improvement of water supply with replacement of GI pipe & sanitary fittings and connection of water supply at Quarters no. 99/124, 124 set Doranda, 49/56, 10/56, 56/56, 53/56 & 52/56, 56 Set, Doranda ,Ranchi and allied others works under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 969353.00 | 19400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 7. | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- B-01/18 Sachiwalay colony, Hinoo and others quarters Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi. | 577984.00 | 11600.00 | 1250.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in, Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची

PR 345879 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

# अवैध प्रवासी की समस्या

अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाये देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रंप प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया है। अमेरिका की इस दुखद प्रकिया का विरोध स्वाभाविक है।

## कार्टून वर्ल्ड







मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9


# भारत में आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने का प्रयास

निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए। विश्व के कुछ देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद आर्थिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प विभिन्न देशों को लगातार धमकी दे रहे हैं कि वे इन देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर कर की दर में वृद्धि कर देंगे। दिनांक 4 फरवरी 2025 से कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले उत्पादों के आयात पर 20 प्रतिशत एवं चीन से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का आयात कर लगा दिया है। वैश्विक स्तर पर उक्त प्रकार की उथल पुथल के अतिरिक्त रूस यूक्रेन युद्ध जारी ही है एवं कुछ समय पूर्व तक हमास इजराईल युद्ध भी चलता ही रहा था। वैश्विक स्तर पर उक्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारत, अपनी आर्थिक विकास दर को कायम रखते हुए, विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हां, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.3 प्रतिशत क्रमशः के आसपास रही है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो आगे आने वाले दो दशकों तक आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखना आवश्यक होगा। अतः केंद्र सरकार द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर को इस वित्तीय वर्ष की दो तिमाहियों में दर्ज की गई लगभग 5.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

दरअसल, आज देश में उत्पादों की मांग को बढ़ाना अति आवश्यक है जो पिछले कुछ समय से लगातार कम होती दिखाई दे रही है। इसके लिए आम नागरिकों के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध रहे, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे, आयकर की सीमा को वर्तमान में लागू सीमा 7 लाख रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 12 लाख रुपए प्रतिवर्ष कर दिया गया है। साथ ही, आय पर लगने वाले कर की दर को भी बहुत कम कर दिया गया है। इस प्रकार लगभग 1 करोड़ मध्यमवर्गीय करदाताओं को लगभग 1.10 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष का



अधिकतम लाभ होने जा रहा है। इस राशि से विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा एवं देश की आर्थिक विकास दर में तेजी दिखाई देगी। हालांकि इससे केंद्र सरकार के बजट पर एक लाख करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। परंतु, फिर भी बजटीय घाटा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.8 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अतः देश की वित्तीय स्थिति को सही दिशा दिए जाने के सफल प्रयास हो रहे हैं।



**- पी सबनानी**

**भारत में मेडिकल पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सकता है क्योंकि विकसित देशों की तुलना में भारत में विभिन्न बीमारियों का उच्चस्तरीय इलाज बहुत ही सस्ते दामों पर उपलब्ध है। वैश्विक स्तर पर मेडिकल पर्यटन का आकार 13,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। अत: भारत में मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।**

आज देश में एक करोड़ से अधिक सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग हैं जो 7.5 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कर रहे हैं एवं भारत के कुल उत्पादन में 36 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं तथा देश से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में भी 45 प्रतिशत की भागीदारी इन उद्योगों की रहती हैं। कुल मिलाकर भारत आज अपनी इन कम्पनियों को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहता है। भारत में आज निर्यात प्रोत्साहन मिशन को चालू किया जा रहा है ताकि भारत की कम्पनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। इसी प्रकार भारत को वैश्विक स्तर पर खिलौना उत्पादन के केंद्र के रूप में विकसित किये जाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। केवल एक दशक पूर्व भारत में खिलौनों का शुद्ध आयात होता था आज भारत खिलौनों का शुद्ध निर्यातक देश बन गया है। पिछले 10 वर्षों में भारत में खिलौनों के निर्यात में 200 प्रतिशत की वृद्धि एवं खिलौनों के आयात में 52 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। भारत ने 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के खिलौनों का निर्यात किया है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान लगभग 5 प्रतिशत है। विशेष रूप से वाराणसी, श्री अयोध्या धाम, उज्जैन एवं महाकुम्भ, प्रयागराज में पर्यटकों के लिए विकसित की गई आधारभूत सुविधाओं के बाद इन सभी शहरों की पहचान धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में पूरे विश्व में कायम हुई है। आज आध्यात्म की ओर पूरा विश्व ही आकर्षित हो रहा है अतः भारत में अन्य धार्मिक केंद्रों को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जाना चाहिए जिससे विभिन्न देशों के नागरिक भी इन धार्मिक स्थलों पर आ सकें एवं जिससे देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 2,541 करोड़ रुपए की राशि का आबंटन किया गया है जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 850 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई थी। भारतीय पर्यटन उद्योग का आकार 25,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, जो कि बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर पूर्व के राज्यों से लेकर जम्मू एवं कश्मीर तक 50 नए पर्यटन केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। यह ऐसे पुराने पर्यटन केंद्र हैं जिनकी पहचान कहीं खो गई है। अब इन पर्यटन केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं को विकसित किये जाने की योजना बनाई जा रही है। इन केंद्रो पर पहुंच को आसान बनाने के उद्देश्य से यातायात के साधनों का विकास किया जाएगा, सर्वसुविधा सम्पन्न होटलों का निर्माण किया जाएगा, एवं इन स्थलों पर अन्य प्रकार की समस्त सुविधाएं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, भारत में मेडिकल पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सकता है क्योंकि विकसित देशों की तुलना में भारत में विभिन्न बीमारियों का उच्चस्तरीय इलाज बहुत ही सस्ते दामों पर उपलब्ध है। और फिर, भारतीय नागरिकों के डीएनए में ही सेवा भावना भरी हुई है, अतः इन देशों के नागरिकों को भारत में इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। वैश्विक स्तर पर मेडिकल पर्यटन का आकार 13,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। अतः भारत में मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए जा सकते हैं। इसी प्रकार भारत में सुरक्षा के क्षेत्र में भी अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत अभी तक अपनी सुरक्षा सम्बंधी आवश्यकताओं के लिए सुरक्षा उपकरणों का बड़ी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान का स्पष्ट असर अब दिखाई देने लगा है और भारत आज मिसाईल सहित कई सुरक्षा उपकरणों का निर्यात करने लगा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के बजट में सुरक्षा क्षेत्र के लिए 4.92 लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का आबंटन किया गया है, साथ ही, पूंजीगत खर्चों में भी सुरक्षा क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़ रुपए के बजट का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**जब** प्रगति की राह पर देश चल पड़ा है, विकास की नई ऊंचाइयों को देश अर्जित कर रहा है, तब हम सबकी भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है।सरकारों में विरोध होना लोकतंत्र का स्वभाव है, नीतियों का विरोध होना लोकतंत्र की जिम्मेदारी भी है। लेकिन घोर विरोधवाद, घोर निराशावाद और अपनी लकीर लंबी किए बिना दूसरे की लकीर छोटी करने की कोशिशें विकसित भारत में रुकावट बन सकती है।

**– नरेंद्र मोदी पीएम**

कोलकाता स्थित प्रसिद्ध कालीघाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के खुशहाल, समृद्ध और स्वस्थ जीवन की कामना की। माँ काली सभी का कल्याण करें।

**– हेमंत सोरेन सीएम**

# सोशल मीडिया से दूरी और जीवन में किताबों को साथी बनाकर देखिए

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

## विचार

युवा पीढ़ी में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से किताबों में दिलचस्पी कम होती जा रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की वजह से देश के युवाओं की पढ़ने की आदत में तेजी से बदलाव आ रहा है। स्मार्टफोन और लगभग मुफ्त इंटरनेट सेवाओं के प्रसार ने आदत बदलने की इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इंस्टेंट मैगी युवा पीढ़ी का हिस्सा है। नतीजतन वे अपने जीवन को मैनेज करने के लिए गूगल का इस्तेमाल करते हैं। ठीक इसके उलट मेहनत, धैर्य और लगन से काम करके पुरानी पीढ़ी किताबें पढ़ती थी। किताबें समस्या-समाधान के लिए बहुत जरूरी थीं, खासकर आत्मकथाएं। पहले माता-पिता भी किताबें पढ़ने का सुझाव देते थे। अगर आप अभी किताबें और अखबार नहीं पढ़ते हैं तो आज से ही पढ़ने की आदत डालें। आप शायद किताबें पढ़ने के इतने फायदों से वाकिफ नहीं हैं। आजकल, युवा सुबह उठते ही समाचार पत्र पढ़ने के बजाय स्मार्टफोन पर सोशल मीडिया साइट्स ब्राउज करते हैं। कोई भी टीवी शो कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, अब परिवार उसे देखने के लिए एक साथ इकट्ठा नहीं होता है। सब अपने फोन पर सोशल मीडिया ऐप के साथ खुद को व्यस्त रखना जारी रखते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल उद्योग में और भी क्रांति आएगी। नतीजतन, जीवन और पढ़ने-लिखने की आदतों में बदलाव आए हैं, और आगे भी आएंगे।

किताबों को मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। किताबें पढ़ने की आदत को मनोरंजन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। इसके बजाय, इस आदत को दैनिक कार्यक्रम में शामिल करना चाहिए। आज जब लोगों से पूछा जाता है कि उन्होंने आखिरी बार कब किताब पढ़ी थी, तो अधिकांश लोग हैरान रह जाते हैं। स्कूल और कॉलेज में नामांकित छात्र तक नहीं बता पाते। यह समझने की जरूरत है कि दुनिया के हर सफल और प्रशंसनीय व्यक्ति को किताबें पढ़ने की आदत होती है। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त मानी जाती हैं। नियमित रूप से पढ़ना न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, बल्कि यह आपके ज्ञान को भी बढ़ाता है। यह जीवन और विचारों के प्रति व्यक्ति के दृष्टिकोण को भी बदलता है। इंटरनेट चाहे कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो जाए, किताबें पढ़ना हमेशा सबसे अच्छा विकल्प रहेगा। किताबें पढ़ने के फायदों की बात करें तो वे बहुत हैं। जब आप कोई किताब पढ़ते हैं, तो आपका ध्यान एक क्षेत्र पर केंद्रित होता है। हर दिन पढ़ने की आदत से फोकस बेहतर होता है। किसी प्रोजेक्ट पर काम करने का मन भी करता है। अखबारों में राजनीति, विज्ञान, तकनीक, कला और संस्कृति सहित कई विषयों पर लेख प्रकाशित होते हैं, साथ ही जाने-माने लेखकों और विषय विशेषज्ञों के लेख भी होते हैं। नियमित रूप से पढ़ने वाले बच्चों को नया ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलता है।

ज्ञान की कमी के कारण आपको कई स्थितियों में चुप रहना पड़ता है। आप स्पष्ट रूप से बोलने में असमर्थ होते हैं या ऐसा करने में बहुत शर्म महसूस करते हैं। पढ़ने से ज्ञान और जानकारी बढ़ती है। उसके आधार पर आप किसी भी विषय पर कहीं भी, किसी से भी चर्चा कर सकते हैं। किताबें पढ़ने से बोलने और संवाद करने का आत्मविश्वास बढ़ता है। कहा जाता है कि अच्छा लिखना, अच्छे बोलने से ही संभव होता है। किताबें पढ़ने से आप उन विचारों और रणनीतियों के बीच सम्बंध बनाना शुरू कर देते हैं, जिन पर वे चर्चा करते हैं अपने जीवन में। आप उन्हें उसी समय अपने जीवन में लागू करना शुरू कर देते हैं। आप किसी डरावने या दुविधापूर्ण उपन्यास को पढ़ते ही उसके पात्रों और घटनाओं की कल्पना करना शुरू कर देते हैं। फिर आप उपन्यास को पूरा पढ़े बिना ही उसके अंत को समझने की कोशिश करने लगते हैं। वर्तमान पीढ़ी को समाचार पत्र पढ़ना सिखाना चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि वे या तो अपने उपकरणों से मोहित हो जाते हैं या फिर फिक्शन पढ़ना पसंद करते हैं। समाचार पत्रों में तथ्यात्मक प्रस्तुति उनमें से अधिकांश के लिए थकाऊ और थका देने वाली होती है। हालांकि, आप कुछ नए विचारों को लागू करके समाचार पत्र पढ़ना अपने बच्चे के पसंदीदा शगल में से एक बना सकते हैं और एक बार जब आदत विकसित हो जाती है तो वह जीवन भर बनी रहती है।

उपन्यास या कहानी पढ़ने के बाद आप उसके किरदार लंबे समय तक याद रहते हैं। रोजाना पढ़ने से याददाश्त बेहतर होती है। इसी तरह दिमाग का विकास होता है। आपने शायद यह कहावत पढ़ी या सुनी होगी कि अगर आपको नींद नहीं आ रही है, तो सोने के लिए किताब पढ़ना शुरू कर दें। रात को सोने से पहले किताब पढ़ने से आपका दिमाग थका हुआ महसूस करता है और आपके दिमाग की

# प्रयागराज महाकुंभ में वाटर एटीएम की सफलता के मायने

**मुकुंद**

**प्रयागराज** महाकुंभ में वाटर एटीएम के प्रयोग ने ऐसे धार्मिक आयोजनों में इसकी सार्थकता पर चार चांद लगा दिए हैं। उम्मीद है कि देश में होने वाले ऐसे आयोजनों में वाटर एटीएम की व्यवस्था की जाएगी। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में वाटर एटीएम के प्रयागराज महाकुंभ-2025 में मिल रही लोकप्रियता पर चर्चा की गई है। इसमें कहा गया है कि महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था की गई है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में 233 वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। यह सभी 24 घंटे बिना किसी बाधा के संचालित हो रहे हैं। इनसे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शुद्ध आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) जल प्राप्त कर रहे हैं। मेला प्रशासन के अनुसार, 21 जनवरी से एक फरवरी तक 40.85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इन वाटर एटीएम का लाभ उठाया।

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मेला प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से निःशुल्क पेयजल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पहले यह सुविधा एक रुपये प्रति लीटर के शुल्क पर उपलब्ध थी। तब श्रद्धालु या तो सिक्का डालकर या यूपीआई स्कैन के माध्यम से भुगतान कर आरओ जल प्राप्त कर सकते थे। अब यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। इसके मकसद यह है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। यही नहीं प्रत्येक वाटर एटीएम पर एक ऑपरेटर तैनात किया गया है। वह श्रद्धालुओं के अनुरोध पर बटन दबाते ही शुद्ध जल उपलब्ध कराता है। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि श्रद्धालुओं को जल प्राप्त करने में कोई समस्या न हो और पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

महाकुंभ में स्थापित वाटर एटीएम आधुनिक तकनीक से लैस है। इन मशीनों में सेंसर-आधारित निगरानी प्रणाली लगी हुई है, जो किसी भी तकनीकी खामी का तुरंत पता लगाती है। यदि किसी वाटर एटीएम में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो इसे जल निगम के तकनीशियन तुरंत ठीक कर देते हैं।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की विशाल संख्या को देखते हुए प्रत्येक वाटर एटीएम से प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर आरओ जल की आपूर्ति की जा रही है।



सभी वाटर एटीएम में सिम-आधारित तकनीक का प्रयोग किया गया है। इस वजह से यह प्रशासन के केंद्रीय नेटवर्क से जुड़े रहते हैं। इस तकनीक के जरिये कुल जल खपत, जलस्तर प्रबंधन, जल की गुणवत्ता और वितरण की मात्रा पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। हर बार जब कोई श्रद्धालु वाटर एटीएम का उपयोग करता है तो एक लीटर शुद्ध जल निकलता है, जिसे वह मशीन में लगी टोंटी के नीचे रखी बोतल में भर सकता है।

पिछले महाकुंभ आयोजनों में देखा गया था कि संगम और अन्य घाटों के आसपास प्लास्टिक की बोतलों और अन्य कचरे की समस्या गंभीर रूप से बढ़ जाती थी। इस बार प्रशासन ने न केवल स्वच्छ जलापूर्ति की व्यवस्था की है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया है। महाकुंभ मेला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि वाटर एटीएम पूरे आयोजन के दौरान बिना किसी बाधा के कार्य करते रहें। इसके अलावा प्रयागराज प्रशासन आगे भी इसी तरह की पहल करने पर विचार कर रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ श्रद्धालुओं को तो मिल ही रहा है, इससे प्रशासन को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक कचरे में कमी लाने की दिशा में भी सफलता मिल रही है। यह प्रयोग श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बन गया है। यह प्रयोग ऐतिहासिक और अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है।

वाटर एटीएम का विचार नया नहीं है। सुरक्षित पेयजल की चुनौती को देखते हुए सरकार ने वैकल्पिक समाधान के रूप में वाटर एटीएम और जल शुद्धिकरण यंत्र जैसे छोटे जल उद्यमों को मान्यता देनी शुरू की है। सेफ वॉटर नेटवर्क के अनुसार, देश में सामुदायिक जलशोधन संयंत्रों की संख्या वर्ष 2014 में 12,000 थी।

यह 2018 में बढ़कर लगभग 50,000 हो चुकी है। वर्तमान में यह संख्या और ज्यादा होगी। सरकार 2030 तक हर घर जल के अंतर्गत तेजी से काम कर रही है। देश के लाखों लोगो को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए वाटर एटीएम की शुरूआत 2008 में पीरामल फाउंडेशन के सेल्स हेड धर्मवीर सिंह ने की थी। उन्होंने इसके लिए सर्वजल अभियान शुरू किया था। यह वाटर एटीएम वाटर बूथ भी कहलाते हैं। जैसे की मिल्क बूथ होते हैं जो दूध उपलब्ध कराते है और ये वाटर बूथ पानी उपलब्ध कराते है। ये वाटर बूथ दिखने में एटीएम की तरह होते है, इसलिए इन्हें वाटर एटीएम भी कहा जाता है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## स्पीड न्यूज

### आर्मी पब्लिक स्कूल में एनसीसी ने निकाली फाइलेरिया जागरूकता रैली



**रामगढ़ ।** आर्मी पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत एनसीसी ने जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना और अधिक से अधिक लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करना था। फाइलेरिया एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत, 2-5 वर्ष के बच्चों को 1 डीईसी और 1 अल्बेंडाजोल , 6-14 वर्ष के बच्चों को एलबेंडाजोल की खुराक दी जाएगी। केवल 2 साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। रैली के दौरान फाइलेरिया उन्मूलन से संबंधित नारे लगाए गए और लोगों को बताया गया कि यह बीमारी मच्छरों के जरिए फैलती है, जिसे रोकने के लिए दवा सेवन बेहद आवश्यक है। पिरामल फाउंडेशन से कार्यक्रम पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह और राजन ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग से एसआई मनोज कुमार, तथा आर्मी पब्लिक स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए लोगों से सहयोग की अपील की।

### श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में लता मंगेशकर को दी गयी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को गायिका लता मंगेशकर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्पेशल असेंबली का आयोजन हुआ। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी, शिक्षकों और बच्चों ने लता मंगेशकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्पेशल असेंबली में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने लता मंगेशकर के विभिन्न गीतों के मुखड़े की संगीतमय प्रस्तुति करते हुए उनके संगीतमय सफर को याद किया। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने उनकी जीवनी पर कहा कि भारत रत्न एवं दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित लता मंगेशकर ने केवल 13 साल की उम्र से ही गीत गाना शुरू कर दिया था। दर्जनों भाषाओं में उन्होंने हजारों गीत गाये हैं। उनके गाये गीत हर पीढ़ी को आज भी पसंद है। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने सुरों की जादूगर लता मंगेशकर की उपलब्धियों पर कहा कि कोई ऐसे ही लता मंगेशकर नहीं बन जाता है। लता ने गीत-संगीत के क्षेत्र में काफी तपस्या की। जिसका परिणाम रहा कि उन्हें अनेकों पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में साधना सिन्हा, रितिका, मम्पी पाल का योगदान रहा।

### ए ला एंगलाइज विद्यालय में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में गुरूवार को 12वीं कक्षा के विज्ञान और वाणिज्य धारा के विद्यार्थियों के लिए आर्शीवचन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने विद्यार्थियों को जीवन में बेहतर करने का आर्शीवचन देकर किया। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने विद्यार्थियों को उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए सराहना करते हुए उन्हें जीवन के अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को ज्ञान और कौशल प्रदान करना है, ताकि वे जीवन में आगे बढते हुए.अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। प्राचार्य श्री कुमार ने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि अब आप शैक्षिक यात्रा के अगले पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। मेहनत, ईमानदारी और साहस के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए तैयार रहें। आपसभी गुरूओं के मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें सफलता आपकी कदम चुमेगी। इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के विज्ञान और वाणिज्य धारा के विद्यार्थियों ने गुरूओं का आशीर्वाद लेते हुए विद्यालय जीवन के खट्टी-मिठी योदों सहित विभिन्न पहलुओं को साझा किया। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय की ओर से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उपहार और प्रमाण-पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार, सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, निदेशक विक्रांत कुमार, केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, वैभव, पूजा कुमारी और कक्षा 11वीं के दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### सोनडीहा जंगल से युवक का शव मिला



**कुजू।** सोनडीहा गरहवाटांड़ पैला पत्थर चेकडेम जंगल के समीप पेड़ में फंदे से झुलता एक युवक के शव को वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस ने बरामद किया। साथ ही पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक का पहचान सोनडीहा निवासी लीलेश्वर कुमार महतो (32 वर्ष) पिता स्व विजय महतो के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह ग्रामीण जब चेकडेम की ओर गये तो देखा कि पेड़ में फंदे से लटका एक युवक का शव झुल रहा है। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया। इधर खबर पाकर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि लीलेश्वर बुधवार की शाम घर से बाइक पर सवार होकर निकला था, जो देर रात तक वापस नहीं लौटा। सुबह में ग्रामीणों के द्वारा हमलोगों को सूचना मिला। इधर पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# हाइवा ने बाइक सवार दो युवको को कुचला, मौत

## परिजनों ने मुआवजे को लेकर तीन घंटे तक किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़/रजरप्पा ।** चितरपुर प्रखंड के मुरुबंदा तालाब के समीप गुरुवार को एक हाइवा ने बाइक सवार दो युवकों को चपेट में ले लिया । दुर्घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हाइवा का टायर हेलमेट पहने एक युवक के सिर पर चढ़ गया। इससे युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। इधर, घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने मुआवजे की मांग पर तीन घंटे तक सड़क जाम कर दिया । घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन काफी आक्रोशित हो गए और मुआवजे की मांग को लेकर रामगढ़-गोला मार्ग को दोनों तरफ से जाम कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के काफी समझाने के करीब तीन घंटे बाद लोगों ने सड़क जाम खत्म किया। मृतकों में पवन कुमार दांगी और सिकेंद्र मुंडा शामिल है। पवन गोला के डभातू का रहने वाला था और एस के डीजे-टेंट हाउस का संचालक था। दूसरा युवक सिकेंद्र मुंडा गोला के हुप्पू का रहने वाला था। सिकेंद्र, पवन के टेंट हाउस में ही काम करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ही गोला से रामगढ़ की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक घटना के बाद ड्राइवर हाइवा लेकर भाग निकला।

# उग्रवादियों का प्रोफाइल बनायें सभी थाना प्रभारी

## अपराध गोष्ठी में रामगढ़ एसपी ने दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने गुरवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी हुयी। गोष्ठी में मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित काण्डों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी इत्यादि) की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने / सांप्रदायिक मामलों को गंभीरत से लेते हुए साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई करने/प्रत्येक दिन थाना/ओ०पी० प्रभारी के द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पी०जी० पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 02 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआईएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत इ साक्ष्य आप का उपयोग, यातायाता नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर आमजनता को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। सभी थाना / ओपी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशिल रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करते हुए चोरी, लूट, गृहभेदन एवं डकैती के काण्डों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करने साथ ही थाना/ओपी क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी एकत्रित कर निगरानी रखते हुए सुरक्षा मुहैया कराने, हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में डीएसपी (मु०), एसडीपीओ रामगढ़/पतरातु, रामगढ़ /रजरप्पा, सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी बैठक में उपस्थित थे।

### 600 लाभुकों को मिला अबुआ आवास


**रामगढ़।** झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना से गरीबों का यह सपना साकार हो रहा है। जिला प्रशासन ने जब 600 गरीब परिवारों को एक साथ पक्के मकान में गृह प्रवेश कराया तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। जब अधिकारी और जनप्रतिनिधि घर में प्रवेश करने के लिए अनाज और चाबी दे रहे थे, उस समय सभी लाभुकों की आंखों में चमक साफ दिखाई दे रही थी। डीसी चंदन कुमार के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न अलग-अलग पंचायतों में उत्साह के साथ गृह प्रवेश कार्यक्रम का हुआ आयोजन। गुरुवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो ने बताया कि 600 आवास लाभुकों को एक साथ गृह प्रवेश कराया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में रामगढ़ जिला को कुल 4236 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध लाभुकों का चयन कर 4236 आवास की स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसके तहत प्रथम किस्त में 30 हजार, द्वितीय किस्त 50 हजार, तृतीया किस्त में एक लाख, चतुर्थ किस्त 20 हजार की राशि भुगतान किया गया। वित्तीय वर्ष 2023- 24 में लाभुकों को 50 करोड़ 1 लाख रुपए का भुगतान किया गया। डीडीसी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में रामगढ़ जिले को कुल 6763 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

# हजारीबाग के रिहायशी इलाकों में बेखौफ घूम रहे हैं शातिर चोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में इन दिनों एक संगठित चोर गिरोह ने आतंक मचा रखा है। रात के अंधेरे में 15-20 की संख्या में हथियारबंद चोरों का यह काफिला शहर के रिहायशी इलाकों में बेखौफ घूम रहा है। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई तस्वीरें इस बात की गवाही दे रही हैं कि इन अपराधियों को न तो पुलिस प्रशासन का डर है और न ही पकड़े जाने की चिंता।

**रात में 15-20 की संख्या में घरों को बनाते हैं निशाना**



सीसीटीवी में कैद हुयी तस्वीर।

रात 2 से 3 बजे के बीच सक्रिय गिरोह : दीपुगढ़ा, कोर्रा, मटवारी सहित अन्य इलाकों में इस गिरोह की हरकतें लगातार देखी जा रही हैं। रात के 2 से 3 बजे के बीच ये चोर चोरी का प्रयास करते हैं। इतना ही नहीं, मटवारी में लगभग हर घर में लगे पानी के नल के पुर्जे तक खोल दिए गए हैं। कुछ दिनों पहले दीपुगढ़ा इलाके में यह चोर गिरोह एक जेवरात की दुकान को निशाना बनाने पहुंचा। जब वहां तैनात गार्ड ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो इन अपराधियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

पुलिस प्रशासन की नाकामी उजागर : सबसे चिंताजनक बात यह है कि इतनी बड़ी संख्या में हथियारों से लैस चोरों के गिरोह के बावजूद पुलिस प्रशासन इन्हें रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। पेट्रोलिंग की पोल खुल चुकी है और चोरों का खौफ शहर में बढ़ता जा रहा है। ऐसा लगता है मानो पुलिस की मौजूदगी का इन अपराधियों पर कोई असर ही नहीं पड़ रहा। इस स्थिति में हजारीबाग के नागरिकों को खुद ही सतर्क रहने की जरूरत है। अपने आस-पड़ोस पर नजर रखें, संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना दें और पुलिस प्रशासन को जगाने की कोशिश करें। वरना जिस तरह इन चोरों का हौसला बढ़ रहा है, वह दिन दूर नहीं जब ये किसी भी बड़ी वारदात को अंजाम देने से पीछे नहीं हटेंगे।

### संविधान ने महिलाओं को दिए विशेष अधिकार : प्रो. केपी शर्मा



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान गौरव अभियान के तहत लेक्चर सीरीज सप्ताह की शुरूआत हुई। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. केपी शर्मा ने संविधान एवं नारी सशक्तीकरण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार दिए हैं, लेकिन इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की सख्त जरूरत है। समाज को अपनी मानसिकता बदलनी होगी, क्योंकि संविधान महिलाओं को समानता, सम्मान और अवसर देने की गारंटी देता है। प्रो. शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाएं प्राचीन काल से ही पूजनीय रही हैं। वेद, शास्त्र और पुराणों में महिलाओं के अधिकारों का उल्लेख मिलता है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और पांडवों ने भी महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष किया था।

# श्री श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभा यात्रा



**रामगढ़ ।** श्री श्याम महोत्सव पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा में गुरुवार को पांचो जजमान ने पूजन किया। इसके पश्चात राजस्थान के सूरजगढ़ से आए हुए हजारीमल जी इंदौरइया ने सूरजगढ़ से लाए हुए निशान की पूजा की एवं ज्योति को प्रज्वलित कर मोर पंख के द्वारा सबको आशीर्वाद दिया। सुबह 10:00 बजे से ही सैकड़ो सैकड़ों महिलाएं और पुरुष अपने-अपने निशान को लेने के लिए बेताब थे ।भगवान हनुमान जी की भगवान गणेश जी की प्रतिमा को मंदिर से क्रेन के द्वारा राजस्थान से आए हुए कुशल कार्यक्रमों ने ट्रक के ऊपर स्थापित करवाया यह लोग विशेष शुरू से मूर्ति को स्थापित करने में कुशल हैं हजारों किलो की मूर्ति को यह लोग अपनी क्षमता से सही जगह स्थापित कर देते हैं श्याम बाबा के जयकारे गूंजते रहे सभी बहने रानी कलर की खूबसूरत परिधानों में और अलग-अलग परिधानों में नजर आ रही थी। आगे आगे सैकड़ो लोग बाबा का बैनर लेकर चल रहे थे। उसके पीछे ताशा पार्टी चल रही थी। भगवान महाकाल के भूतों की छोटा ही अलग निराली थी ,जो कि भगवान शिव के भजनों पर झूमते चल रहे थे। लोग इनके वेशभूषा पर दीवाने हो गए थे ।क्या महिला और क्या पुरुष सब एक साथ उमंग में नाच रहे थे ।उसके पीछे बगिया चल रही थी इन पांच घोड़े की बगिया में अलग-अलग झांकियां को सजाया गया था। राधा कृष्ण, शिव पार्वती और अनेक भगवान उसमें स्थापित थे ।घोड़े की सवारी आगे आगे चल रही थी प महाराष्ट्र के अकोला से आई हुई महिला बैंडने अपनी छटा को और अलग बना दिया था। रामगढ़ की ताशा पार्टी अनेक सदस्यों के साथ झूमती नजर आई बैंड पार्टी आगे आगे चल रही थी ।जो बुजुर्ग महिलाएं थी अपनी-अपनी निशांत लेकर टोटो के अंदर बैठी हुई। थी। सैकड़ो गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी जिसमें भक्त जो बुजुर्ग थे बैठे हुए थे। अनेक गाड़ियों में डीजे बज रहा था और श्याम भक्ति नृत्य करते हुए बाबा का गुणगान करते हुए आगे की ओर चल रहे थे।

भजनों के लिए एक विशेष म्यूजिकल गाड़ी जिसके कलाकार हजारीबाग से आए थे अपना म्यूजिक बजा रहे थे। जिसमें रामगढ़ के स्थानीय कलाकार ध्रुव सिंह विष्णु शर्मा कमल बगड़िया एवं अनेक महिला भक्ति भजन गाते हुए चल रहे थे। अनेक गाड़ियों में भगवान का विग्रह स्थापित किया गया था। जगह-जगह सामाजिक संगठनों के द्वारा बाबा का स्वागत किया जा रहा था। खंडेलवाल समाज और अनेक व्यवसायिक संगठन सेवा में लग रहे थे। जगह-जगह सेवा शिविर लगाया गया। सूरजगढ़ का निशान सबसे पहले चढ़ाया गया। इस पूरे क्षेत्र में भजन कीर्तन की अमृत वर्षा हो रही थी।

## एक नजर में

### पंचायत समिति की बैठक में दिखी उदासीनता



**दारू ।** प्रखंड सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख कुमारी स्वेता ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की स्थिति पर चर्चा हुई। हालांकि, बैठक को लेकर पंचायत समिति के सदस्यों की उदासीनता साफ नजर आई। कुल 10 सदस्यों में से मात्र 3 ही बैठक में शामिल हुए, जिससे कोरम पूरा नहीं हो सका। इसके बावजूद बैठक की कार्यवाही जारी रही।

जरूरी मुद्दों पर सदस्य नदारद : बैठक के दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद ने एनएच-522 के किनारे जिनगा से पिपचो तक खड़े सूखे पेड़ों का मुद्दा उठाया, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। वहीं, कोडरमा सांसद के पूर्व प्रतिनिधि मिट्ठू रविदास ने आंगनबाड़ी केंद्रों की दयनीय स्थिति पर चिंता जताई। पंचायत समिति की बैठक के लिए आधे से अधिक सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होती है, लेकिन इतनी कम भागीदारी ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस बारे में प्रमुख कुमारी स्वेता ने कहा कि सदस्यों को उचित सम्मान नहीं मिलता, इसलिए वे बैठक में रुचि नहीं लेते। बैठक में बीडीओ हारुन रसीद, अंचलाधिकारी रामबालक कुमार, मांडू विधायक प्रतिनिधि रंजीत कुमार गुप्ता, बलदेव बाबू, बसंत सिंह, डॉ. अमरेश कुमार, मुखिया फरजाना खातून, अनिता देवी, पूजा राय सहित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और अन्य लोग मौजूद रहे। पूरा किए बिना बैठक आयोजित किए जाने से यह स्पष्ट हो गया कि पंचायत समिति की कार्यवाही मात्र औपचारिकता बनकर रह गई है। जब जनप्रतिनिधि खुद विकास योजनाओं को लेकर गंभीर नहीं हैं, तो योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन की उम्मीद कैसे की जा सकती है? प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में गति लाई जा सके।

### बेडम में महीनों से खराब ट्रांसफार्मर बदला गया



**टाटीझरिया।** बेडम गांव वार्ड नंबर 7 के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। महीनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को जेएलकेएम हजारीबाग जिला अध्यक्ष सरजू साव और प्रखंड अध्यक्ष सह उपमुखिया मनोज कुमार के प्रयासों से बदल दिया गया। लंबे समय से बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों और विद्यार्थियों को अब राहत मिलेगी। गांव में बिजली संकट को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। जब इस समस्या को जेएलकेएम के नेताओं तक पहुंचाया गया, तो उन्होंने त्वरित कार्रवाई कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की और जेएलकेएम नेताओं को धन्यवाद दिया। उद्घाटन समारोह में जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष ने समाजसेवियों के साथ पूजा-पाठ कर ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर समाजसेवी जगरनाथ महतो, महेंद्र भारती, हुलास महतो, महेश मास्टर, पिंटू कुमार, जीवलाल कुमार, संदीप अगरिया, अमुना करमाली, द्वारिका महतो, पूरन नेताजी, संतोष कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। ट्रांसफार्मर लगने से अब गांव में बिजली व्यवस्था बेहतर होगी और विद्यार्थियों को पढ़ाई में हो रही परेशानियों से भी निजात मिलेगी। ग्रामीणों ने जेएलकेएम के नेतृत्व की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह की समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई।

### इनमोसा से कई लोगों ने दिया इस्तीफा


**भुरकुंडा (रामगढ़।** इनमोसा के सभी पदाधिकारी की गुरुवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संजीव कुमार दुबे और संचालन प्रभास दास ने किया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। कहा गया कि लगभग 2 साल से हमलोग क्षेत्रीय कमिटी का चुनाव सही तरीके से करवाने और लगभग 10 से 15 वर्षों से क्षेत्रीय कमिटी का पैसा का लेनदेन का हिसाब किताब जो आज तक नहीं हुआ है। जिसका विरोध किया जा रहा था। इस बाबत ऊपर के पदाधिकारी को जानकारी भी दी गई, लेकिन किसी तरह की सुनवाई नहीं गई। कहा गया कि ऊपर के पदाधिकारी द्वारा घर में एरिया का कमेटी बना देना, किसी को जानकारी ना देना, किसी भी तरह का विरोध करने पर इनमोसा से निकाल देने की धमकी देना और व्हाट्सएप के माध्यम से बाहरी लोग कह कर संबोधित करना बर्दाश्त से बाहर है। इतना ही नहीं बिना किसी सूचना के भुरकुंडा कमेटी को भंग कर दिया गया है जो कहीं से उचित नहीं है। जानबूझकर ये लोग ऐसा इसलिए कर रहे हैं कि जब ब्रांच का कमेटी भंग हो जाएगा तो एरिया में यह लोग आवाज नहीं उठा पाएंगे। आवाज को पूरी तरह दबाने के लिए अंग्रेज शासन लागू किया जा रहा है। यहां हमलोगों का कोई सुनने वाले नहीं है। इनमोसा महामंत्री से लेकर इनमोसा के सीसीएल अध्यक्ष तक हमलोगो के बातो अनदेखा कर रहे हैं। इस्तीफा देने वाले सदस्यों में संजीव कुमार दुबे, प्रभास दास, राज किशोर यादव, नारायण साव, बसंत कुमार बासपत, अरविंद कुमार सहाय, रविंद्र कुमार शाह, मनोज कुमार सिंह, सुरेश, भादो मुर्मू, मनोज कुमार राम, मनोज कुमार सिंह, पप्पू सिंह, शशि भूषण सिंह, हरिहर टुडू, अनिल कुमार पासवान, विनोद साव, बैजनाथ कुमार, ओम प्रकाश ओझा, रामानुज प्रसाद, रामदेव महतो, नीरज कुमार मोहनता आदि शामिल हैं।

### आरसीएमयू के 20 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन ने यूनियन के साथ की बैठक



**कुजू।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के द्वारा 20 सूत्री मांग पर विचार विमर्श करने को लेकर सीसीएल महाप्रंधक ने यूनियन के पदाधिकारियों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में बैठक किया। बैठक के यूनियन की ओर से रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह शामिल हुए. बैठक के दौरान सौंपे गये मांग पत्र पर चर्चा करते हुए यूनियन के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक से विचार कर जल्द से जल्द पूरा करने की मांग किय। इस पर प्रबंधन ने सभी मांगों का पूरा करने की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया। यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रबंधन को सौंपे गये मांग पत्र में कहा कि आरसीएमयू का कुजू क्षेत्र में सबसे अधिक सदस्य है, इस लिए सदस्यों की संख्या के आधार पर सीसीएल के विभिन्न कार्यक्रमों अधिक तर्जी देने, क्षेत्र के बंद पड़े खदानों के वहां सरप्लस मजदूरों का किसी ओर यूनियन में स्थानांतरण करने से पहले यूनियन से सहमति लेने, कोल इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर जो प्रमोशन नहीं दिया गया है, उसे 31 दिसंबर 2024 तक देने, पुंडी, आरा, पिंडरा, कुजू एवं सीओसीपी सारूबेड़ा खदान को चालू करवाने, 13 दिनो के बकाया वेतन का भुगतान करने, एरिया के सभी यूनियन में आरसीएमयू का यूनियन कार्यालय आवंटन करने, कामगारों का संडे और हॉलीडे की कटौती किसी भी हाल में न करने, विभिन्न परियोजनाओं में कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी पीपीई एवं अन्य सुरक्षा साधन ससमय उपलब्ध कराने सहित 20 सूत्री मांग शामिल है। बैठक में जीएम आरके सिन्हा, एसओपी गिरीश चंद्रा, पीओ पवन कुमार, मनोज कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, रामप्रवेश पासवान, पार्थो शंकरदेव, डिप्टी पीएम संतोष कुमार, रॉबर्ट सैंडिल, सनी कुमार, सरोज कुमार, साधना चौधरी, एसओ सिविल विजय प्रकाश, आशुतोष, प्रशांत के अलावे आरसीएमयू की ओर से रीजनल सचिव आरसीएमयू सीसीएल कुमार महेश सिंह, आरसीएमयू कुजू क्षेत्र सचिव राजकुमार ठाकुर, अध्यक्ष सुनील कुमार, राजकुमार, तिरु मांझी, जीएम यूनिट सचिव - रोहन महतो, मोहम्मद इनामुल के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

# मुश्किल नहीं है वेडिंग प्लानिंग




झरना सरियाल

**शादियां** हमेशा से ही एक बड़े व्यापार के रूप में देखी गई हैं, चाहे हम उसके किसी भी दिन से जुड़े क्यों न हों। यह मौका किसी भी लड़की के लिए खास होता है और वह इस दिन को परिपूर्ण देखना चाहती है लेकिन किसी भी शादी को पूरी तरह से सफल बनाना आसान काम नहीं होता। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में कोई भी हर चीज आसानी से हो जाए ऐसा जरूरी भी नहीं। इसीलिए आजकल वेडिंग प्लानिंग में करियर की संभावनाएं बढ़ रही हैं और कई महिलाएं भी इसे करियर के रूप में अपना रही हैं। यह काम जितना चुनौतियों से भरा है इसमें पैसा भी उतना ही अच्छा कमाया जा सकता है। वैसे भी शादी का मतलब सिर्फ लड़की से ही नहीं होता बल्कि इसमें उसके और लड़के के पूरे परिवार से होता है इसलिए इस करियर में विवाह की सारी व्यवस्थाएं आप पर होंगी और उसका पूरा प्रबंध भी आपको करना होगा लेकिन कलात्मक ढंग से। आपको विवाह के समय होने वाले सभी कार्यक्रमों की योजना बनानी होगी। साथ ही इसमें हो रहे खर्च का भी ध्यान रखना होगा। इसीलिए वेडिंग प्लानर को करियर का रूप देने के लिए सबसे पहले आपको अपने हुनर को और निखारना होगा। इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए अच्छी इंटरपर्सनल स्किल और सुव्यवस्थित ढंग से काम करना बहुत जरूरी है। शादियों में होने वाले कार्यक्रम और उनके अनुसार होने वाले काम की जानकारी होना जरूरी है। इसकी जानकरी आप पढ़ाई करके भी ले सकती हैं। लेकिन अगर आप खुद सीखना चाहती हैं तो शादियों में मदद कर, ब्राइडल शो देखकर, शादियों की पत्रिकाएं पढ़कर सीख सकती हैं। अपना एक पोट फोंलियो बनाएं ताकि आप लोगों को अपनी कला का सही ढंग से विवरण दे सकें।

अगर आप अपना बिजनेस खोलना चाहती हैं तो पहले आप किसी वेडिंग इंडस्ट्री में नौकरी करें। इससे आपके तजुर्बे के साथ-साथ संपर्क भी बनेंगे। वैसे भी वेडिंग प्लानर को प्लान करने होटल, चर्च, कंट्री क्लब, मंदिर, हॉल आदि जगहों पर बुलाया जाता है। आजकल वेडिंग प्लानर कई तरह की सर्विस और पैकेजिंग के ऑफर देते हैं जिनमें वे सक्षम हैं। उदाहरण के तौर पर कुछ दूल्हा और दुल्हन से ही बात करते हैं जो अपनी शादी खुद प्लान करते हैं, कुछ प्लानर 'डेस्टीनेशन वेडिंग' प्लान करते हैं किसी क्रूज पर आदि। इसलिए बिजनेस खोलने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आप किस प्रकार की सर्विस ऑफर करना चाहेंगी। इसके अलावा शादियों में जरूरी सेवाएं देने वालों से भी संपर्क बनाएं रखें जैसे गाड़ी, म्यूजिशियन, फोटोग्राफर, पार्टी सप्लाई कंपनी आदि। इससे आपको काम करवाने में आसानी रहेगी। अपने क्लाइंट बनाने के लिए बिजनेस कार्ड या ब्रोशर ब्राइडल शॉप, फ्लोरिस्ट, फोटोग्राफर आदि के पास भी रखें ताकि वे भी आपकी सर्विस के बारे में औरों को बता सकें। इसके अलावा अपनी सर्विस की मार्केटिंग करने के लिए विज्ञापन, नेटवर्किंग या इंटरनेट के जरिए भी कर सकती हैं। सफलता पाने के लिए नए तरीके अपनाने में भी रुचि रखें। वैसे अगर आपकी इच्छाशक्ति है तो आप अपने करियर में सफलता पा सकती हैं।

# फाइनेंस के सेक्टर में अच्छी संभावनाएं




वित्तीय मामलों में ज्यादातर आंकड़ों का खेल होता है। इसलिए एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए जरूरी है कि आपको फाइनेंस की भाषा की अच्छी समझ हो। फाइनेंस के सेक्टर में हो रहे विकास के कारण आज इस क्षेत्र में करियर की काफी अच्छी संभावनाएं हैं।

**फाइनेंशियल एडवाइजर का काम** : अपने ग्राहकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उपयोगी सलाह देने का काम फाइनेंशियल एडवाइजर करते हैं। इनका काम अपने ग्राहकों को निवेश, बीमा, बचत योजनाओं, कर्ज आदि के बारे में सही सलाह देना होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा और कम से कम नुकसान हो।

**क्वालिफिकेशन** : फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए आप कैट एग्जाम के जरिए भारत के किसी भी अच्छे कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। वैसे, पहले केवल कॉमर्स के छात्र ही इस क्षेत्र में भविष्य बनाते थे, लेकिन इसके बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी (मैथ-बायो), बीए, बीबीए और बीई के छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप चाहें तो एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनेंस, मास्टर्स इन कमोडिटी एक्सचेंज आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं।

**नौकरी के अवसर** : फाइनेंशियल एडवाइजर किसी कंपनी में अकाउंटेंट, ऑडिटर, इकोनॉमिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन ऑफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यु एजेंट आदि के तौर पर काम कर सकते हैं। फाइनेंस में ग्रेजुएशन करने के बाद आप किसी वित्तीय अखबार, पत्रिका आदि में संवाददाता और वित्तीय विश्लेषक के रूप में काम कर सकते हैं। बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन, कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्युचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स को नियुक्त करती है। विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर्स की मांग काफी ज्यादा है। प्रोफेशनल चाहें, तो इंटरनेशनल फाइनेंसिंग कंपनी, लैंडिंग एंड बॉरोइंग, मल्टी करेंसी ट्रेडिंग आदि फाइनेंशियल कंपनियों में नौकरी की तलाश कर सकते हैं।

**सैलरी वॉच** : फाइनेंशियल एडवाइजर के तौर पर करियर की शुरुआत करने पर ज्यादातर कंपनियां सैलरी के साथ-साथ कमीशन भी देती है। वैसे, शुरुआती दौर में सैलरी 10 हजार से 40 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। अनुभवी प्रोफेशनल्स की सैलरी 1.5 से 2 लाख रुपये प्रति माह तक हो सकती है।

# टॉय डिजाइनिंग में सवारें करियर

प्रशांत झा

खिलौने सभी बच्चों को बेहद पसंद होते हैं। ये सिर्फ खेलने के नजरिये से नहीं बल्कि उनके मानसिक विकास में भी मदद करते हैं। वैसे भी आजकल बाजार में इतने नये-नये खिलौने आ गये हैं कि कई बार लेने से पहले सोचना पड़ता है। कहते हैं अपने अंदर का बच्चा कभी न मरने दें और खिलौनों की दुनिया का यह नया स्वरूप खिलौने के निर्माण में कॅरियर की भी ढेरों संभावनाएं पैदा करता है। टॉय डिजाइनर का काम खिलौनों से बच्चों का मनोरंजन तो हो ही, साथ ही, ऐसे खिलौने बनाना भी है जिनसे बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा भी मिले।

टॉय डिजाइनिंग में दो चीजें हैं- एक क्रिएटिविटी और दूसरा बच्चों की क्षमता को समझना, जिससे बच्चे खेलें भी और उन्हें नई चीजें सीखने का मौका भी मिले। खिलौने भी दो प्रकार के होते हैं- एक जिनसे बच्चे कुछ सीखते हैं और जिसे परिवार के साथ भी खेला जा सकता है, दूसरा सिर्फ मौज-मस्ती के लिए। पुराने समय में खिलौने प्राकृतिक चीजों से बनते थे जैसे लकड़ी, पत्थर या मिट्टी लेकिन आजकल यह प्लास्टिक, फर और अन्य कृत्रिम पदार्थ। टॉय डिजाइनर खिलौनों को डिजाइन करते हैं और फिर बनाते हैं। उनका काम शुरू होता है ड्रॉइंग, स्केचिंग या कंप्यूटर से मॉडल तैयार करने से, फिर यह तय करना कि खिलौने का हर हिस्सा कैसे बनना है और फिर उसका एक नमूना तैयार करना। खिलौनों को बाजार में दो प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए रखा जाता है- एक तो बच्चे जो उनसे खेलते हैं और दूसरे उन ग्राहकों के लिए जो खिलौने एकत्रित करते हैं। गुड़िया से लेकर मैकेनिकल सेट, टॉय डिजाइनर बोर्ड गेम्स, पजल्स, कंप्यूटर गेम्स, स्टफ्ड एनिमल्स, रिमोट कंट्रोल कार, नवजात शिशु के लिए खिलौने आदि बनाते हैं। आजकल के दौर के हिसाब से खिलौने बनाने के लिए डिजाइनर को न केवल बाजार के ट्रेंड से अवगत रहना चाहिए बल्कि अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों की जरूरतों को भी पता होना चाहिए। इस कैरियर में ग्राफिक डिजाइन, मैकेनिकल ड्रॉइंग और कलर के चुनाव की जानकारी हो तो अच्छी सफलता प्राप्त हो सकती है। टॉय डिजाइनर बच्चों के विशेषज्ञ के साथ काम करते हैं जिससे उन्हें हर आयु के बच्चों की जरूरत का पता चलता है। उनकी सफलता अच्छे, मनोरंजक, कल्पनाशील और सुरक्षित खिलौने बनाने पर निर्भर करती है। इस कैरियर के लिए व्यापार और प्रबंधन क्षमता होना जरूरी है। इस कैरियर में विशिष्ट कोर्स कम हैं लेकिन ग्राफिक डिजाइन, इंडस्ट्रियल डिजाइन या कार्टूनिंग की जानकारी के साथ काम किया जा सकता है। इसमें कंप्यूटर की जानकारी होना जरूरी है। इसके अलावा, इंजीनियरिंग और मार्केटिंग में अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक, विशेषज्ञ, साइकोलॉजिस्ट, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट भी टॉय डिजाइनिंग का कोर्स कर सकते हैं। इंजीनियरिंग का ज्ञान तकनीक द्वारा निर्मित खिलौने के लिए होना जरूरी है। शिक्षक, विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक हर आयु के बच्चों की जरूरतें आसानी से समझ सकते हैं इसलिए परामर्शदाता के तौर पर वह इस क्षेत्र में पैर जमाने में सक्षम हैं। कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट खिलौनों की सॉफ्टवेयर संबंधित कार्यात्मकता प्रदान कर सकते हैं।



कुछ टॉय डिजाइनर एजुकेशनल खिलौनों में भी विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं, कुछ सामान्य खिलौनों में या फिर कोई विशिष्ट क्षेत्र में कोर्स कर सकते हैं जैसे मॉडल मेकिंग, बोर्ड गेम्स, सॉफ्ट टॉय या पुराने खिलौनों की प्रतिकृति आदि। आजकल पालतू जानवरों के लिए खिलौने बनाना भी बढ़ती हुई इंडस्ट्री है। टॉय डिजाइनर अगर चाहें तो किसी कंपनी में भी काम कर सकते हैं या स्वतंत्र रूप से खिलौने भी बना सकते हैं।

अगर चाहें तो अपनी मेनुफैक्चरिंग यूनिट भी खोल सकते हैं। टॉय डिजाइन पर किताब लिख सकते हैं या किसी इंस्टिट्यूट में बतौर शिक्षक भी नौकरी की जा सकती है। इसके अलावा, बतौर इंटीरियर डिजाइनर बच्चों के कमरे या प्ले स्कूल थीम बेस्ड टॉय का इस्तेमाल करके डिजाइन कर सकते हैं। टॉय डिजाइन कंस्लटेंट या इसमें फ्रीलांसिंग भी की जा सकती है। एक बार डिजाइनर के तौर पर अपने आपको स्थापित करने के बाद अवसरों और आय की कमी नहीं होगी। लेकिन इस कैरियर में सफलता आपकी रचनात्मकता पर निर्भर करती है।

**■ यहां से करें कोर्स**

1 नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद।

2 इंस्टीच्यूट ऑफ टॉय मेकिंग, कोलकाता।

# यूजीसी ने इन 18 मेडिकल कॉलेजों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

## एंटी रैगिंग नियमों की अनदेखी पड़ी भारी,

यूजीसी ने एंटी रैगिंग नियमों का पालन न करने पर देशभर के जिन 18 मेडिकल कॉलेजों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, उसमें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भी दो कॉलेज शामिल हैं।

**जिन मेडिकल कॉलेजों को दिया गया है वो सभी देश के अलग अलग राज्यों से हैं।**

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने एंटी-रैगिंग नियमों का पालन न करने वाले 18 मेडिकल कॉलेजों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वाले इन 18 मेडिकल कॉलेजों में दो कॉलेज दिल्ली के भी हैं। इन कॉलेजों को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से सात दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें चूक के कारणों और इस स्थिति को तुरंत सुधारने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का विवरण दिया गया है।

यूजीसी का कारण बताओ नोटिस पाने वाले 18 मेडिकल कॉलेजों में दो दिल्ली, दो तमिलनाडु, दो असर,दो पुडुचेरी, तीन आंध्र प्रदेश, तीन मध्य प्रदेश, एक तेलंगाना, एक पश्चिम बंगाल और एक उत्तर प्रदेश का मेडिकल कॉलेज शामिल है।

## यूजीसी ने क्या कहा ?

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव मनीष जोशी ने कहा, ‖यह पाया गया कि इन कॉलेजों ने रैगिंग की समस्या को रोकने के लिए एंटी-रैगिंग विनियम, 2009 में निर्धारित अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन नहीं किया है। विशेष रूप से, यह हमारे संज्ञान में आया है कि संस्थान छात्रों से उक्त विनियमों के अनुसार एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग प्राप्त करने में विफल रहे।

## क्या है एंटी रैगिंग रेगुलेशन, 2029 ?

एंटी-रैगिंग रेगुलेशन, 2009 भारतीय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा बनाया गया एक नियम है जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की समस्या को रोकना है। इस नियम के अनुसार, सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को रैगिंग के खिलाफ कार्रवाई करनी होती है और इसके लिए उन्हें कई कदम उठाने होते हैं। एंटी-रैगिंग रेगुलेशन, 2009 के अनुसार प्रत्येक छात्र और उनके माता-पिता और अभिभावकों को प्रवेश के समय और प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत में एंटी-रैगिंग अंडरटेकिंग प्रस्तुत करना होगा। मगर इन 18 कॉलेजों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया न ही छात्रों और उनके माता-पिता से अंडरटेकिंग प्राप्त की।

मनीष जोशी ने कहा, यह अंडरटेकिंग शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की किसी भी घटना को रोकने और रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। इन अंडरटेकिंग को प्राप्त करने में विफलता न केवल नियमों का पालन न करने का मामला है, बल्कि छात्रों की भलाई और सुरक्षा को भी खतरे में डालती है।

जोशी ने कहा, निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रदान करने में विफलता हमें एंटी-रैगिंग रेगुलेशन, 2009 के प्रावधानों के अनुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बाध्य करेगी, जिसमें दंड लगाना और अन्य सुधारात्मक उपाय शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।

# बजट 2025 के जरिये रोजगार सृजन

वृजमोहन ओझा

हालिया केंद्रीय बजट में चुनींदा सेक्टरों के लिए विभिन्न माध्यमों से मदद व प्रोत्साहन आदि के प्रावधान किये गये हैं ताकि वे तेजी से ग्रोथ व विस्तार कर सकें व उनमें जॉब्स का सृजन हो। ऐसे में उम्मीद है कि अगले पांच सालों में लक्षित 3 करोड़ से ज्यादा रोजगार पैदा होने का सपना पूरा होगा।

साल 2025-26 के केंद्रीय बजट में 8 ऐसे सेक्टरों को चिन्हित किया गया है, जहां सरकार को उम्मीद है कि आने वाले 5 सालों में 3 करोड़ नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह भी कि 50 लाख रोजगार अकेले एमएसएमई तथा स्टार्टअप के क्षेत्र व 50 लाख से ज्यादा टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र से पैदा की उम्मीद की गई है। चमड़ा/फुटवियर उद्योग से 22 लाख, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से 1 लाख, गिग इकोनॉमी क्षेत्र से अगले 5 सालों में एक करोड़, ग्रामीण कौशल विकास के क्षेत्र से 50 लाख, शहरी कारोबार और पीएम स्वनिधि योजना से करीब 10 लाख और खिलौना उद्योग से 22 लाख रोजगार अगले 5 सालों में पैदा होंगे, यह उम्मीद हालिया बजट से लगायी गई है। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुचिता दत्ता के मुताबिक यह उम्मीद हवा हवाई नहीं, पैसा आयेगा तो इंडस्ट्री विस्तार करेगी और रोजगार पैदा होंगे।

**इंश्योरेंस में एफडीआई बढ़ाने का असर**

जहां तक पैसा आने की बात है तो इस आम बजट में इंश्योरेंस सेक्टर में पहली बार डायरेक्ट इंवेस्टमेंट को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधे 100 फीसदी कर दिया गया है। इससे उम्मीद है कि इंश्योरेंस के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सीधा विदेशी निवेश आयेगा और बीमा क्षेत्र का जो व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा, उससे 10 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा होंगे। खिलौना, निर्माण, ईवी मैन्यूफैक्चरिंग, इकोसिस्टम, ट्रैवल और टूरिज्म क्षेत्र को जिस तरह से मदद पहुंचायी गई है, उसके चलते अगले पांच सालों में रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन दिखेंगे।

**एमएसएमई की श्रेणी में विस्तार**

एमएसएमई सेक्टर की श्रेणी बढ़ायी गई है, अब यह क्षेत्र पहले से कहीं ज्यादा पूंजी उठा सकेगा और इसका इस्तेमाल रोजगार विस्तार के लिए होगा। इसी तरह गिग वर्कर्स भी बडे.पैमाने पर इस साल रोजगार पा सकेंगे । मध्यवर्ग को आयकर में दी गई राहत से जो पैसे उसके हाथ में आएंगे, उनके जरिये उपभोग में बढ़ोतरी होगी जो गिग इकोनॉमी को मजबूत बनायेगी। गौरतलब है कि देश में इस समय करीब 1 करोड़ एमएसएमई यूनिट्स हैं, जिनमें 7.5 करोड़ से ज्यादा लोग नौकरी कर रहे हैं। अब चूंकि क्रेडिट गारंटी कवर बढ़ने से अगले 5 साल तक में 1.5 से 2 लाख करोड़ रुपये तक इस क्षेत्र के लिए अतिरिक्त कर्ज उपलब्ध होगा, इसलिए मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

**होटल व टूरिज्म क्षेत्र को मदद**

इस बजट में पहली बार होमस्टे और छोटे होटल व्यवसायियों के लिए भी मुद्रा लोन की व्यवस्था की गई है। इससे 50 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। वहीं साल 2033 तक पर्यटन के क्षेत्र में 5.42 करोड़ नौकरियां पैदा होने का अनुमान है, जिसकी शुरूआत इसी साल से हो जायेगी और इस तरह हालिया केंद्रीय बजट रोजगार पैदा करने में जोरदार भूमिका निभायेगा।



**बड़ा दांव फुटवियर उद्योग पर**

सरकार ने सबसे ज्यादा दांव चमड़ा/फुटवियर उद्योग में लगाया है। इनसे जुड़ी केंद्रीय योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत चमड़ा प्रसंस्करण, डिजाइनिंग और निर्माण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नौकरियां पैदा होंगी। अनुमान है कि यह क्षेत्र इस साल 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करेगा और 22 लाख से ज्यादा रोजगार के नये अवसर पैदा करेगा।

**गिग वर्कर्स के लिए प्रोत्साहन उपाय**

साल 2025-26 के आम बजट को ऐसे निर्मित किया गया है कि यह रोजगार पैदा करने को आधारभूत भूमिका बनाए। गिग वर्कर्स को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा की घोषणा की गई है और इस घोषणा में एक करोड़ गिग वर्कर्स को औपचारिक पहचान मिलेगी व सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। ओला, ऊबर, जोमैटो और स्विगी जैसे प्लेटफॉर्म पर इस साल रोजगार के अवसर पैदा होंगे। जिनके साल 2029-30 तक 2.35 करोड़ हो जाने की बात कही गई है यानी अगले 5 साल में इस क्षेत्र से 1.35 करोड़ रोजगार पैदा होंगे। वहीं सरकार खिलौना इंडस्ट्री को अगले 5 सालों में क्लस्टर स्किल और मैन्यूफैक्चरिंग का इको सिस्टम बनायेगी। इसमें कई लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है ताकि यह इंडस्ट्री हर साल लाखों रोजगार पैदा करे। साल 2025-26 के बजट को रोजगार बढ़ाने वाले डिजाइन के अनुरूप ढाला गया है। अनुमान है कि अगले पांच सालों में 3 करोड़ से ज्यादा नये रोजगार पैदा होंगे।

## घर बैठे विवाद निपटान का मंच

केस की पैरवी भी अब वर्चुअल और किफायती

ज्यूपिटस कानूनी -न्यायिक सेवा उपलब्ध कराने का डिजिटल मंच है जिसके जरिये उपभोक्ता अदालतों समेत विभिन्न न्यायालयों में वादी-प्रतिवादी मुकदमों की पैरवी वर्चुअली कर रहे हैं।

**श्रीगोपाल नारसन**

देश की उपभोक्ता अदालतों को राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर वर्चुअल कर दिया गया है जिससे वाद दायर करने वाले और उनके अधिवक्ता अब घर बैठे ही उपभोक्ता अदालतों में अपने मुकदमों की पैरवी वर्चुअल रूप में कर रहे हैं। जिससे समय और धन की बहुत बचत हो रही है। ऐसा होने से शीघ्र,सुलभ व सस्ता न्याय का स्वप्न भी साकार हो रहा है। हम यह भी कह सकते हैं कि अब कानूनी विवादों के लिये वकीलों और अदालतों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। दुनिया की पहली न्याय प्रौद्योगिकी कंपनी ज्यूपिटस जस्टिस टेक्नोलॉजीज ने कानूनी विवादों के शीघ्र और आसान समाधान के लिये एक डिजिटल न्यायिक मंच भी शुरू किया है। इस मंच के जरिये कोई भी व्यक्ति या इकाई उपभोक्ता,कारोबारी और दीवानी विवादों का समाधान कम खर्च में घर बैठे ही प्राप्त कर सकता है।

**न्याय में मददगार डिजिटल मंच**

ज्यूपिटस ऑनलाइन कानूनी एवं न्यायिक सेवा उपलब्ध कराने का प्रौद्योगिकी मंच है। यह रियल एस्टेट नियामकीय प्राधिकरण (रेरा), विद्युत विनियामक आयोग ,उपभोक्ता राष्ट्रीय एवं राज्य आयोग जैसे संस्थानों को डिजिटल मंच के रूप में मदद करने के साथ ‖ऑनलाइन न्यायिक सेवा ‖मार्केटप्लेस‖ भी है, जो कानूनी विवादों में फंसे लोगों और विवाद समाधान पेशेवरों को जोड़ता है। कोई भी व्यक्ति या फर्म मंच पर अपना इस प्रक्रिया को अपनाने के लिए अपना अकाउंट बना सकता है, मध्यस्थ नियुक्त कर सकता है और विवादों का निपटान कर सकता है। इस मंच के जरिये मामला दर्ज करने से लेकर निर्णय तक की प्रक्रिया का निपटान संभव है।

**कम खर्च का भी पहलू**

देश की विभिन्न अदालतों में मई, 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 4.7 करोड़ मामले लंबित थे। ज्यूपिटस विवादों के समाधान का एक परिपक्व मंच है। सरकार भी ऑनलाइन विवाद समाधान व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये कदम उठा रही है। सामान्य तौर पर कानूनी विवाद के निपटान का खर्चा दावा राशि का 35 प्रतिशत तक होता है। इस मंच के जरिये यह खर्चा 85 प्रतिशत तक कम हो जाता है। वित्त वर्ष 2021-22 में 8,000 से अधिक मामले ज्यूपिटस मंच पर आये। इसमें से 70 प्रतिशत मामलों का निपटान किया गया। ज्यूपिटस मंच से 3,000 वैकल्पिक समाधान पेशेवर जुड़े हैं। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय के 10 सेवानिवृत्त जजों समेत कुल 33 न्यायाधीश और राष्ट्रीय उपभोक्ता मंच के सेवानिवृत्त सदस्य भी हैं।

**आभासी अदालतों की नई अवधारणा**

न्याय घर-घर‖ पहुंचाने के इरादे से डिजिटल मंच विकसित करने के लिए विभिन्न सरकारी प्राधिकरणों और मध्यस्थता केंद्रों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के अलावा रणनीतिक भागीदारी भी की है। इसमें गुरुग्राम रियल एस्टेट नियामकीय प्राधिकरण, त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्बिट्रेशन एंड मीडिएशन शामिल हैं। छोटे अपराध केस निपटाने के लिए ई-कोर्ट परियोजना के तहत आभासी अदालत की नई अवधारणा पेश की गई है। इसमें कोर्ट रूम की आवश्यकता नहीं। इसका उद्देश्य अदालतों में लोगों की संख्या कम करना है।

**जज भी वर्चुअल**

वर्चुअल कोर्ट का प्रबंधन, वर्चुअल जज द्वारा किया जा सकता है, जिसका अधिकारिता का विस्तार पूरे राज्य में किया जा सकता है और सातों दिन चौबीसों घंटे कार्य किया जाता है ।इस प्रकार, कीमती न्यायिक समय और जनशक्ति की बचत होगी।

# कृषि विज्ञान में बना सकते हैं अपना करियर

भारत विश्व के प्रमुख कृषि प्रधान देशों में से एक है और इसकी संपत्ति के सबसे बड़े स्त्रोतों में से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है- भूमि की पैदावार। देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका योगदान सकल घरेलू उत्पाद का 29.4 प्रतिशत है। इससे करीब 64 प्रतिशत सेवा क्षेत्र जुड़ा है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में वर्ष दर वर्ष कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। कृषि विज्ञान आधारित उच्च प्रौद्योगिकीय क्षेत्र है तथा इसमें रोजगार संभावनाएं हैं। पशु और पादप शोधकर्ता, खाद्य वैज्ञानिक, वस्तु ब्रोकर, पोषणविद, कृषि पत्रकार, बैंकर्स, बाजार विश्लेषक, बिक्री व्यावसायिक, खाद्य संसाधक, वन प्रबंधक, वन्यजीव विशेषज्ञ आदि के रूप में कृषि क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है। कृषि अनुसंधान और शिक्षा कृषि विश्वविद्यालयों, संस्थानों तथा कृषि शिक्षा और पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालयों द्वारा संचालित की जाती है। कृषि विज्ञान के प्राकृतिक, आर्थिक और सामाजिक विज्ञान भाग हैं, जिन्हें कृषि के व्यवहार तथा इसे समझने के लिए प्रयोग किया जाता है। इस क्षेत्र में उत्पादन तकनीकें जैसे सिंचाई प्रबंधन, अनुशंसित नाइट्रोजन इनपुट्स गुणवत्ता और मात्रा की दृष्टि से कृषि उत्पादन में सुधार, प्राथमिक उत्पादों का अंतिम- उपभोक्ता उत्पादों में परिवर्तन, विपरीत पर्यावरणीय प्रभावों की रोकथाम तथा सुधार जैसे मिट्टी निम्नीकरण, कचरा प्रबंधन, जैव-पुनः उपचार सैद्धांतिक उत्पादन पारिस्थितिकी, फसल



उत्पादन मॉडलिंग से संबंधित परंपरागत कृषि प्रणालियां, कई बार इसे जीविका कृषि भी कहा जाता है, जो विश्व के सर्वाधिक गरीब लोगों का भरण-पोषण करती है। ये परंपरागत पद्धतियां काफी रुचिकर हैं क्योंकि कई बार ये औद्योगिक कृषि के बजाय ज्यादा प्राकृतिक पारिस्थितिकी व्यवस्था के साथ समाकलन का स्तर कायम रखती हैं जो कि कुछ आधुनिक कृषि प्रणालियों की अपेक्षा ज्यादा दीर्घकालिक होती हैं।

स्पीड न्यूज

# मानगो नगर निगम : 292 सफाईकर्मियों में 187 ड्यूटी पर, 105 गायब

- यूं ही नहीं मानगो नगर निगम में सफाई कार्यों का हाल बेहाल
- जनसुविधा समिति ने जब वार्ड नंबर 8,9 और 10 का निरीक्षण किया तो सामने आया सच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर हाल ही में गठित जनसुविधा समिति के सदस्यों ने गुरुवार को मानगो में सफाई कार्यों का जायजा लेने के लिए वार्ड नंबर 8, 9 और 10 का निरीक्षण किया। इन्होंने वहां इस बात का निरीक्षण किया कि मानगो नगर निगम ने जिन ठेकेदारों को सफाई कार्य के लिए नियुक्त किया है, उनके कितने सफाईकर्मी वहां काम कर रहे हैं। उन्होंने पाया कि जितनी संख्या में सफाईकर्मियों को नियुक्त करने का समझौता ठेकेदारों और नगर निगम के बीच में हुआ है, उससे काफी कम संख्या में सफाईकर्मी वहां कार्यरत हैं। अधिकांश सफाईकर्मी अवकाश पर थे। यह स्थिति बीते दो साल से ही यूं ही बनी हुई है। इस कारण मानगो की सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। सरयू राय ने इस संबंध में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सूचित किया और कहा कि इस पर कार्रवाई करवाएं। नगर निगम का पैसे बर्बाद हो रहा है, उसकी बंदरबांट हो रही है। इस बंदरबांट में नगर निगम के अफसरों की मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।


मानगो नगर निगम क्षेत्र में गंदगी का अंबार दिखाते लोग।

जनसुविधा समिति के अनुसार, वार्ड नंबर 8, 9 और 10 में कुल 292 सफाईकर्मी हैं। गुरुवार को इनमें से 187 सेवा करते पाये गए जबकि 105 गैर हाजिर रहे। आंकड़ों के अनुसार, वार्ड नंबर 8 में कुल सफाईकर्मियों की नियुक्ति हुई 59 जबकि गुरुवार को मौजूद रहे मात्र 53 सफाईकर्मी। 42 सफाईकर्मी अनुपस्थित रहे। यहां तरंग एन्टरप्राइजेज के 25 में से 17 सपाईकर्मी मौजूद रहे तो जेएसआर एन्टरप्राइजेज के 30 में से 16 सपाईकर्मी मौजूद थे। इसी प्रकार प्रसाद एन्टरप्राइज के 20 में से 13 सफाईकर्मी मौजूद रहे तो पीके एंटरप्राइजेज के 20 में से मात्र 7 सपाईकर्मी ही मौजूद थे।

वार्ड नंबर 9 में कुल 102 सफाइकर्मियों की नियुक्ति हुई है जिसमें गुरुवार को मात्र 67 मौजूद रहे और 35 अनुपस्थित रहे। इनमें साईं कृपा एन्टरप्राइजेज के 30 में से 15 सफाईकर्मी मौजूद थे तो एनएस कन्सट्रक्शन के 10 में से मात्र 3 सफाईकर्मी मौजूद रहे। सोनल एंटरप्राइजेज के 16 में से 8 सफाईकर्मी मौजूद थे तो संजय शर्मा के 15 में से मात्र 5 सफाईकर्मी ही मौजूद थे। विनय चौधरी के 16 में से 14 सफाईकर्मी मौजूद थे। अरविंद एन्टप्राइजेज के 15 में से 12 सफाईकर्मी मौजूद रहे।

वार्ड नंबर10 में कुल सफाईकर्मियों की नियुक्ति हुई है 95 जिनमें से गुरुवार को मात्र 67 मौजूद थे और 28 अनुपस्थित थे। यहां सेजल एंटरप्राइजेज के 30 में से 22 सफाईकर्मी मौजूद थे तो रौनक एंटरप्राइजेज के 18 में से 10 सफाईकर्मी मौजूद रहे। सिद्धि एंटरप्राइजेज के 17 में से 11 सफाईकर्मी ही मौजूद रहे जबकि मां विंध्यवासिनी एंटरप्राइजेज के 15 में से 11 सफाईकर्मी मौजूद रहे। एसके एंटरप्राइजेज के 15 में से 13 सफाईकर्मी मौजूद रहे।

निरीक्षण दस्ते में नीरज सिंह, पप्पू सिंह, संतोष भगत, पिंटू सिंह, बिनोद सिंह, प्रेम सक्सेना, चेतक सिंह, बाला प्रसाद, अजय शर्मा, अम्बिका पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## समझौते के बाद यौन शोषण के आरोप से बरी

**जमशेदपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (पांच) मंजू कुमारी के न्यायालय से बागबेड़ा के श्रवण कुमार पटेल को यौन शोषण के आरोप (एसटी 61/2021) से बरी कर दिया गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के अनुसार श्रवण कुमार पटेल के खिलाफ पीड़िता करो ताकि 2015 से 2020 तक उसका यौन शोषण करता रहा। गर्भधारण किया तो गर्भपात उसकी इच्छा के बिना करवा दिया। शादी के लिए बोलने पर वह मारता पीटता था।

## पार्टी कर लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**जमशेदपुर।** आकाश मुखर्जी (24) साल पिता संदीप मुखर्जी आकाश टेल्को के रहने वाले हैं कल रात को अपने दोस्तों के साथ पार्टी करके आए घर की ओर जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल स्किट कर गई और उनके घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आज उनका पोस्टमार्टम हुआ और उनकी बॉडी को परिजनों को सौंप दिया गया।

## स्कूटी से गिरने से घायल महिला की मौत

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा में साइन अपार्टमेंट में रहने वाली बलबीर कौर (45) साल पति प्रितपाल सिंह गत 26 जनवरी को स्कूटी से गिर गई थी। इलाज के दरमियान आज 6 फरवरी 2025को उनकी मौत हो गयी। गुरुवार को पोस्टमार्टम कर के उनकी लाश को परिजनों को सौंप दिया गया।

## भारत के नागरिकों का बजट : मनोज अग्रवाल



**जमशेदपुर।** आधुनिक ग्रुप के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत के नागरिकों के लिए बजट है। वित्त मंत्री ने आने वाले पांच सालों में 10 लाख करोड़ के इंफ्रा का प्लान रखा है. इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और स्टील की खपत को बढ़ावा मिलेगा। करदाता की सीमा बढ़ायी गयी है तो उन्हें भी लाभ मिलेगा। लेकिन इस्पात क्षेत्र के अलावा, इस्पात पर सीमा शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है, जो भारत में वैश्विक आयात की तुलना में इस्पात निर्माताओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बना देगा। दूसरों को मुश्किल दिनों का भुगतान करना होगा जब तक कि कोयले पर पर्यावरण उपकर में कमी नहीं की जानी चाहिए और सभी राज्यों में अधिक से अधिक लौह अयस्क खदानों को नीलामी के लिए रखा जाना चाहिए। जिससे आने वाले वर्षों में सेकेंडरी स्टील निमार्ताओं को सस्ता कच्चा माल मिलेगा।

## पानी पर नेताओं का बयान हास्यास्पद

**जमशेदपुर।** आजसू ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रकार विश्वकर्मा ने बयान जारी कर कहा कि पानी के लिए छोटा गोविंदपुर समेत आस-पास के पंचायत क्षेत्रों में लोग त्राहिमाम है। ऐसे में आजसू जनता के साथ मिलकर आंदोलन के लिए बाध्य हो चुकी है। जल्द ही आंदोलन का बिगुल फूंका जायेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर में वार्षिक उत्सव सह 12वीं विदाई समारोह का आयोजन

# एटक छोड़ दर्जनों लोग जनता मजदूर संघ में शामिल,फूलमाला पहनकर स्वागत किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में प्रथम वार्षिक उत्सव सह कक्षा 12वीं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एनके एरिया महाप्रबन्धक दिनेश कुमार गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी सह पूर्व जिला परिषद अब्दुल्लाह अंसारी एवं कांके विधायक खलारी प्रतिनिधि मोनू रजक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुरूआत अतिथियों व प्रधानाध्यापक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय विगत 12 वर्षों से प्राप्त उपलब्धियां में सबसे बड़ा खेल एकेडमिक एवं अन्य उपलब्धियां में विद्यार्थियों को प्राप्त हुए। विशिष्ट अतिथि श्री अंसारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल विधार्थियो में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की बात कही। विद्यालय वार्षिक उत्सव पर कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश बैठा ने प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान को फोन करके बधाई दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के शुरूआत से सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय बनने की कहानी बताई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका आकांक्षा ठाकुर एवं शिक्षक मनोज कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्रों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम में नृत्य नाटक एकांकी एवं सामाजिक सद्भाव से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम शुभ अवसर पर विद्यालय के संस्थापक जागीन चौहान,श्रीमती राजो देवी सोशल एंड एडुकेशनल ट्रस्ट के सचिव ज्योति चौहान ,विक्की सिंह, कृष्ण चौहान,मुन्नू शर्मा, देवनारायण गंझू,रमेश चौहान, आलोक चौहान, दीपक चौहान, रवि सिंह, भीष्म चौहान,भरत रजक, जावेद अंसारी,नीतीश झा ,संजय कुमार गुप्ता,अनिल पांडेगणमान्य लोग उपस्थित हुए। वही शैक्षणिक शास्त्र 2023- 25 के विदाई पाने वाले विद्यार्थियों में कला संकाय एवं विज्ञान संकाय के छात्र- छात्रा सम्मिलित थे, इन सभी को सभी उपस्थित अतिथियों ने इनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



## झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर में वार्षिक उत्सव सह 12वीं विदाई समारोह का आयोजन

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में प्रथम वार्षिक उत्सव सह कक्षा 12वीं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एनके एरिया महाप्रबन्धक दिनेश कुमार गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी सह पूर्व जिला परिषद अब्दुल्लाह अंसारी एवं कांके विधायक खलारी प्रतिनिधि मोनू रजक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुरूआत अतिथियों व प्रधानाध्यापक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय विगत 12 वर्षों से प्राप्त उपलब्धियां में सबसे बड़ा खेल एकेडमिक एवं अन्य उपलब्धियां में विद्यार्थियों को प्राप्त हुए। विशिष्ट अतिथि श्री अंसारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल विधार्थियो में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की बात कही। विद्यालय वार्षिक उत्सव पर कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश बैठा ने प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान को फोन करके बधाई दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के शुरूआत से सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय बनने की कहानी बताई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका आकांक्षा ठाकुर एवं शिक्षक मनोज कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्रों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम में नृत्य नाटक एकांकी एवं सामाजिक सद्भाव से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया।कार्यक्रम शुभ अवसर पर विद्यालय के संस्थापक जागीन चौहान,श्रीमती राजो देवी सोशल एंड एडुकेशनल ट्रस्ट के सचिव ज्योति चौहान ,विक्की सिंह, कृष्ण चौहान,नीतीश झा ,संजय कुमार गुप्ता,अनिल पांडेगणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# डोमजूडी में वैष्णव मिलन कुंज नौ को, पांच राज्यों से प्रतिनिधि जुटेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** जनता मजदूर संघ श्रमिक, गरीब, ग्रामीण, विस्थापित और प्रभावितों को केंद्र विंदू में रखकर कोयला क्षेत्र का समावेशी विकास का पक्षधर रहा है। संघ के इस मूलमंत्र को समझकर जो नए लोग संगठन से जुड़ रहे हैं वैसे लोग हमारे संकल्प को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उक्त बातें संघ के सीसीएल अध्यक्ष व सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने कही है। वे गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस स्थित संघ कार्यालय में आयोजित एक मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को रविन्द्र नाथ सिंह,गोल्टेन प्रसाद यादव,कामोद यादव ने भी संबोधित किया.इसके पहले युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक ) मुख्यालय शाखा को छोड़कर जनता मजदूर संघ में शामिल होने वाले सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। शामिल होने वालों में एटक के सचिव चिंटू सिंह, कोषाध्यक्षः रणधीर कुमार एवं कुणाल नाथ, सूरज प्रसाद मंडल,सूरज कुमार, रवि शेखर, अरविंद कुमार शर्मा, उमेश प्रकाश, छोटू कुमार बेज, मानस तलपदार, शैलेश कुमार, मानस पासवान, रोहित मिश्रा, बिनोद उरांव, जीतन मुंडा, रविशंकर मंडल,विनायक कुमार, सुब्रतो घोष, साहब गांगुली, उमेश कुमार आदि ने संघ की सदस्यता ग्रहण किया। सभी ने कहा कि युवा नेतृत्व सिद्धार्थ गौतम और कमलेश कुमार सिंह से प्रभावित होकर कुछ नया करने की उम्मीद से संघ में शामिल हुए हैं.इस अवसर पर अमित कुमार,दीपक रंजन सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# बिरसानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार को ले विधायक ने शुरू की पहल

- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के प्रधान सचिव को पूर्णिमा दास ने लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिरसानगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों को चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान कर रहा है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और मरीजों को देखते हुए इसकी मौजूदा संरचना और सुविधाएं अब अपर्याप्त साबित हो रही हैं। प्रसूति सेवाओं और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इस स्वास्थ्य केंद्र के बुनियादी ढांचे के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी क्रम में, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर बिरसानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के विस्तार की माँग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि इस केंद्र में रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पाता। उन्होंने उल्उ के प्रथम तल पर अतिरिक्त सुविधाओं के विस्तार की माँग की है, जिसमें प्रमुख रूप से पुरुष और महिला वार्ड का निर्माण, मरीजों एवं परिजनों के लिए वेटिंग एरिया, सुरक्षित एवं सुचारू प्रसव के लिए लेबर रूम, नर्सिंग स्टेशन की स्थापना, मेडिसिन स्टोर की व्यवस्था, सीढ़ी, रैंप एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का विकास जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।


विधायक पूर्णिमा दास।

## प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित और मानव जीवन को सशक्त बनायेगा प्योरसम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चाकुलिया/ जमशेदपुर।** जमशेदपुर के चाकुलिया में आज दिनांक 6 फरवरी 2025 को बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती मोहंती, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, न्यूरो सर्जन डॉ संजय कूमार ने संयुक्त रूप से प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित करने और मानव जीवन को सशक्त बनाने की ओर कदम बढ़ाते हुए प्योरसम के नये प्लांट का उद्घाटन किया। मौके पर प्योरसम के सीओओ सहित प्रमुख चिकित्सक डॉ संजय कुमार उपस्थित रहे। अपने विस्तार के हिस्से के रूप में प्योरसम ने झारखंड के चाकुलिया में एक नई सीएफओएम उत्पादन सुविधा की नींव रखी है।

यह प्लांट रणनीतिक रूप से 20,000 मवेशियों के लिए एक आश्रय के साथ एकीकृत है, जो एक बंद लूप सिस्टम बनाता है जहां गाय के गोबर को प्रीमियम जैविक खाद में परिवर्तित किया जाता है। 100 टन प्रति माह की लक्षित उत्पादन क्षमता के साथ, यह सुविधा स्थानीय समुदायों के लिए स्थिर रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगी।

# धातुओं में जंग से देश को जीडीपी का 2 से 4 प्रतिशत तक नुकसान : डॉ संदीप घोष चौधरी

- एनएमएल ने होटल विवांता में दो दिवसीय संक्षारण और कोटिंग्स पर इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय धातु संस्थान, जमशेदपुर चैप्टर ने टाटा स्टील लिमिटेड, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर के सहयोग से 6-7 फरवरी, 2025 के दौरान संक्षारण और कोटिंग्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होटल विवांता, जमशेदपुर में किया गया।



सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी, विशिष्ट अतिथि, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) के कार्यकारी निदेशक श्री ए के मनोहर, आईआईएम जमशेदपुर चैप्टर के अध्यक्ष और धातुकर्म एवं सामग्री इंजीनियरिंग के प्रमुख डॉ अशोक कुमार, आई3सी - 2025 के अध्यक्ष डॉ रघुवीर सिंह, आई3सी - 2025 के संयोजक डॉ तपन राउत और अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों श्री सुधांशु पाठक, पूर्व उपाध्यक्ष, इस्पात निर्माण, टाटा स्टील लिमिटेड, डॉ रामानुज नारायण, निदेशक सीएसआईआर-आईएमएमटी, श्री प्रवीण थम्पी, मुख्य सीआरएम टीएसके, कोल्ड रोलिंग मिल श्री अतुल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष, वुलस्पन समूह, डॉ ए एन भगत, डॉ एस तरफदार द्वारा किया गया।

## एक नजर में

### न्यूवोको विस्टास का रांची में दूसरा प्लांट शुरू




**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने रांची में अपना दूसरा रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) प्लांट शुरू किया है। अरगोड़ा, कांके रोड, बरियातू में स्थित यह अत्याधुनिक प्लांट क्षेत्र में हाई-क्वालिटी निर्माण सामग्री की आपूर्ति को और मजबूत करेगा। रांची-1 प्लांट से करीब 30 किमी दूर स्थित रांची-2 प्लांट उत्तर-पश्चिम, पूर्व और मध्य क्षेत्रों में औद्योगिक, कमर्शियल और आवासीय विकास की जरूरतों को पूरा करेगा। तेजी से विकसित हो रहे बाजार के करीब होने से यह सप्लाई चेन को अधिक कुशल बनाएगा और निर्माण कार्यों के लिए समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करेगा। इस संबंध में न्युवोको विस्टास के चीफ-रेडी-मिक्स (आरएमएक्स) कंक्रीट, प्रशांत झा ने कहा कि यह नया प्लांट झारखंड में निर्माण उद्योग की जरूरतों को पूरा करने और ग्राहकों को अधिक कुशल सेवाएं देने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस प्लांट की उत्पादन क्षमता 60 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा है और यह विभिन्न ग्रेड के कंक्रीट के निर्माण में सक्षम है। इसमें एक्सकॉन-एक्सपर्ट कंक्रीट, हाई-स्ट्रेंथ कंक्रीट, वाटर और क्रैक रेसिस्टेंट कंक्रीट सहित कई वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स (वीएपी) उपलब्ध होंगे।

### चाईबासा : थोलकोबाद में दो एकड़ वनभूमि पर लगी पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया



**चाईबासा/ जमशेदपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत छोटा नगरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में मनोहरपुर अंचल अंतर्गत वन ग्राम थोलकोबाद के तीन टोलो जोजोडेरा, मार्चिकुदर एवं टोयबो में लगभग दो एकड़ वन भूमि में लगे अफीम की खेती को विनस्ट किया गया। दूसरी ओर, आज पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत अंचल अधिकारी, बंदगांव एवं थाना प्रभारी, बंदगांव के द्वारा मानकी, मुण्डा एवं ग्रामीणो के साथ बैठक कर अफीम के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया तथा अवैध अफीम की खेती के नुकसान के बारे में सभी को निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध कराया गया। बताया गया कि अफीम की खेती से उपजाऊ जमीन बंजर हो जाती है और अफीम के खेत में प्रयोग होने वाले खाद से जल प्रदूषण का खतरा पैदा होता है। इससे प्रजतन क्षमता में कमी के साथ बच्चे विकलांग या मानसिक रूप से अस्वास्थ्य पैदा होते हैं। इंसान की उम्र कम होती है और गर्भवती महिलाओं पर दुष्प्रभाव पड़ता है। समाज में आपसी विवाद पैदा होता और समाजिक शांति भंग होती है।

### युवा कवि गोपाल कुमार ने पद्म भूषण बछेंद्री पाल को भेंट किया काव्य संग्रह



**जमशेदपुर।** मानगो निवासी युवा कवि गोपाल कुमार ने गुरुवार को पद्म भूषण बछेंद्री पाल को बियॉन्ड होराइजंस वर्सेज ऑफ एडवेंचर काव्य संग्रह भेंट किया। यह काव्य संग्रह गोपाल कुमार का है जो अंग्रेजी में है, और अमेजन पर बिक रही है। गोपाल कुमार ने **खबर मन्त्र** से कहा कि एक सच्ची अग्रदूत, बछेंद्री पाल जी 1984 में माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, जिन्होंने साहसी और खोजकर्ताओं की पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनसे मिलना एक विनम्र अनुभव था - उनका जुनून, लचीलापन और अथक भावना असाधारण से कम नहीं है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने हमेशा यात्रा और अन्वेषण के माध्यम से रोमांच की तलाश की है, मैं अपनी पुस्तक को साझा करने के लिए इससे अधिक उपयुक्त व्यक्ति के बारे में नहीं सोच सकता।

### गोविंदपुर में जलापूर्ति ठप होने से हाहाकार

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर जलापूर्ति योजना में जल की आपूर्ति नहीं होने से पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है जिसके चलते आप सैकड़ो लोग गोविंदपुर स्थित पानी टंकी में पहुंचकर विरोध दर्ज कर रहे हैं। साथ ही साथ स्थानीय जिला परिषद ने उपायुक्त महोदय एवं विभाग के एसडीओ से बात कर समस्या के जल समाधान की मांग की है। डीसी की पहल पर जलापूर्ति परियोजना के ठेकेदा ने जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल करने पर सहमति दी है।

### चिन्मया विद्यालय, साउथ पार्क के छात्रों ने पार्वतीपुर गांव का भ्रमण किया



**जमशेदपुर।** शिक्षारत बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण के कार्यक्रम में चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क के छठी कक्षा के 70 छात्रों ने 5 फरवरी को हिंदी विभाग की ओर से पार्वतीपुर गांव का भ्रमण कराया गया। वहां वार्ड नंबर 10 के पार्षद श्री रोहित महतो जी के सहयोग से बच्चों ने गांव के परिवेश, खेती-बाड़ी, जीव जंतु, पेड़-पौधे, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की, इस भ्रमण में विज्ञान विभाग का भी बहुत सहयोग रहा।

### शहीद देवेंद्र माझी-11 ने नागरिक-11 को हराया

**गोइलकेरा।** गोइलकेरा क्रिकेट लीग के पांचवे सीजन में गुरुवार को फाइनल मुकाबले से पहले शांति व सौहार्द का संदेश देते हुए मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। गोइलकेरा प्रखंड अंतर्गत डालैकेला खेल मैदान में आयोजित इस मैच में शहीद देवेंद्र माझी एकादश ने नागरिक एकादश को आठ विकेट से पराजित किया। शहीद देवेंद्र माझी एकादश की कप्तानी विधायक जगत माझी जबकि नागरिक एकादश की कप्तानी गोइलकेरा के पूर्व क्रिकेटर राकेश गुप्ता कर रहे थे। विधायक जगत माझी ने टॉस जीतकर नागरिक एकादश को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया गया। निर्धारित 12 ओवरों में नागरिक एकादश ने 6 विकेट खोकर 101 रन बनाये। टीम के पंकज महतो ने 24 गेंदों पर 38 रनों की शानदार पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में कप्तान राकेश व पिंटू खान ने 12-12, बजरंग प्रसाद ने 11 व मनोज गुप्ता ने 10 रनों का योगदान दिया।

# भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

## जडेजा और हर्षित राणा ने तीन-तीन विकेट झटके गिल (87), अक्षर (52) और अय्यर (59) की शानदार पारी




एजेंसी

नागपुर। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (87), अक्षर पटेल (52) और श्रेयस अय्यर (59) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 68 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और उसने मात्र 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान रोहित शर्मा (दो) और यशस्वी जायसवाल (15) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 94 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में जेकब बेथेल ने पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अक्षर पटेल ने गिल का भरपूर साथ निभाया। दोनों के बीच चौथे विकेट लिये 108 रनों की मजबूत साझेदारी हुई। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को 34वें ओवर में आदिल रशीद ने अक्षर पटेल को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अक्षर पटेल ने 47 गेंदों में छह चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (52) रन बनाये। के एल राहुल (दो) को आदिल रशीद ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट भारत को पांचवां झटका दिया। इसके बाद साकिब महमूद ने शतक की ओर बढ़ रहे शुभमन गिल को बटलर के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। गिल ने 96 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए (87) रनों महत्वपूर्ण की पारी खेली। भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। रवींद्र जडेजा (12) और हार्दिक पंड्या (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। जडेजा ने साकिब महमूद की गेंद पर विजयी चौका लगाया।

इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद और आदिल रशीद को दो-दो विकेट मिले। जोफ्रा आर्चर और जेबेक बेथल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की फिल सॉल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में विकेटकीपर केएल राहुल ने फिल सॉल्ट को रनआउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। फिल सॉल्ट ने 26 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में हर्षित राणा ने बेन डकेट (32) को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। इसी ओवर में हर्षित ने हैरी ब्रूक (शून्य) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 19वें ओवर में रविंद्र जडेजा ने जो रूट (19) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। 36वें ओवर में हर्षित राणा ने लियम लिविंगस्टन (पांच) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई।

40वें ओवर में मोहम्मद शमी ने ब्राइडन कार्स (पांच) को आउट किया। 43ओवर में रविंद्र जडेजा ने जेकब बेथेल (51) को आउट कर इंग्लैंड की बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीदों को झटका दिया। जडेजा ने आदिल रशीद (आठ) को बोल्ड कर इंग्लैंड को नौवां झटका दिया। 48वें ओवर की चौथी गेंद पर कुलदीप यादव ने साकिब महमूद (दो) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। कप्तान जॉश बटलर (52), जेकब बेथेल (51) और फिल सॉल्ट (43) की जूझारू पारियों के दम पर इंग्लैंड ने 248 के स्कोर तक पहुंच सका। जोफ्रा आर्चर (21) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से हर्षित राणा और रवींद्र जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# हॉकी में झारखंड ने मणिपुर को 7-0 से रौंदा



एजेंसी

देहरादून। 38वें राष्ट्रीय खेल के हॉकी इवेंट के तीसरे दिन गुरुवार को हरिद्वार में आयोजित कुल छह मुकाबले हुए। जिसमें महिला वर्ग में मध्य प्रदेश ने ओडिशा को 3-2 से हराया। सबसे एकतरफा मुकाबले में झारखंड ने मणिपुर को 7-0 से रौंदते हुए महिला पूल बी की अंक तालिका में शीर्ष स्थान बनाये रखा। झारखंड की ओर से कप्तान अलबेला रानी टोप्पो ने 5वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद, दीप्ति टोप्पो (14वें), होरो संजना (23वें), रोशनी ऐंद (22वें, 45वें) और प्रमोदिनी लकड़ा (28वें, 35वें) में गोल कर टीम को शानदार जीत दिलाई।

मध्य प्रदेश के लिए रितिका सिंह और कप्तान करिश्मा यादव ने गोल किये, जबकि ओडिशा की ओर से पूजा साहू और दीपी मोनिका टोप्पो ने गोल दागे। अगले मुकाबले में, पश्चिम बंगाल ने हरियाणा को 2-0 से मात दी। इस मैच में सुष्मिता पन्ना (37ह्व) और कप्तान अंजना डुंगडुंग (43ह्व) ने गोल किए, दोनों गोल तीसरे क्वार्टर में किये गये। पुरुष वर्ग में, मणिपुर को पंजाब के खिलाफ 0-2 की हार झेलनी पड़ी, जिससे वह पूल ए की अंक तालिका में सबसे नीचे पहुंच गया। पंजाब की ओर से रवनीत सिंह (19) और प्रदीप सिंह (36) ने गोल किए, जिससे पंजाब दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पूल ए के दूसरे मुकाबले में कर्नाटक ने ओडिशा को 2-1 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। कर्नाटक के कप्तान वितलाचार्य सुनील सौमरपीत ने 31वें मिनट में पहला गोल किया, जिसे ओडिशा के नितिन मुकेश तिग्गा ने 45वें मिनट में बराबर कर दिया। हालांकि, 55वें मिनट में चेतन मल्लप्पा करिसिरी के गोल से कर्नाटक ने जीत दर्ज की। वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम में पुरुष पूल बी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच मैच बिना गोल के ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

## स्पीड न्यूज

### पचकेड़िया में मना रोजगार दिवस



पाटन पलामू। प्रखंड के ग्राम पचकेडिया पंचायत भवन में रोजगार दिवस मना। जिसमें बीपीओ श्वेता कुमारी, संतोष कुमार, बृजेश्वर कुमार, रोजगार सेवक, मुखिया बसंती देवी एवं नगरी सहायता केंद्र के बिंदु देवी ज्यादा खातून शामिल थे। मौके पर प्रदीप कुमार, गणेश कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं ऑन ग्रामीण लोग हर योजनाओं पर चर्चा की गई और शॉल देकर सभी को सम्मानित किया गया।

### सरस्वती पूजा को लेकर चपरना में जागरण



सतबरवा। सरस्वती पूजा पर रेवारातु पंचायत के चपरना में भक्ति जागरण बुधवार की रात किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, प्रमुख पति युगलकिशोर राम, मुखिया पति संजय तुरी, उपमुखिया देवेन्द्र सिंह, कमेटी के सदस्य डबलु उरांव, पिंटु भुइयां ने किया। अजय उरांव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम होना चाहिए। दिनचर्या में गीत संगीत का बहुत महत्व है। विधायक प्रतिनिधि ने 2100 रुपये राशि दी। मौके पर बिजय सिंह, मो शबिर, मनोज सिंह, बिनय भुइयां, शोभी राम, लक्ष्मन उरांव, जसीनदर राम, सरवन राम, सुरेंद्र उरांव मौजूद थे।

### मंईयां सम्मान का आवेदन अंचल में सौंपा



विश्रामपुर (पलामू)। जिला प्रशासन द्वारा अनुशंसित समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने मंईयां सम्मान योजना के वंचित महिलाओं का संग्रहित आवेदन गुरुवार को अंचल कार्यालय को सौंपा। गोरखनाथ ने बिश्रामपुर नप क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर लगाकर मंईयां सम्मान योजना से वंचित महिलाओं का सैकड़ों आवेदन संग्रहित कर अंचल कार्यालय में जमा कराकर उन्हें स्वीकृति दिलाते हैं। उनके प्रयास से अब तक 556 महिलाओं को लाभ मिल भी चुका है।

### एसडीओ ने जानी अस्पतालों की हकीकत



छतरपुर। छतरपुर एसडीओ सह प्रशिक्षु आइएएस आशीष गंगवार ने बृहस्पतिवार को छतरपुर में संचालित कई निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया जिसमें बहुत अनियमितताएं मिलीं। उन्होंने मां ललिता एवं वर्मा सेवा सदन और खुशी अल्ट्रासाउंड को सील कर दिया। श्री गंगवार ने बताया कि छतरपुर के सरईडीह मोड़ में संचालित मां ललिता अस्पताल व वर्मा सेवा सदन मानकों पर खरा नहीं हैं।

### अगलगी पीड़ित से मिले मुखिया प्रतिनिधि



पाटन। प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना के नवादा में शाम को गोरख साव के घर में आग लग गयी थी। अगलगी की सूचना पाकर सगुना मुखिया मंजू देवी के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह घर के परिजनों से मिलने पहुंचे और घटनास्थल पहुंच अगलगी का जायजा लिया। जांच में पता चला कि आग उस समय लगी थी जिस समय सभी लोग सरस्वती पूजा के मूर्ति विसर्जन में थे। घर के आसपास पुआल रखा था, जिसमें लगी आग से घर को क्षति हुई है। श्री सिंह ने कहा कि मैं इस विषय पर क्षति पूर्ति के लिए बीडीओ और सीओ से बात करूंगा। दुख जताते हुए कहा कि परिजनों के साथ हमेशा खड़ा रहे। मौके पर दिलीप राम, संजय सिंह, अंजन कुमार, रंजय सिंह व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिक्षकों ने नियुक्ति के 10 वर्ष होने पर केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी



हुसैनाबाद पलामू। नवपदस्थापित शिक्षकों ने अपने सरकारी शिक्षक के रूप में दस वर्ष सफलता पूर्वक सेवा देने पर एक सादे समारोह में केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। इनकी नियुक्ति सत्र 2015-16 में हुई थी जिनका अब दस वर्ष सेवा की कार्यावधि हो गयी और सभी निर्विवाद रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पठन -पाठन को संचालित किये। अध्यक्षता शिक्षक महेंद्र बैठा ने की। सभी शिक्षकों ने अपने विचार रखे, जिसमें सेवा शर्त नियमावली के तहत इंक्रीमेंट एमएसीपी पर व्यापक चर्चा की। मौके पर अशोक सिंह, मनोज चौधरी, नलिनी सिंह, प्रमोद कुमार, प्रमोद पासवान, प्रेमप्रकाश शाही, मुकेश कुमार, हासिम अली, अरुण कुमार, सुनील कुमार, मधुसूदन राम आदि थे।

### मेला मिलन का वह संगम, जहां बहती है स्नेह स्वधर्म की धारा : अविनाश देव



पांकी पलामू। पांकी संघर्ष की धरती रही है है। इस इलाके में इतनी असमानता भेद थी जिसकी कोई सीमा नहीं थी। इसी धरती पर संघर्ष के पर्याय मधु सिंह अपने परिवार के शहादत और अपनी संघर्ष के बल पर पांकी इलाके की फिजा को बदला। पांकी में ज्ञान मेला लगा। क्षेत्र के पूजा पंडाल को हाई स्कूल के मैदान में समागम कराया गया। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष ने वरिष्ठ झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव का अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री देव ने दिवंगत मंत्री मधु सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर जिप सदस्य निधि सिंह एवं दिवंगत मधु सिंह की पत्नी मेला कमेटी के अध्यक्ष अरविंद सिंह, पांकी थानेदार व अन्य गणमान्य मौजूद थे। श्री देव ने मधु सिंह के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि मेला मिलन का वह संगम है जहां से स्नेह व सर्वधर्म की धारा बहती है। इस दौरान ज्ञान मेला में आये विद्यार्थियों व अन्य लोगों को जागरूक किया गया।

## नगर आयुक्त, डीडीसी ने लिया राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की तैयारियों का जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

■ दो दिवसीय मेला 11 एवं 12 को



मेदिनीनगर। पलामू के दुबियाखांड़ में 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होने वाले आदिवासी विकास महाकुंभ मेले की तैयारी जोरों पर चल रही है। जिला प्रशासन के साथ मेला आयोजन समिति मेले की तैयारियों में जुटा है। मेले की तैयारियों का जायजा लेने गुरूवार को नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने अधिकारियों के साथ मेला परिसर पहुंचे। अधिकारियों ने मेला आयोजन की तैयारी की गति को बढ़ाने का निर्देश दिया। मेला परिसर की भूमि का समतलीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। वहां स्टॉल बनाने एवं जर्मन टेण्ट एवं हैंगर लगाने का कार्य किया जा रहा है। मेले को वृहद रूप देने का कार्य हो रहा है। नगर आयुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने मेले में साफ-सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मेला परिसर से बिजली के पोल को हटवाते हुए दूसरे उचित स्थानों पर शिफ्ट किये जाने का निर्देश दिया।

## खेत से युवती का शव बरामद, एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

■ रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव का है मामला, लड़की अपनी मां के साथ रहती थी अकेली



विश्रामपुर पलामू। रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव के खेत में पड़ा एक युवती का शव देखा गया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा रेहला थाना को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दिया है। साथ हीं एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

युवती की पहचान केतात गांव निवासी नन्हकू राम की पुत्री श्वेता उर्फ रुबी के रूप में की गयी। बताया जाता है कि युवती के पिता व भाई कहीं बाहर काम करते हैं। वह अपनी मां कबूतरी देवी के साथ गांव में रहती थी। गुरुवार की सुबह घर के बगल में हीं लहसुन के खेत में पड़ा युवती का शव देखा गया। जिसके चेहरा व गले में निशान पड़े थे। बताया जाता है कि लगभग 5 वर्ष पूर्व युवती का प्रेम विवाह हुआ था। कुछ दिनों बाद हीं दोनों की आपसी सहमति से अलग हो गये थे।

## दो लोगों को लगाया गया 1300 रुपये का दंड



छतरपुर पलामू। एसडीओ के आदेश के बाद कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत छतरपुर के निर्देश के आलोक में सड़क पर बालू गिट्टी छरी इट बालू एवं अन्य सामान रख अतिक्रमण करनेवालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें दो लोगों से 1300 रुपये का फाइन लिया गया तथा चार लोगों को तुरंत हटाने को कहा गया। आम लोगों से अपील की गयी कि कोई भी दुकानदार या मकान मालिक अपने घर के सामने कोई भी निर्माण सामग्री सड़क पर नहीं रखें तथा गिट्टी बालू एवं अपनी दुकान के सामने सामान रख अतिक्रमण नहीं करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर अजय कुमार टैक्स दरोगा, टीम लीडर निवास पाण्डेय, कमलेश कुमार, शैलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## चैनपुर : ताली के रामचरितमानस यज्ञ में राम विवाह



चैनपुर पलामू। प्रखंड के ताली ग्राम में श्री रामचरितमानस नवाहन परायण पाठ महायज्ञ के 16 वें अधिवेशन के तीसरे दिन श्री राम विवाह खुब धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पाठ कर्ता पंडित दीपक पाण्डेय व बृजराज मिश्र के वेद मंत्रोच्चारण से शादी करायी गयी। राम विवाह में ग्रामीण खूब उत्साहित दिखे। बम पटाखों के साथ महिलाओं ने गीत संगीत प्रस्तुत कर राम विवाह संपन्न कराया। रात्रि में आलोक पाण्डेय, वाराणसी और अभिषेक पाण्डेय उत्तर प्रदेश से संगीतमय भजन कथा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित अध्यक्ष मार्कंडेय तिवारी, मनोज तिवारी, राघवेन्द्र कुमार तिवारी, नारायण तिवारी, उमेन्द्र तिवारी,अक्षय, विशाल, रंधीर, अंकित समेत कई लोग शामिल थे।

## मोहम्मदगंज +2 उवि में घटिया निर्माण, निरीक्षण की भनक लगते ही फरार हुआ संवेदक



मोहम्मदगंज (पलामू)। मोहम्मदगंज अपग्रेडेड प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा बनाये जा रहे प्रयोगशाला भवन के निर्माण में भारी अनियमितताएं सामने आयी हैं। कार्य में घटिया ईंट और कमजोर सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसे लेकर पंसस ममता देवी और मुखिया प्रतिनिधि रोशन कुमार ने अधिकारियों से शिकायत की थी। गुरुवार को बीडीओ रणवीर कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पहले ही संवेदक और मजदूर निर्माण स्थल से भाग खड़े हुए, जिससे गड़बड़ियों की आशंका और मजबूत हो गयी। अधिकारियों ने देखा कि कॉलम की सरिया बाहर निकली हुई है और ईंट भी मानकों के अनुरूप नहीं हैं। प्राचार्य राकेश सिंह ने बताया कि शिक्षकों ने कई बार घटिया निर्माण का विरोध किया था।

## जनहित के लिए व्यवस्था सुधार करना पहली प्राथमिकता : संजय सिंह यादव

गौतम पटेल

■ विधायक ने की स्वास्थ्य व्यवस्था में परिवर्तन को लेकर प्रबंधन की बैठक



हुसैनाबाद पलामू। अनुमंडल सभागार में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर अनुमंडल अस्पताल प्रबन्धक समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम गौरांग महतो ने किया। मौके पर माननीय विधायक संजय सिंह यादव भी उपस्थित हुए। उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक स्तर पर सुधार करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि यह अनुमंडलीय अस्पताल हैं लेकिन आये दिन मरीजों को रेफर व आवश्यक उपचार ना मिलने की शिकायत मिलता हैं। उन्होंने कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि जन हित मे हम से जो भी सहयोग चाहिए हम संसाधन उपलब्ध कराने को तैयार हैं। बस उसका रख रखाव व जनता को समूचित सुविधा उपलब्ध कराना आप लोगों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में टीएलएम मेला-2025 आयोजित

मेदिनीनगर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में टीएलएम मेला-2025 का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षण-सहायक सामग्री के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षकों ने अपने नवीन और रचनात्मक विचारों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कापरी एवं डायट प्रिंसिपल अमृता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## एक सप्ताह में डीलर खाद्यान्न बांटना सुनिश्चित करें: एमओ

खबर मन्त्र संवाददाता

■ बीडीओ ने प्रखंड में सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना का शुभारंभ किया



हरिहरगंज पलामू। झारखंड सरकार का बहुचर्चित सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना वर्ष 2024-25 के अंतिम तीमाही का प्रखंड में गुरुवार से वितरण प्रारंभ हो गई है। जनवितरण प्रणाली के दुकानदार बीनू जायसवाल के दुकान पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ,एमओ ब्रजेश कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से लाभुकों को धोती, साड़ी देकर वितरण योजना की शुरूआत किया। एमओ ब्रजेश कुमार ने कहा कि सभी पीडीएस दुकानदार दो दिनों के अंदर धोती, साड़ी, लुंगी का उठाव कर लें। साथ ही एक सप्ताह मेंजनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभुकों के बीच वितरण करना सुनिश्चित करें।

# लाभुक चयन कर मनरेगा का लाभ देना ग्रामसभा का मुख्य उद्देश्य: मनोज कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पंचायत सचिवालय में बैठक करते लोग।

सतबरवा। प्रखंड के पंचायत सचिवालय सतबरवा में मनरेगा सप्ताह के तहत गुरुवार को बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत सतबरवा की मुखिया रीना साहू ने की। उन्होंने कहा कि मनरेगा के कार्य को मिल जुल कर प्राथमिकता के आधार पर करने की जरूरत है। मनरेगा के श्रमिकों को अधिक से अधिक काम मिले इसके लिए जनप्रतिनिधियो को सामूहिक तौर से दायित्वों का निर्वहन करते हुए पंचायत को आगे ले जाना है।

बताया गया कि झारखंड राज्य सरकार ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक 16-904/ आईईसी/ 2020 ग्रामीण विकास विभाग (एन) 60 रांची दिनांक 16 जनवरी 2025 के आलोक में मनरेगा के विशेष ग्राम सभा सतबरवा के जमुवा टोला में आहूत किया गया था।

ग्राम सभा में पंचायत सचिव कांति कुमारी, रोजगार सेवक सरफराज आलम, नरेगा सहायता केंद्र के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनोज कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे। मनोज कुमार ने बताया कि ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य मनरेगा योजना के अंतर्गत लाभुक चयन कर मनरेगा योजनाओं का लाभ देना। ग्रामसभा में मौजूद 50 ग्रामीणों को बारी-बारी से सभी को योजनाओं का लाभ देने के लिए चयन किया गया। जिसमें टीसीबी, समतलीकरण, दीदी बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री बागवानी योजना, सिंचाईकूप निर्माण, मेढ़बंदी शामिल हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवक जितेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य रानी देवी विनोद मांझी, जितेंद्र पासवान, सोनी देवी, रीना देवी, निर्मला देवी मौजूद थीं।

# पत्नी को प्रताड़ित करनेवाले पति को रामगढ़ पुलिस ने भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़ पलामू। रामगढ़ पुलिस ने पत्नी प्रताड़ना के आरोपी 32 वर्षीय जामुन कोरवा पिता धनेसर कोरवा को बानालात से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके खिलाफ उसकी पत्नी दुर्गा देवी के भाई शिवशंकर कोरवा ने रामगढ़ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। रामगढ़ थाना कांड संख्या 04/25 पांच फरवरी धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त जामुन कोरवा को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने बताया कि जामुन कोरवा के प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी पत्नी दुर्गा देवी ने मंगलवार की सुबह ससुराल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामला दर्ज होने पर कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसकी शादी वर्ष 2015 में हुई थी एवं दो बच्चे हैं। दुर्गा देवी का मायका ढुलिया में है। जामुन कोरवा अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करते रहता था।


### यातायात प्रभारी समाल अहमद की सघन जांच में दर्जनों वाहन जब्त



मेदिनीनगर। यातायात प्रभारी समाल ने अहमद ने सदिक चौक, कोयल नदी पुल के पास, टेंपो स्टैंड के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी, जिसमें दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे। जिसमें से 18 बाइक जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिसे जिला व्यवहार न्यायालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया है। गुरूवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 05 दोपहिया वाहन गाड़ियों का चालान फाइन राशि 18017 रुपये आया है।

# मंदिरों के गांव से प्रसिद्ध मलूटी में कबड्डी खिलाड़ियों ने चलाया सफाई अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** मंदिरों का गांव मलूटी में आयोजित 18 वीं राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन के खिलाड़ियों के साथ स्थानीय लोगों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने साफ सफाई के लिए उठाया झाड़ू, गांव एवं मंदिर के आसपास सफाई कियां। मंदिरों का गांव मलूटी में 18वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में राज्य की 16 टीम भाग ले रही है। राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने मंदिरों के गांव एवं मंदिर के आसपास के क्षेत्रों की साफ सफाई का कार्य किया। लगभग 300 खिलाड़ियों ने पूरे गांव की साफ सफाई की। इस कार्य मे स्थानीय ग्रामीण एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी भाग लिया। साथ ही सभी ने स्थानीय लोगों से स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं। मलूटी में मार्केट कॉम्पलेक्स एवं ओपन जिम का भी उदघाटन किया गया है। पूरे वर्ष श्रद्धालु मलूटी के आकर्षक टेराकोटा की मंदिरों को देखने आते हैं। खेल के साथ साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के ही उद्देश्य से इस ऐतिहासिक गांव में 18 वीं राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी तूफान पोद्दार ने कहा कि यह आयोजन कई मायनों में अहम है। इस प्रतियोगिता के आयोजन से मंदिरों के गांव एवं यहां के ऐतिहासिक टेराकोटा मंदिरों के बारे में और भी अधिक लोगों को जानकारी होगी। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कई कार्य किये जा रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 300 खिलाड़ियों द्वारा आज पूरे गांव की साफ सफाई की गई। ताकि मलूटी आने वाले पर्यटक बेहतर संदेश लेकर वापस जाएं।

### बेरमो : तेजस्विनी महिला संघ का पांचवां वार्षिक महाधिवेशन संपन्न

# महिला समाज को नयी दिशा दे रही है संघ: बाटूल

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो।** तेजस्विनी महिला संघ के द्वारा पांचवा वार्षिक महाधिवेशन राजकीयकृत उच्च विधालय जैनामोड़ के प्रांगण मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटूल, बेरमो एसडीएम मुकेश मछुवा, बेरमो इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह, जरीडीह फार्मर प्रोडूसर कंपनी की अध्यक्ष मीना देवी, जरीडीह सीओ प्रणव ऋतुराजब, बेरमो विधायक के निजी सचिव बिनोद महतो, राजेश सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशोक मंडल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पंकज मराडी, अधिवक्ता दिप्ती कुमार, मडिया कर्मी ने सयुंक्त रुप से मिलकर दीप प्रज्वलित कर के किया। कार्यक्रम मे एसडीएम मुकेश मछुवा ने कहा कि तेजस्विनी महिला संघ महिलाओ का बहुत बडा संघ है और तेजस्विनी महिला संघ समाज मे अपनी एक बहुत बडी पहचान बनाई है। तेजस्विनी से जुड कर महिलाओं स्वलंबी हो रही है। महिलाओं ने कई त्याग कर यहां तक पहुंची है। पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटूल ने कहा कि महिला का विकास तभी होगा। जब महिला शिक्षित होगी। तेजस्विनी महिला संघ से जुड़ महिला समाज को जो नई दिशा देने का कार्य कर रही है। समाज मे खुद की अपनी पहचान बना रही है। अधिवक्ता दिप्ती कुमारी ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है महिलाओं तभी स्वलंबी बन पायेगी जब खुद के उपर निर्भर होगी। बीस सुत्री अध्यक्ष अशोक मंडल, अकबर अंसारी, राजेश सिंह, पंकज मराड़ी अम्बिका देवी ने कहा महिलाओं से जुड़े बहुत से कानून को विस्तार पूर्वक बताया साथ दीदी ने जो मंच दिया उसके लिए मै सदा आभारी रहूंगा। मडिया ने भी अपनी बातो को प्रमुखता से रखा। मंच का संचालन अनिता देवी ने किया। मौके पर मुखिया दिपिका कुमारी, शांति देवी, गिरेन्द्र मिश्रा, उर्मिला देवी, माना देवी, अंजू देवी, संतोष महतो, सोनिया बेसरा, गुलाब चन्द्र, नेहा पराशर, अभि दा, झूमा, शोभा कुमारी, संघ के लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### आठ फरवरी को तेनुघाट व्यवहार कोर्ट में आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत : एसडीजीएम

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में इस साल का पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रश्मि अग्रवाल ने न्यायिक पदाधिकारीयों, अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं से अनुरोध किया है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सहयोग करें ताकि मुवक्किलों को सुलहनिय वादों में अधिक से अधिक लाभ मिल सके। पैनल अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष बड़ी तादाद में अधिकार मित्र सुलहनिय वादों में दोनों पक्षों को राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद निष्पादन के लिए नोटिस बना रही है। जिसे शीघ्र ही पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराई जाएगी। अधिवक्ता और पैनल अधिवक्ता भी अपने गांव, मुहल्ले में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार कर रहे हैं। विधिक जागरूकता शिविर और बेंक ऋण वादों के निपटारे के बारे में जानकारी दी जा रही है। तेनुघाट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने कहा कि पंचायत स्तर पर भी न्यायमित्रों ने 8 मार्च को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि इस बार बड़ी संख्या में सुलहनीय वादों का निष्पादन कराया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### कलाकारों व खिलाड़ियों...

उन्होंने कहा कि रांची यूनिवर्सिटी की स्थापना के बाद 12600 एथलीट तैयार किये हैं। इसमें 9500 रेलवे, सेना, सीआरपीएफ समेत सरकारी नौकरियों में सेवा दे रहे हैं। वहीं विदेशों में 700 एथलीट सेवा दे रहे है। बताते चलें कि वीसी मंच संचालन की भूमिका में भी दिखे। डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने खेल व कला प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए गवर्नर के समक्ष प्रस्तुत किया। संचालन डॉ स्मृति सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ रजिस्ट्रार डॉ गुरुचरण साहू ने किया। इस कार्यक्रम का युट्युब लाइव प्रसारण किया गया।

### अंबानी समेत कई निवेशक ...

**कई निवेशक भी आने को तैयार :** बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में कई देशों व राज्यों के साथ-साथ झारखंड ने भी स्टॉल लगाया है। देर शाम सीएम झारखंड पैवेलियन गये। वहां भी उन्होंने कई निवेशकों और उद्यमियों से बातचीत की। सीएम श्री सोरेन का कोलकाता दौरा कई मायनों में बेहद सफल रहा। उनके प्रयास से झारखंड को 26 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव मिला। इससे राज्य में 15 हजार से ज्यादा रोजगार सृजित होगा। सीएम को झारखंड में निवेश का प्रस्ताव देने वाली कंपनियों में एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट लिमिटेड, गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड, एस एम स्टील एंड पावर लिमिटेड, वॉल्टेक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड, रामकृष्ण फोरगिन्स लिमिटेड, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रश्मि मेटलीक्स लिमिटेड, सुप्रीम मेटल एक्सपोर्ट लिमिटेड और एसकेवाई कॉर्प प्रमुख हैं। सीएम ने निवेशकों से कहा, झारखंड में निवेश करने आगे बढ़ें, हमारी सरकार आपको सहयोग करेगी।

**सौरभ गांगुली से हुई भेंट :** इस दौरान सीएम श्री सोरेन की टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली से भी मुलाकात हुई। वहीं, आइटीसी प्रमुख संजीव पुरी, अंबुजा नेवटिया समूह के चेयरमैन हर्षवर्द्धन नेवटिया तथा अन्य उद्योगपतियों के साथ भी सीएम की बातचीत हुई। समिट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। सीएम हेमंत ने शॉल ओढ़ाकर ममता बनर्जी को सम्मानित किया। साथ ही झारखंड के विभिन्न उत्पादों का एक उपहार भी ममता बनर्जी को सौंपा। दोनों में करीब आधा घंटा तक बातचीत हुई इस दौरान राजनीति से लेकर आर्थिक गतिविधियों को लेकर बात हुई। सीएम के साथ मुख्य सचिव अलका तिवारी व अन्य अधिकारी भी थे।

### हादसे में मौत पर ...

**ऐसे मिलेगी यह आर्थिक सहायता :** यह बीमा कवर भारतीय स्टेट बैंक की ओर से दिया जायेगा। एसबीआई के अधिकारियों ने हाल ही में राज्य के वित्त सचिव को इस योजना का प्रस्ताव दिया है। सरकार और बैंक के बीच कई दौरे की बातचीत हो चुकी है और अब वित्त विभाग इस पर अंतिम निर्णय ले रहा है।

### सेना से चुराये...

टीम ने मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को रांची एसएसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर सभी जानकारी साझा की।

**जमीन विवाद के कारण हत्या :** एसएसपी ने बताया कि यह हत्याकांड जमीन विवाद जुड़ा है। मनोरंजन ने 2016 में ही मारे गये बुधराम के भाई को दो लाख रुपये जमीन खरीदने के लिए दिये थे। इसी बीच बुधराम के भाई की एक्सीडेंट में मौत हो गयी। जब भी सेना का जवान अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए बुधराम के पास जाता तो वह आनाकानी करता था। इसके बाद जवान ने उसकी हत्या की प्लानिंग की। मनोज की हत्या वह नहीं करना चाहता था, लेकिन वह बुधराम को मारने के दौरान बीच बचाव में आ गया जिसकी वजह से उसकी भी हत्या करनी पड़ी।

### जैक को मिला...

बताते चलें कि जैक अध्यक्ष का पद 18 जनवरी से रिक्त था। परंतु नये अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही मैट्रिक और इंटर परीक्षा को लेकर जारी सस्पेंस भी समाप्त हो गया है।

**मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी :** जैक से मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य में तय समय पर मैट्रिक-इंटर की परीक्षा होगी। 11 फरवरी से 3 मार्च तक राज्य में मैट्रिक इंटर की परीक्षा होनी हैं, जिसमें 7 लाख 83 हजार 711 विद्यार्थी शामिल होंगे। जैक ने इन परीक्षार्थियों के लिए राज्य में 2100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### उनका मॉडल फैमिली ...

**जाति आधारित विभाजन का आरोप :** पीएम मोदी ने विपक्ष पर जाति आधारित विभाजन का माहौल बनाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, आज समाज में जाति आधारित विभाजन फैलाने की कोशिश की जा रही है। कई सालों से विभिन्न दलों के ओबीसी सांसद ओबीसी पैनल को संवैधानिक दर्जा दिये जाने की मांग कर रहे हैं, हालांकि, उनकी मांग को खारिज कर दिया गया, क्योंकि यह उनके (कांग्रेस) राजनीतिक हितों के अनुरूप नहीं था, लेकिन हमने इस पैनल को संवैधानिक दर्जा दिया।

**बिन मांगे कांग्रेस को सलाह :** पीएम ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को सलाह दी कि वे दूसरों को कमजोर करने की कोशिश करने के बजाय अपनी ताकत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा-बिना मांगे सलाह दे रहा हूं, कांग्रेस अपनी लकीर बड़ी करने की सोचे न कि दूसरों की लकीर छोटी करने की। अगर ऐसा करेंगे तो शायद जनता आपको भी यहां 10 मीटर चलके आने का मौका देगी। वह पार्टी अपना राजनीतिक आधार मजबूत करे। परिवारवाद के कारण कांग्रेस की नीतियां, कामकाज, भाषण सभी इसी को सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहे हैं। मैं देश के प्रति आभारी हूं कि उन्होंने हमें तीसरी बार सेवा करने के लिए चुना। भारत के लोगों ने हमारी प्रगति की नीति को परखा है और हमें अपने वादों को पूरा करते हुए देखा है। 'सबका साथ, सबका विकास' तो हम सबका दायित्व है।

**बाबा साहब को नापसंद करती है कांग्रेस :** प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर बीआर अंबेडकर के साथ बुरा व्यवहार करने का आरोप लगाया और कहा कि समाज सुधारक के प्रति पार्टी की नापसंदगी दस्तावेजों में मौजूद है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन्हें (आंबेडकर) को कितना नापसंद करती थी और बाबा साहब ने जो कुछ भी कहा, उससे कांग्रेस नाराज हो जाती थी। उन्होंने कांग्रेस पर बीआर आंबेडकर के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया और कहा कि समाज सुधारक के प्रति पार्टी की नापसंदगी दस्तावेजों में दर्ज है। मोदी ने कहा, कांग्रेस के मन में डॉ आंबेडकर के प्रति इतनी नफरत थी कि बाबा साहेब को भारत रत्न के लायक नहीं समझा।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : बस की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत



दुमका। जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरिपुर के पास एक टूरिस्ट बस ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना पर मुफस्सिल थाना प्रभारी सत्यम कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार जिला के रामगढ़ थाना के गरडीह निवासी निर्मल मुर्मू बाइक से महारो की तरफ जा रहे था। विपरित दिशा दुमका की ओर से जा रही टूरिस्ट बस के चपेट में आ गया। वहीं बस चालक बस छोड़ कर फरार होने में कामयाब रहा। कोलकाता से टूरिस्ट बस से पूजा के लिए देवघर आए थे। देवघर में पूजा अर्चना के बाद तारापीठ जा रहे थे। इसी बीच हरिपुर के पास यह हादसा हुआ। घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन बाधित हुआ। थाना कर्मी बबन कुमार और अन्य सहयोगियों की तत्परता आवागमन को सुचारू हुआ।

### मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष बनीं पूनम



बोकारो। प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की इकाई मिथिला महिला समिति के सिटी पार्क में आयोजित मिलन समारोह में सर्वसम्मति से पूनम मिश्रा को समिति के नये अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। निवर्तमान अध्यक्ष सीमा झा ने उन्हें कार्यभार सौंपा। विगत दो वर्षों तक मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष रहीं सीमा झा का कार्यकाल इस वर्ष 3 फरवरी को पूरा हो गया था। सभी सदस्याओं ने निवर्तमान अध्यक्ष सीमा झा के कार्यकाल की सराहना की। नयी अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि वे सभी के सहयोग से समिति की गतिविधियों को जारी रखेंगी। इस मौके पर डॉ मंजु झा किरण मिश्रा आभा झा मधुबाला झा प्रेरणा ओझा बिनीता बबीता झा वंदना झा नमिता झा जयंती पाठक कंचन झा रुबी झा लीला झा अपर्णा पद्मा आदि उपस्थित थीं।

### स्व बीपीएन सिन्हा की जयंती पर बच्चों में पाठ्य-सामग्री वितरित



बोकारो। जन कल्याण सामाजिक संस्था की ओर से नगर के सेक्टर12ए में निर्धन बच्चों के शिक्षार्थ संचालित बिरसा मुंडा नि:शुल्क विद्यालय प्रांगण में स्व बीपीएन सिन्हा की 97वीं जयंती के मौके पर स्व. सिन्हा के पुत्र बेटे भानु प्रताप सिंह पौत्र जयंत सिन्हा एवं अन्य परिजनों ने बच्चों के बीच कॉपी-कलम- पेंसिल आदि का वितरण किया तथा बाल भोज का आयोजन किया। मौके पर जोगेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने स्व सिन्हा के सामाजिक अवदानों पर प्रकाश डाला। कहा कि वे बहुत ही दानी और नेक विचार के व्यक्तित्व थे। उन्होंने विद्यालय में बहुत ही सहयोग दिया है। इस क्रम में विद्यालय के संस्थापक परशुराम राम को सम्मानित किया गया। मौके पर ममता सिंह गुड़िया देवी बबीता कुमारी विजय कुमार हरिशंकर प्रसाद सोनी चनेश्वर ठाकुर सियार दास रवि कुमार दास आदि मौजूद रहे।

# तीन दिन में धंसा करोड़ों का पुल, मंत्री ने लिया संज्ञान

### योगेंद्र महतो ने बंदोटांड़ गांव में पुल के निर्माण में धांधली उजागर होने पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकारी और ठेकेदार किस तरह लूट-खसोट मचाते हैं।

इसका एक नमूना जिले के कसमार प्रखंड में सामने आया है जहां लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से बन रहे पुल का पिलर ढलाई के तीन दिन बाद ही धंस गया है। क्षेत्र के विधायक और राज्य सरकार के मंत्री योगेंद्र महतो ने बंदोटांड़ गांव में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बन रहे पुल के निर्माण में धांधली उजागर होने के साथ ही मामले पर संज्ञान लेते हुए जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। हालांकि जानकार बताते हैं कि पुल की ढलाई के बाद इसका पुनर्निर्माण किया जा रहा है।

निर्माण कार्य में लगी ठेका कंपनी के कर्मचारी का कहना है कि पुल का पाया धंस गया था जिसे तोड़कर फिर से बनाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस पुल के बन जाने से कई गांवों के लोगों को लाभ होगा। इसमें कसमार प्रखंड के फुटलाही हसलता और आस पास के क्षेत्र के रहने वाले ग्रामीणों को इसका फायदा होगा जहां लोगों को पहले नदी होकर उस पार जाना पड़ता था।

बताया जाता है कि यह पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्वीकृत है।

# बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने सेक्टर 1 सी में सबस्टेशन का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने स्थानीय सेक्टर 01सी में नव स्थापित सबस्टेशन का उद्घाटन किया। मौके पर ईडी मानव संसाधन राजश्री बनर्जी सीजीएम टीए कुंदन कुमार जीएम-प्रभारी इलेक्ट्रिकल राजुल हरकरनी सहित नगर प्रशासन के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। टाउनशिप में बढ़ते इलेक्ट्रिकल लोड को बैलेंस करने तथा कम वोल्टेज की समस्या से निजात पाने के लिए टाउनशिप इलेक्ट्रिकल के द्वारा चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सेक्टरों में 35 नए सब-स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इससे पहले 10 ऐसे सबस्टेशन टाउनशिप इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा विभिन्न सेक्टरों में स्थापित किए गए थे। मौजूदा अभियान की शुरूआत सेक्टर 01सी में नवस्थापित सब-स्टेशन से हुई जिसके तहत नए ट्रांसफार्मर की स्थापना नए एलटी पैनल और सेक्टर के सभी ब्लॉकों को जोड़ने के लिए केबल बिछाने तथा बिजली वितरण प्रणाली को बढ़ाने और वोल्टेज से संबंधित मुद्दों के मूल कारणों को संशोधित करने के लिए बुनियादी ढांचे में भी नवीनीकरण किया गया है। सेक्टर 01सी में नया सबस्टेशन स्थापित करने के लिए टाउनशिप इलेक्ट्रिकल द्वारा आंतरिक संसाधनों का उपयोग किया है।

# चिन्मय में 12वीं के विद्यार्थियों के लिये विदाई सह-आशीर्वचन समारोह संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में 12वीं कक्षा के बच्चों लिए आयोजित विदाई सह-आशीर्वचन समारोह का शुभारंभ चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर स्वामिनी संयुक्तानंद ने कहा कि जिस प्रकार एक मां अपने गर्भ में संतान को सींचती है उसी प्रकार एक विद्यालय अपने विद्यार्थियों को सींचता है। प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि स्कूली जीवन सबसे महत्वपूर्ण दौर में से एक होता है। उसके बाद मेधावी छात्र-छात्राओं को विषयवार ऑल राउण्ड संगीत खेलकूद एवं छात्र-सदन में विशेष योगदान के लिए 268 छात्र-छात्राओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें अमित कुमार-मिस्टर चिन्मया अनुश्री मजूमदार- मिस चिन्मया सक्षम ठाकुर- नाइट एंगल पावनी- मिस एथलेट अभिनव सिंह- मिस्टर वर्सटाइल प्रतीक केसरी-मिस्टर डिसिप्लिन तथा लावण्या पी कुमार-मिस डिसिप्लिन शामिल थे।

# फुसरो : माता के जागरण में झूमते रहे लोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो के पटेल चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर ग्राउंड में सरस्वती पूजा के अवसर पर बुधवार की रात्रि में माता जागरण का आयोजन किया गया। माता जागरण कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी संतोष साव रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कुमार गुड्डू ने किया। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी संजय कुमार पांडेय एवं सिकंदर पांडेय ने विधिवत पूजन किया। इसके पश्चात मंदिर परिसर से माता का ज्योत जागरण कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी के लोगों सहित मुख्य यजमानो ने माता की ज्योत का गगनभेदी जयकारा लगाते हुए मां शेरावाली को समर्पित कर जागरण कार्यक्रम का आगाज किया। इसके पश्चात माता के सुंदर सुंदर भजनों का सिलसिला शुरू हुआ। यहां जागरण भजन मंडली के गायक सोनू राज ने गणेश वदना के साथ कार्यक्रम में भजनो का सिलसिला शुरू किया। इनके भजनो के बाद सरोज उर्फ छोटे लख्खा, गायिका नित्या सिंह, राजपूत व बेबी रेखा ने मां की वंदना करते हुए भक्ति संगीत से रात भर लोगों को सराबोर किया. इनका साथ पैड प्लेयर मिशोर कुमार, नाल वादक अजय मेहरा एवं कीबोर्ड राजेश कुमार ने दिया. गायक- गायिका कलाकारों ने मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे राम आएंगे...., भांगड भोला...., प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी... चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है... शेर पर सवार होके आजा शेरोवलिए.., बेटा बुलाए फौरन दौड़ी चली आये मा..जैसे भजनों की प्रस्तुति से जागरण के माहौल को भक्तिमय कर दिया। भक्त भक्ति में लीन होकर माता के भजनों पर नृत्य करने लगे। जागरण सुनने के लिए पहुंचे लोगों ने माता रानी के लिए चुनरी, नारियल, मिठाई व पूजन सामग्री भेट की। इस दौरान क्षेत्र के कई स्थानों से जागरण सुनने के लिए भारी संख्या में महिला व पुरुष पहुंचे और रात भर माता की भक्ति गीत सुनकर एवं झूमकर आनंद लिया। समाज सेवी संतोष साव व युवा व्यवसायी संघ फुसरो के सचिव बैजू मालाकार ने कहा कि ऐसे अयोजन से माहौल भक्तिमय होता है और लोगों को अपने धर्म के बारे में जानकारी मिलती है। मौके पर महाबीर क्लब के गोलू रजक, अमन सिंहा, मनीष सोनी, आदित्य रवानी, यीशु सिंहा, अभिषेक सिंहा, प्रकाश सोनी, विशाल यादव, अजय वर्मा, सूरज सिंह, शुभम वर्मा, विनीत चौहान, विक्की यादव, रोहित यादव, विष्णु सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# डीपीएस बोकारो को मिला राष्ट्रीय अग्रणी और भविष्योन्मुखी विद्यालय का सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उत्कृष्ट प्रशासन एवं अवसंरचनाओं के लिए बेंगलुरु में बिगिन-अप वेन्चर्स इंडिया के तत्वावधान में एडु अवाड्र्स 2024 के नेशनल एडिशन के तहत आयोजित इंडिया एलिट एजुकेशन एंड इंस्टीट्यूशनल एक्सीलेंस अवाड्र्स एंड कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रीय अग्रणी एवं भविष्योन्मुखी विद्यालय सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। देश के जाने-माने वैज्ञानिक डॉ राजा विजय कुमार पद्मश्री से सम्मानित मनोवैज्ञानिक डॉ सीआर चंद्रशेखर प्रसिद्ध वास्तुकार पद्मश्री प्रो गोपाल नायर शंकर एवं अन्य गणमान्यजनों की उपस्थिति में यह पुरस्कार विद्यालय को प्रदान किया गया। डीपीएस बोकारो संबंधित कैटेगरी में पूरे झारखंड से यह सम्मान पाने वाला एकमात्र विद्यालय है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को स्पेशल कैटेगरी में प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किया गया है। विद्यालय में आयोजित एक विशेष एसेंबली के क्रम में उप प्राचार्य अंजनी भूषण मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा ने प्राचार्य डॉ गंगवार को यह प्रतिष्ठित सम्मान सुपुर्द किया। प्राचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों शिक्षकों तथा विद्यालय परिवार से जुड़े सभी सदस्यों को इसका श्रेय दिया। ऐसे पुरस्कार हमें और भी कड़ी मेहनत के साथ आगे काम करने की प्रेरणा देते हैं। इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को समुचित समय-प्रबंधन के साथ अवसरों का लाभ लेकर अपनी प्रतिभाएं निखारने की प्रेरणा दी।

# ऊपरघाट में कोयला तस्करी का धंधा उफान पर, पुलिस बेखबर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट में कई दिनों से कोयला का अवैध धंधा उफान पर है। प्रखंड के सदर थाना नावाडीह और पेंक-नारायणपुर के विभिन्न इलाकों में छह डिपीओं का संचालन किया जा रहा है। नावाडीह के बारीडीह जंगल के अलावे पेंक-नारायणपुर के पलामू-दर्जी मुहल्ला, गिदरपटका के जंगलों में कोयला का अवैध डिपू बनाया गया है। यहां से हर दिन बारीडीह के जंगल से ट्रकों में कोयला लोड़कर बाहर दूसरे प्रदेशों के मंडियों में भेजा जाता है। जिसकी सूचना पेंक-नारायणपुर व नावाडीह पुलिस को है या नही यह कहना मुश्किल है। बताया जाता है कि ऊपरघाट के रसबेड़वा, ताराबेड़ा, सोतोपानी व खासमहल के जंगलों से कोयले की अवैध उत्खनन कर बारीडीह जंगल में जमा किया जाता है। फिर वहां से ट्रकों के माध्यम से बाहर भेजा जाता है। इसके अलावे सैकड़ों बाइक से डिपूओं में कोयला जमा किया जाता है।

स्पीड न्यूज

## यूक्रेन ने नेपाल के दो युवकों को छोड़ा

**काठमांडू।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन की सेना के कब्जे में रहे नेपाल के दो युवकों को नौ महीने बाद रिहा कर दिया गया। दोनों को प्रवासी नेपाली संघ यूक्रेन को सौंपा गया। प्रवासी नेपाली संघ यूक्रेन के अध्यक्ष डॉ. बद्री केसी ने टेलीफोन पर बताया कि पिछले नौ महीने से यूक्रेन के डिटेंशन सेंटर में रहे नेपाल के तेह्रथुम जिले के निवासी 29 वर्षीय फुर्वा शेरपा और इसी जिले के 39 वर्षीय सांबो शेरपा को यूक्रेन की सेना ने रिहा कर दिया है।

## मेक्सिको ने बॉर्डर पर तैनात किये 10 हजार गार्ड

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ को लेकर कई देशों को चेतावनी दी गई है। मेक्सिको ने धमकियों के बाद अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए अमेरिकी सीमा पर 10,000 नेशनल गार्ड की तैनाती की है। अमेरिका ने अपनी इस सीमा पर आपातकाल की घोषणा की है। अमेरिका ने कहा है कि बदले में वह कार्टेल हिंसा को बढ़ावा देने के लिए मेक्सिको में अमेरिकी बंदूकों की तस्करी को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करेगा।

## ट्रंप का गाजा में सेना भेजने का इरादा नहीं : नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खिलाफ लड़ाई इजरायल की प्रतिबद्धता है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसमें सहायता करने के लिए गाजा में सेना भेजने के बारे में कुछ नहीं कहा। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज से बुधवार को कहा कि मुझे नहीं लगता कि ट्रंप ने हमास को नष्ट करने के लिए अमेरिकी सेना भेजने की बात की है। यह हमारी प्रतिबद्धता है। यह हमारा काम है और हम इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## गया में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**गया।** बेलागंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने जदयू नेता महेश मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि चिड़िहारा बीघा गांव निवासी जदयू नेता महेश मिश्रा बुधवार रात भोज खाकर लौट रहे थे। इस दौरान महेश मिश्रा के घर के समीप पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

## आरबीआइ आज करेगा रेपो रेट का ऐलान

**नयी दिल्ली।** आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा 7 फरवरी को सुबह 10 बजे पहली बार मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के फैसले का ऐलान करेंगे। आरबीआई इस बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आरबीआई ने गुरुवार को बताया कि गवर्नर संजय मल्होत्रा 7 फरवरी को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के फैसले की घोषणा करेंगे। रिजर्व बैंक गवर्नर की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक फिलहाल जारी है।

## दूसरे दिन भी गिरा बाजार सेंसेक्स 213 अंक फिसला



**मुंबई।** आरबीआई की मौद्रिक नीति आने के पहले निवेशकों के सतर्कता बरतने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा निकासी के बीच गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 213.12 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 78,058.16 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.29 अंक गिरकर 77,843.99 पर आ गया था। निफ्टी 92.95 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 23,603.35 पर आ गया। भारती एयरटेल, टाइटन, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

# अमेरिका से अनधिकृत अप्रवासियों की वापसी नियमों के अनुसार

### नागरिकों को गैर कानूनी तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी सरकार : जयशंकर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों की वापसी निर्धारित प्रावधानों के अनुसार बताते हुए कहा कि सरकार नागिरकों को गैर कानूनी तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी।

जयशंकर ने अमेरिका से भारत भेजे जा रहे भारतीय नागरिकों के मुद्दे पर सदन में एक वक्तत्व देने के बाद उस पर विपक्षी दलों के सवालों को स्पष्टीकरण दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार केवल वैध आवागमन के पक्ष में हैं और अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास करती है। अमेरिका से जो भी वापसी हो रही हैं, उनकी जांच की गयी है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका से वापसी की प्रक्रिया में अंतराष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

विदेश मंत्री ने वर्ष 2009 से लेकर 2024 तक अनधिकृत तरीके से गये नागरिकों की वापसी के आंकडों का हवाला देते हुए कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है और इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित नियम और प्रक्रियायें अपनायी जाती हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों और अमेरिका से वापसी की प्रक्रिया लगातार रही है और प्रतिवर्ष होती है। सभी की वापसी निर्धारित मानक प्रक्रिया से होती है। इसके लिए नागरिक और सैन्य विमानों का प्रयोग होता है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा का ख्याल रखा जाएगा और कानूनी प्रक्रिया पालन होगा। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका से 104 लोगों की वापसी की जानकारी सरकार को थी। सभी लोगों को दूतावास से मदद उपलब्ध करायी जाती है और जांच होती है और उनकी भारतीय नागरिकता प्रमाणित की जाती है। सरकार सभी मामलों में सहानुभूति का रवैया अपनाती है और आगे बढ़ती है।

### मोदी ने अमेरिका में नहीं किया चुनाव प्रचार

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर बार-बार गलतबयानी करने का आरोप लगाया। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में किसी उम्मीदवार के लिए प्रचार नहीं किया था। जयशंकर ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान यह टिप्पणी उस समय की जब कांग्रेस सदस्य सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि पहली बार हमने देखा था कि प्रधानमंत्री ने किसी दूसरे देश में राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार किया था। अब वहां उनकी ही सरकार बन गयी है। हुसैन अमेरिका में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस भेजे जाने का मुद्दा उठाने का प्रयास कर रहे थे। इस पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि सदस्य (हुसैन) अपनी पार्टी के रूख के तहत गलतबयानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसी उम्मीदवार के लिए प्रचार नहीं किया और कांग्रेस पार्टी बार-बार ऐसा बयान देती रही है।

### भारतीय प्रवासियों के निर्वासन पर संसद के दोनों सदनों में हंगामा

**नयी दिल्ली।** अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर विपक्षी दलों ने गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में जोरदार नारेबाजी की जिसके कारण लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही आरंभ होने के करीब 10 मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही आरंभ होने पर विपक्षी सदस्यों ने इस विषय को उठाने का प्रयास किया, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह 12 बजे विपक्षी सदस्यों के कार्यस्थगन के नोटिस पर विचार करेंगे।

## मध्य प्रदेश के शिवपुरी में वायुसेना का प्लेन क्रैश दोनों पायलट सुरक्षित

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में गुरुवार को भारतीय वायुसेना का एक फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया है। आसमान में उड़ते हुए फाइटर प्लेन अचानक खेत में गिरा और उसमें आग लग गई। इस हादसे में पायलट सुरक्षित हैं। घटना के बाद घायल पायलट की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वो मोबाइल पर किसी से बात करते दिख रहे हैं। यह ट्विन सीटर मिराज-2000 था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने तुरंत एक टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बहरेटा सानी में 2.40 बजे वायुसेना का एक फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश होकर किसानों के खेत में जा गिरा और उसमें आग लग गई, जिससे प्लेन जलकर खाक हो गया है। धुआं दिखते ही गांव के लोग मौके की तरफ भागने लगे। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

# ढाका में बंगबंधु और शेख हसीना के पति का घर फूंका

### भारत से शेख हसीना के ऑनलाइन संबोधन के दौरान हुआ बवाल

एजेंसी



**बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के आवास पर उपद्रवियों ने की तोड़फोड़**

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बुधवार देररात तक अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और मुल्क के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के आवास (धानमंडी-32) पर जमकर तोड़फोड़ की गई। इतने भर से मन नहीं भरा तो भीड़ ने उनके आवास को फूंक दिया। साथ ही हसीना के पति के घर को भी आग के हवाले कर दिया गया। देश की अंतरिम सरकार इस दौरान तमाशबीन बनी रही। शेख हसीना पिछले साल अगस्त के महीने से भारत में रह रही हैं। द डेली स्टार समाचार पत्र की खबर के अनुसार, यह पूरा बवाल शेख हसीना के ऑनलाइन संबोधन के दौरान हुआ। हजारों प्रदर्शनकारी धानमंडी-32 पहुंच गए। आवास पर जमकर तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह आवास फासीवाद का तीर्थस्थल है। इसे ध्वस्त किया जाए। इस पूरे अभियान को बुलडोजर जुलूस नाम दिया गया है। शेख हसीना का रात नौ बजे संबोधन शुरू होना था। इससे पहले ही हजारों प्रदर्शनकारियों ने बंगबंधु के आवास पर धावा बोल दिया। आवास पर फावड़े और हथौड़े चलाए। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इस दौरान बंगबंधु मुजीब की एक भित्ति भी नष्ट हो गई। कुछ लोगों ने रात करीब साढ़े नौ बजे इमारत में आग लगा दी। आधी रात से कुछ पहले एक क्रेन और एक खुदाई करने वाली मशीन पहुंची। लगभग ढाई घंटे बाद घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई। तब तक आवास के कुछ हिस्से जमींदोज हो चुके थे। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, हसीना दिल्ली से बांग्लादेश विरोधी गतिविधियों का संचालन कर रही हैं। यह घटना इसी का जवाब है। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान नारे लगाए। नारों में दिल्ली शब्द का भी उल्लेख किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि अवामी लीग को बांग्लादेश में किसी भी चुनाव में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इस सारे बवाल के दौरान पुलिस तमाशबीन बनी रही। आधी रात तक कोई भी अग्निशमन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। रात करीब साढ़े नौ बजे सेना के कुछ जवान जरूर मौके पर पहुंचे पर बाद में वह चले गए। अंतरिम सरकार के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी, पुलिस महानिरीक्षक बहारुल आलम, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त एसएम सज्जात अली और अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरूल इस्लाम ने इस बवाल पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### अमेरिका में लड़कियों की खेलों में ट्रांसजेंडर्स नहीं होंगे शामिल

**वाॅशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही कहा था कि अमेरिकी में बस दो ही जेंडर (पुरुष, महिला) होंगे। ट्रंप ने इशारों-इशारों में बता दिया था कि अमेरिका में रहने वाले ट्रांसजेंडर और एलजीबीटी समुदाय की मुश्किलें बढ़ने वाली है। वहीं, अब ट्रंप ने ट्रांसजेंडर को एक बड़ा झटका दिया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को ट्रांसजेंडर एथलीटों को लड़कियों और महिलाओं के खेलों में भाग लेने से रोकने के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया, जब तक कि उन्हें जन्म के समय महिला का नाम नहीं दिया गया हो। डोनाल्ड ट्रंप का यह आदेश उन पर लागू होगा जो जन्म के समय पुरुष थे और बाद में लिंग परिवर्तन कराकर महिला बन गए। ट्रंप ने अपने अभियान के दौरान कहा था कि पुरुषों को महिलाओं के खेलों से दूर रखा जाना चाहिए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि यह फैसला आदेश शीर्षक कके वादे को बनाए रखेगा । यह फैसले महिला अधिकारों के लिए लिया गया है।

# दो और एग्जिट पोल में दिल्ली में भाजपा आगे

**विधानसभा चुनाव की मतगणना कल**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में गुरुवार को दो प्रमुख सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल आए हैं। इन दोनों सर्वे में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दिखाया गया है। दोनों सर्वे दिल्ली में सत्ता परिवर्तन की बात कर रहे हैं।

एक्सिस-माय इंडिया की ओर से आए सर्वे के अनुसार भारतीय जनता पार्टी को 48 प्रतिशत वोट शेयर मिल सकता है और पार्टी दिल्ली में 45 से 55 सीटें ले जा सकती है। आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर है। उसे 42 प्रतिशत वोट शेयर मिल सकता है, जिससे वह 15 से 25 सीटें ले जा सकती है। कांग्रेस के खाते में 7 प्रतिशत वोट शेयर जाता दिखाई दे रहा है और उसको शून्य से एक सीट मिल सकती है।

सर्वे के मुताबिक भाजपा को दिल्ली में आम आदमी पार्टी से 10 प्रतिशत ज्यादा पुरुष मतदाताओं के वोट मिल सकते हैं। महिला मतदाताओं में यह अंतर 2 प्रतिशत रह जाने की उम्मीद है। टुडे-चाणक्य के अनुसार भारतीय जनता पार्टी को 51 और आम आदमी पार्टी को 19 सीटें मिल सकती हैं। इसमें 6 सीटें ऊपर नीचे हो सकती हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे शुरू होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना के लिए उम्मीदवारों और उनके एजेंटों के दस्तावेजों की जांच पूरी हो गई है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने गुरुवार को बताया कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों ने सामान्य पर्यवेक्षकों, उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की उपस्थिति में चुनाव दस्तावेजों की जांच पूरी कर ली गई है। जांच प्रक्रिया के दौरान चुनाव से संबंधित सभी दस्तावेज सही क्रम में पाए गए। पर्यवेक्षकों, उम्मीदवारों और प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की।

# सेना के लिए खरीदे जायेंगे पिनाका रॉकेट और लंचर

**▸▸ रक्षा मंत्रालय ने इइएल और एमआइएल के साथ 10,147 करोड़ पर किया अनुबंध**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए गुरुवार को पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए 10,147 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। पिनाका के लिए इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड (ईईएल) और म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अलावा शक्ति सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ सौदा किया गया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 29 जनवरी को इस सौदे के लिए मंजूरी दी थी। डीआरडीओ ने पिनाका रॉकेट और लॉन्चरों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेना ने चार पिनाका रेजिमेंट को शामिल किया है, जिनमें से कुछ लॉन्चर चीन के साथ उत्तरी सीमाओं के साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी तैनात किए गए हैं। सरकार ने देश की उत्तरी और पूर्वी सीमाओं पर छह पिनाका रॉकेट रेजिमेंट बनाने का फैसला किया है।



### मोदी जैकेट की दीवानी हुयीं प्रियदर्शनी

**शिवपुरी । केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के बदरवास में ग्रामीण आजीविका समूह के द्वारा बनाई जाने वाली मोदी जैकेट के निर्माण केंद्र पर पहुंची । उन्होंने मोदी जैकेट खरीदी और उसे पहन कर देखा। प्रियदर्शनी ने कार्यरत महिलाओं का उत्साह बढ़ाया।**

# मोदी के परीक्षा पे चर्चा में शामिल होंगे दीपिका पादुकोण, मैरी कॉम व सद्गुरु

### 10 फरवरी को छात्रों से विशेषज्ञ करेंगे बात

एजेंसी



नयी दिल्ली ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण एक अलग प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जैसी प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 10 फरवरी को प्रसारित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में कुल आठ कड़ियां होंगी, जिनमें विशेषज्ञ छात्रों से बात करेंगे और उन्हें एग्जाम वरियर (परिक्षा को लेकर तनाव में घिरे रहने वाले) से एग्जाम वॉरियर(तनावमुक्त होकर परीक्षा देने वाले) बनने के उपाय सुझाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, कार्यक्रम में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखरा, सेलिब्रिटी पोषण विशेषज्ञ रुजुता दिवेकर, सोनाली सभरवाल, हेल्थ इंफ्लूएंसर फूड फार्मर, अभिनेता विक्रांत मैसी, अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और यूट्यूबर टेक्निकल गुरु जी तथा राधिका गुप्ता भी शामिल होंगे। परीक्षा पे चर्चा एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी बोर्ड परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के साथ बातचीत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान, वह छात्रों के परीक्षा के तनाव और अन्य मुद्दों से संबंधित सवालों के जवाब भी देते हैं। छात्रों के साथ प्रधानमंत्री के इस संवाद कार्यक्रम का पहला संस्करण फरवरी 2018 में तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया गया था।

# कढ़ी-पकौड़ी भोज के साथ अखाड़ों का महाकुंभ से प्रस्थान शुरू

**26 को अमृत स्नान**

**▸▸ पंच निर्वाणी अखाड़े के करीब 150 संत गये**

एजेंसी



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में अखाड़ों ने कढ़ी-पकौड़ी भोज के साथ अपनी-अपनी ध्वजाओं की डोर ढीली करनी शुरू कर दी है। हालांकि, महाकुंभ का मेला 26 फरवरी के स्नान के साथ संपन्न होगा लेकिन महाकुंभ की शान 13 अखाड़ों के लिए पूरी तरह प्रस्थान करने का समय अब आ गया है। महाकुंभ मेले के मुख्य आकर्षण अखाड़ों का बसंत पंचमी को अंतिम अमृत स्नान के बाद कढ़ी-पकौड़ी के भोज के साथ महाकुंभ मेले से प्रस्थान प्रारंभ हो गया है। इनमें सन्यासी (शिव के उपासक), बैरागी (राम और कृष्ण के उपासक) और उदासीन (पंच देव के उपासक) संप्रदाय के सभी 13 अखाड़े शामिल हैं। जहां बैरागी संप्रदाय के पंच निर्वाणी अखाड़े के करीब 150 साधु-संत बसंत पंचमी के अगले ही दिन कढ़ी पकौड़ी भोज करके यहां से प्रस्थान कर चुके हैं, वहीं नागा सन्यासियों का जूना अखाड़ा सात फरवरी को कढ़ी पकौड़ी भोज करके यहां से प्रस्थान करना शुरू करेगा।

जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि हमारे अखाड़े में सात फरवरी को कढ़ी पकौड़ी का भोज है जिसके बाद साधु-संत धर्म ध्वजा की तनी (रस्सी या डोर) को ढीला कर देंगे और यहां से प्रस्थान करना प्रारंभ कर देंगे। उन्होंने बताया कि यहां से साधु संत काशी के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वे महाशिवरात्रि तक प्रवास करेंगे और शोभा यात्रा निकालकर काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मसाने की होली खेलेंगे एवं गंगा में स्नान करेंगे। इसके बाद वे अपने अपने मठों और आश्रमों के लिए रवाना होंगे। श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि काशी में जूना के साथ ही आवाहन और पंचअग्नि अखाड़े के साधु संत भी शोभा यात्रा निकालते हैं और मसाने की होली खेलकर और गंगा स्नान करके अपने अपने गंतव्यों के लिए रवाना होते हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह, बैरागी अखाड़ों में कुछ साधु-संत अयोध्या चले जाते हैं और कुछ वृंदावन चले जाते हैं जहां वे भगवान राम जी के साथ होली खेलते हैं। वहीं उदासीन और निर्मल अखाड़े के साधु संत पंजाब (आनंदपुर साहिब) चले जाते हैं।

### गया, दरभंगा, छपरा समेत आधा दर्जन शहरों में लगेंगे कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल

**पटना।** राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर और भागलपुर की तर्ज पर राज्य के आधा दर्जन अन्य प्रमुख शहरों में भी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। इनमें दरभंगा, सहरसा, पूर्णिया, गया, मुंगेर और छपरा नगर निगम शामिल हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रस्ताव को राज्य कैबिनेट की भी मंजूरी मिल गई है। इस योजना पर करीब 487.05 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी बेल्ट्रोन को दी गई है। वहीं, परामर्श के लिए आईआईटी रुड़की को लगाया गया है। विभागीय मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि शहरों में लगातार ट्रैफिक का दवाब बढ़ता जा रहा है, जिसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करना बेहद जरूरी है। सीसीटीवी और ट्रैफिक सिग्नल के सहारे यातायात का प्रवाह कुशलता से होगा। इन शहरों में आम नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण तैयार करने के लिए हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

